ಶುಭ್ ಲಾಭ್
खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

प्रधानमंत्री मोदी आज राज्य पहुंचेंगे, येलो मेट्रो और वंदे भारत ट्रेनों को हरी.. @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 10 अगस्त, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-7 । अंक-220

भारत का रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ पर पहुंचा

रक्षा उत्पादन में भारत 'ऑल टाइम हाई'

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खुद यह आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादन में पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि रक्षा उत्पादन में 2019-20 की तुलना में 90 फीसदी की वृद्धि आश्चर्यजनक और उत्साहजनक है। 2019-20 में यह आंकड़ा 79,071 करोड़ रुपए था। भारत में जिन महत्वपूर्ण लड़ाकू विमानों, हथियारों और रक्षा उपकरणों का आयात हो रहा है, उनमें रूस का

अमेरिका से रक्षा आयात में कमी रूस से रक्षा आयात में वृद्धि

स्थान सबसे ऊपर है। अमेरिका के टैरिफ-दबाव के कारण भारत ने अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने का निर्णय टाल दिया और रूस से एसयू-57 लड़ाकू विमान खरीदने का निर्णय लिया। रूस ने इस विमान की तकनीकी जानकारियां भी भारत से साझा करने की सहमति दे दी है, जिससे भारत में ही भविष्य में विमान का निर्माण, उसकी मरम्मत और रखरखाव हो सकेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की बौखलाहट यह बड़ी वजह है। एसयू-5 रूसी लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी ऐसे समय दी गई, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी

वर्ष भारत का दौरा करने वाले हैं।

वैसे, भारत खुद भी स्वदेशी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के रूप में पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

अमेरिकी राष्ट्रपति को लगी है मिर्ची, पर छोड़ नहीं रहे बाल-हठ

बना रहा है, लेकिन इसके बनने और भारतीय वायुसेना में शामिल होने में कम से कम 8 से 10 साल लगेंगे। रूस ने पांचवीं जे-नरेशन के एसयू-57 लड़ाकू विमान का ऑफर भारत को पहले से दे रखा है। रूस भारत को एसयू-57 लड़ाकू विमान की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने के साथ साथ सोर्स-कोड भी सौंपने के लिए तैयार है। रूस ने भारत को यह ऑफर भी दिया है कि एसयू-57 खरीदने पर वो भारत के एएमसीए कार्यक्रम में तकनीकी मदद भी करेगा। एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट को दुनिया के सबसे एडवांस फाइटर जेट्स में गिना जाता है। एसयू-57 दो-इंजन वाला मल्टी-रोल स्टील्थ जेट है, जो सुपरसोनिक स्पीड, एडवांस्ड एवियोनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर क्षमताओं से लैस है।

रक्षा उत्पादन में हासिल हुई उपलब्धि पर राजनाथ सिंह ने कहा कि इस उपलब्धि में रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक इकाइयां, निजी उद्योग समेत और सभी हितध-ारक शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने सामूहिक प्रयासों की सराहना की और इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

▶10 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की लंबी वार्ता

रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रहेगा

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और अपने उस निर्णय पर दृढ़ता जताई कि भारत रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रखेगा। राष्ट्रपति पुतिन से पीएम मोदी की यह बातचीत भारत की स्वतंत्र और दबाव-मुक्त नीति पर मुहर की तरह है। दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के रास्तों पर भी विस्तार से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने बीते दिन ही ब्राजील के राष्ट्रपति ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से लंबी वार्ता की थी। कूटनीतिक जगत में इन वार्ताओं को काफी महत्व दिया जा रहा है। रूस से तेल न खरीदने के अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से इन्कार करने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर आजमाए जा रहे टैरिफ-आतंक ने ट्रंप के समक्ष और विपरीत स्थितियां पैदा कर दी हैं। भारत ने अमेरिकी दबाव को ठेंगे पर रख कर रूस से अपना सामरिक और व्यापारिक रिश्ता और प्रगाढ़ करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार 8 अगस्त को फोन पर बातचीत की। डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ-हठ अब कई अन्य देशों को और पास लाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर भारत को धमकाने की कोशिश की कि वो रूस से तेल न खरीदे लेकिन भारत ने दिखा दिया है कि वह किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

भारत ने अपनी स्वतंत्र नीति पर लगाई ठोस मुहर

भारत पर बेअसर साबित हो रही ट्रंप की धमकियां

दोनों नेताओं की बातचीत पर विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर कहा कि अन्य जरूरी मसलों पर वार्ता के साथ-साथ राष्ट्रपति पुतिन और ▶10 पर

विकास कार्यों में बाधा डाल रहा भारत विरोधी गिरोह

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के खिलाफ फैला रहे अफवाह

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश के अंदर भारत विरोधी शक्तियां सक्रिय हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे विकास के काम में बाधा पहुंचा रही हैं। गडकरी ने एथेनॉल मिक्स्ड पेट्रोल को लेकर अफवाहें फैलाए जाने की गतिविधियों के लिए एंटी-इंडिया गिरोह को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का बेहतर परिणाम सामने आ रहा है और इससे एक भी गाड़ी खराब नहीं हुई है। एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ी खराब होने की बातें राष्ट्र-विरोधी अफवाहें हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रीमियम पेट्रोल सबसे शुद्ध होता है। जब शुद्ध पेट्रोल में एथेनॉल डालते हैं तो ये एथेनॉल पेट्रोल कहलाता है। इसके इस्तेमाल से पेट्रोल की बचत के साथ-साथ ग्राहकों और किसानों का भी फायदा है। देश में पेट्रोल की खपत को देखते हुए यह ऊर्जा बचाने का सबसे सरल तरीका है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, देश में फ्यूल के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। एथेनॉल के इस्तेमाल से इसमें कमी आ रही है। इससे सरकार को करीब 1 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई है। एथेनॉल बनाने के लिए मक्के का इस्तेमाल हो रहा है, इसका फायदा किसानों को मिल रहा है। किसानों को करीब 1.14 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई है। नितिन गडकरी ने कहा, रूस से कच्चे तेल आयात से खफा अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ भारत पर लगा दिया है। ऐसे में ऊर्जा उत्पादक देश बनना भारत की प्राथमिकता है। हमें ऊर्जा आयात करने वाला नहीं, बल्कि ऊर्जा निर्यात करने वाला देश बनना चाहिए। इससे पेट्रोल-डीजल से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि पेट्रोल में अभी 20 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता है। लेकिन इसे 27 फीसदी करने को लेकर सरकार की योजना चल रही है, ▶10 पर

ऊर्जा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनेगा भारत : गडकरी

एथेनॉल से किसानों की कमाई हुई 1.14 लाख करोड़

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का धमाकेदार बयान

भारत ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू और एक टोही विमान मारा

बेंगलुरु, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुरीदके-लश्कर मुख्यालय पर हमले के पहले और बाद की तस्वीरें दिखाईं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दरम्यान हमने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों को मार गिराया। साथ ही एक बड़ा टोही विमान भी लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया गया। यह वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा सतह से हवा में मार करने वाला हमला था।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बेंगलुरु में कहा, भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस-400 ने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू और एक बड़ा विमान मार गिराया। हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने शानदार काम किया है। इसमें एस-400 एक गेम-चेंजर साबित हुआ। उस प्रणाली की रेंज ने वास्तव में पाकिस्तान के विमानों को दूर रखा। पाकिस्तान के विमान हमारी वायुरक्षा प्रणाली को भेदने में सक्षम नहीं थे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मुरीदके और बहावलपुर के लश्कर मुख्यालय पर हमले के पहले और बाद की तस्वीरें दिखाते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि यह पाकिस्तान के वरिष्ठ नेतृत्व का आवासीय क्षेत्र है। ▶10 पर

भारतीय रेल का नया रिकॉर्ड : सबसे लंबी मालगाड़ी लॉन्च

पटरी पर दौड़ा साढ़े चार किमी लंबा रुद्रास्त्र

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

भारतीय रेलवे ने अपनी अब तक की सबसे लंबी मालगाड़ी ट्रेन रुद्रास्त्र लॉन्च कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह ट्रेन करीब 4.5 किलोमीटर लंबी है। इसमें 7 इंजन हैं। इसे 6 खाली बॉक्सन रेक को जोड़कर तैयार किया गया है। इसमें 354 वैगन हैं। भारतीय रेलवे की रुद्रास्त्र एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी है। दुनिया की सबसे लंबी मालगाड़ी अभी ऑस्ट्रेलिया की बीएचपी कंपनी के पास है। इसकी लंबाई 7.3 किलोमीटर है और उसमें 682 वैगन हैं।

रुद्रास्त्र का संचालन पूर्व मध्य रेल के दीनदयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) के गंजख्वाजा स्टेशन से झारखंड के गढ़वा रोड स्टेशन तक किया गया। रुद्रास्त्र ने उत्तर प्रदेश के गंजख्वाजा स्टेशन से झारखंड के गढ़वा रोड स्टेशन तक का 200 किलोमीटर का सफर लगभग 5 घंटे में पूरा किया। इस दौरान इसकी औसत रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटा रही। ट्रेन का कुछ हिस्सा डेडिकेटेड फ्रेट खॉरिडोर पर चला और बाकी सफर सामान्य पटरियों पर हुआ। यह मालगाड़ी मुगलसराय के पास स्थित गंज ख्वाजा स्टेशन से खुलने ▶10 पर

तीन सम्पत्तियों का जिक्र प्रियंका के हलफनामे में नहीं

रॉबर्ट वाड्रा को घूस में मिली थी 3.5 एकड़ जमीन

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

कांग्रेस महासचिव और वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को गुरुग्राम में 3.5 एकड़ जमीन रिश्वत में मिली थी। बाद में यह जमीन रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए में रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ को बेच दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में यह खुलासा किया है।

यह जमीन गुरुग्राम के सेक्टर 83 में है। वाड्रा ने जमीन के बदले 7.5 करोड़ रुपए भुगतान का दावा किया था। लेकिन यह चेक कभी क्लियर ही नहीं हुआ। चार्जशीट में कहा गया है कि सोनिया गांधी के दामाद होने का फायदा वाड्रा को मिला। इसके कारण हरियाणा के तत्कालीन कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा उनके प्रभाव में थे। ईडी ने 17 जुलाई 2025 को यह चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कहा गया है कि ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड (ओपीपीएल) ने जमीन स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) को रिश्वत के तौर पर दी थी ताकि एसएलएचपीएल के निदेशक रॉबर्ट वाड्रा अपनी व्यक्तिगत पहुंच का इस्तेमाल कर हरियाणा के तत्कालीन नगर एवं ग्राम नियोजन ▶10 पर

सुनियोजित तरीके से लोकतांत्रिक संस्थाओं पर उंगली उठा रहे राहुल गांधी

इस षडयंत्र का स्वत: संज्ञान ले सुप्रीम कोर्ट

कांग्रेस पार्टी के सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सत्ता में आने पर चुनाव आयोग को देख लेने की खुलेआम धमकियां दे रहे हैं। कभी वे बिहार में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर अनापशनाप आरोप लगा रहे हैं तो कभी वे कर्नाटक और महाराष्ट्र के चुनाव में वोट चोरी करने के लिए चुनाव आयोग को दोषी ठहरा रहे हैं। चुनाव आयोग बार-बार कह रहा है कि शपथ पत्र (हलफनामा) के साथ राहुल गांधी प्रमाण के साथ चुनाव आयोग आएं तो उनकी बात की सार्थकता साबित हो। चुनाव आयोग ने यहां तक कहा कि राहुल गांधी शपथ पत्र दें या देश से माफी मांगें। लेकिन राहुल गांधी न शपथ पत्र दे रहे हैं और न माफी मांग रहे हैं। राहुल गांधी

शुभ-लाभ विमर्श

की इन असंवैधानिक हरकतों से देश में अराजकता का सृजन हो रहा है, जिसका स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट को लेना चाहिए। राहुल गांधी बड़े ही सुनियोजित तरीके से देश के सारे संवैधानिक प्रतिष्ठानों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि देश में अस्थिरता पैदा हो। भारत को दूसरा बांग्लादेश बनाने की साजिशें लगातार चल रही हैं, राहुल गांधी इस अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हैं, यह बात उजागर हो चुकी है।

झूठ बोलने पर राहुल गांधी को फटकार लग चुकी है। वह सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। अनर्गल प्रलाप के लिए अदालत उन्हें दोषी मानकर सजा सुना चुकी है। पर इन सब का राहुल गांधी पर कोई असर नहीं। 7 अगस्त 2025 को राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए चुनाव आयोग पर जो हमला



भारत को अस्थिर करने के लिए सर्वोच्च संस्थाओं पर निशाना

दूसरा बांग्लादेश बनाने में लगे हैं भीतरी और बाहरी षडयंत्रकारी

किया है, यह उसी सिलसिलेवार मनोवैज्ञानिक असंतुलन से भरे व्यवहार का अध्याय था। कभी चुनाव आयोग, कभी भारतीय सेना, कभी ईवीएम, कभी कोर्ट, कभी संसद, कभी भारतीय विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका... अब शायद ही कोई ऐसा प्रतिष्ठान बचा हो, जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने दुष्प्रचार न किया हो।

2014 में भाजपा के उदय के बाद से राहुल गांधी ने जिन संस्थाओं को निशाना बनाया उसमें संसद भी है। राहुल गांधी उन सभी संस्थाओं को निशाना बनाते चले आ रहे हैं जिनके कारण भारत का लोकतंत्र मजबूत है। जिस संसद को लोकतंत्र का मंदिर माना जाता है उसे भी राहुल गांधी ने बदनाम किया। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी राहुल गांधी के आरोपों से अछूता नहीं रहा है। राफेल डील पर कोर्ट के एक फैसले को उन्होंने अपने मन से ही सरकार का भ्रष्टाचार मानते हुए चौकीदार चोर है का नारा दे दिया।

▶10 पर

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ DAILY

रक्षा बंधन का उद्देश्य अपनों की रक्षा करना: संतश्री ज्ञानमुनिजी

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। शहर के यलहंका स्थित सुमतिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री ज्ञानमुनिजी ने अपने प्रवचन में फरमाया कि भारत त्योहारों का देश है। हमारे देश में ऐसा कोई महीना नहीं होता है जिसमें कोई त्योहार न हो। चार त्योहार विशेष रूप से मनाए जाते हैं। जिसमें सबसे पहला रक्षा बंधन होता है। इसका उद्देश्य अपनों की रक्षा करना है। बहन जब भाई की कलाई में रक्षा बांध देती है तो उसका मतलब होता है कि भाई अपनी बहन की हर वक्त रक्षा करेगा। रक्षा बंधते ही यह संकल्प आ जाता है। रक्षा बंधन सभी

जीवों के लिए संदेश लेकर आता है। यह त्योहार सभी को रक्षा के महत्व को समझाता हैं। जैसे साधना करने वाले साधु संत संघ की रक्षा करते है। जैसे गुरुदेव लोगों को सही मार्ग पर चलने को प्रेरणा देकर उनकी रक्षा करते हैं। वैसे ही सभी को एक दूसरे की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। जैसे लोग अपनी लक्ष्मी की रक्षा करने के लिए तरह तरह के उपाय करते हैं, ताकि उसको कोई ले न सके। वैसे ही राखी बंधने के बाद बहन की उसी तरह से रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस त्योहार के पीछे धागे के महत्व के साथ भाई का महत्व भी बतलाया गया है। यह पर्व बहुत ही सुख कारी है।

धागा को सिर्फ धागा नहीं समझना चाहिए। इस धागे में बहुत शक्ति होती है। गुरुदेव ने फरमाया कि बहन के लिए भाई बहुत अनमोल होते हैं। धागा भले ही सादा हो लेकिन उसके भाव को समझना चाहिए।

ऐसा नहीं है की सिर्फ भाई ही बहन की रक्षा करता है। अगर भाई गरीब हो तो बहन भी उसको सहयोग देकर रक्षा करती है। दुनिया में सब कुछ मिल सकता है, लेकिन भाई मिलना बहुत मुश्किल है।

भाई का प्रेम बहुत अलग होता है। भाई अपने बहनों के आंखों का तारा होता है।

बहनों को भाई से बढ़कर और कुछ प्यारा नहीं है। भाई बहन के शब्द में ही मिठास है। ऐसे अनमोल रिश्ते को किसी कारण से टूटने नहीं देना चाहिए। महामंत्री मनोहर लाल लुकड़ ने संचालन करते हुए बताया कि रविवार को पूज्य गुरुदेव मरुधर केसरी श्री मिश्रीमल जी की 135वीं जन्म जयंती और गुरुदेव श्री रूपचंद रजत की 97वीं जन्म जयंती और 7वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

रक्षा हमारा स्वभाव होना चाहिए

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में रक्षा बंधन पर्व पर उद्बोधन करते हुए साध्वी श्री इंदुप्रभा ने कहा कि रक्षा हमारा स्वभाव होना चाहिए। जीव हो या अपने आश्रित, अथवा असहाय, उनकी रक्षा करना अपना प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। हमारी संस्कृति हमें रक्षा और क्षमा का पाठ पढ़ाती है। आत्मा और आत्म गुणों की रक्षा ही साधना है। हम स्वयं को राग द्वेष के बंधन से मुक्त करें और बदले की भावना नही रखें। इस अवसर पर साध्वी श्री वृद्धिप्रभा जी ने कहा कि आज वातावरण में वासना का जहर फैल रहा है। ऐसे में बच्चों को सुरक्षित और संस्कारित रखना जरूरी है। इसके लिए हम अपने बच्चों को गुरु से जोड़े। गुरु का आभामंडल बहुत सकारात्मक होता है। आपसी संबंधों में पवित्रता जरूरी है। संस्कृति का तानाबाना क्षत विक्षत हो रहा है। ये अच्छे संकेत नही है। वासना फैल रही है। रक्षा बंधन पर हम अपनी विरासत, संघ समाज की रक्षा का संकल्प लें। प्रवचन सभा में वीर माता विमला बाई एवं वीर भ्राता विजय राज, भाभी शकुंतला उप-स्थित थे। संघ ने उनका सम्मान किया। पंजाब निवासी रोहतास, सुशील जैन भी उपस्थित थे। मासखमन तपस्विनी अमिता नाहटा के तप संपूर्ति प्रसंग पर संघ मंत्री अभय कुमार बांठिया ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने रजत शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। साध्वी श्री शशिप्रभा जी ने मंगल पाठ सुनाया।

सम्यक दर्शन कार्यशाला में तेयुप विजयनगर को मिला तृतीय स्थान

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्रमण संस्कृति संस्काय एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित सम्यक दर्शन कार्यशाला में देश भर में तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अर्हम भवन विजयनगर में साध्वी श्री संयमलता जी के सानिध्य में वर्ष 2024 में आयोजित परीक्षा में श्रमण संस्कृति संस्काय से प्राप्त मोमेंटो को अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत, टीपीएफ राष्ट्रीय

अध्यक्ष हिम्मत मांडोत, महासभा से प्रकाश लोढ़ा, अभातेयुप प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोखरणा की उपस्थिति में तेयुप विजयनगर अध्यक्ष विकास बाँठिया एवं मंत्री योगेश पोरवाड़ को समर्पित किया गया। इस कार्यशाला की सफलता हेतु पूर्ण श्रम नियोजित करने वाले कार्यशाला राष्ट्रीय टीम सदस्य एवं विजयनगर संयोजक पवन बैद के साथ बरखा पुगलिया एवं मनीष श्यामसूखा का आभार जताया गया।

साधर्मिक की रक्षा ही धर्म की रक्षा

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी श्री हर्षपूर्णाश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि वैदिक और सनातन परम्परा में रक्षा बंधन का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इसी तरह जैन धर्म में भी बहन अपने भाई से अपनी रक्षा हेतु उसकी कलाई पर राखी बांधती है। उस रेशमी डोर से भाई बहन का प्यार मजबूत होता है। इस तिथि को सात सौ मुनियों का महा उपसर्ग संकट दूर हुआ था। साधर्मिक और धर्म की रक्षा के कारण इस तिथि को रक्षा बंधन

पर्व कहा जाता है। धर्म के प्रति प्रेम और साधर्मिक के प्रति वात्सल्य का यह पर्व है, यह केवल भाई बहन का त्योहार नहीं है। हम अपने देव शास्त्र और गुरु के ऊपर आने वाले संकट को दूर करने की भावना रखें। देव शास्त्र गुरु, जिनमंदिर, तीर्थ और समाज की रक्षा करें। धर्म को धारण करने वाले साधर्मिक के प्रति वात्सल्य रखें और उनकी रक्षा करें। साधर्मी के प्रति द्वेष, बैर, विरोध और बदले की भावना का त्याग करें, वात्सल्य भावना रखें। याद रखें कि साधर्मिक की रक्षा यह धर्म की रक्षा है। गुरुवर्या श्री जी ने कहा कि हमें जीवन में सफलता हेतु पांच सूत्रों को अपनाना चाहिए जिनमें सही समय पर सही कार्य करें और जो समय हमारे पास है उसे पूरा यूज करें। कार्य को पूरी एकाग्रता से हर कार्य सही समय पर समय के अनुशासन के साथ करना चाहिए। जो समय हमारे पास खाली है उस समय का उपयोग आध्यात्मिक चिंतन में करना चाहिए।

प्रधानमंत्री के दौरे के तहत रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। प्रधानमंत्री के रविवार को केएसआर बेंगलूरु रेलवे स्टेशन के दौरे को देखते हुए, स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस ने एक बहुस्तरीय सुरक्षा योजना बनाई है। सुरक्षा उपायों में बम-सूँघने वाले डॉग स्कॉड, अतिरिक्त आरपीएफ, रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) और जीआरपी कर्मियों की तैनाती, डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर और बैगेज स्कैनर का उपयोग शामिल है। स्टेशन के सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सख्त प्रवेश नियंत्रण होगा। मुकुल सरन माथुर, महाप्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे और आर.एस.पी. सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, हुब्बल्ली, ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की। यात्रियों से अनुरोध है कि वे सुरक्षा कर्मचारियों के साथ सहयोग करें और स्क्रीनिंग के लिए समय से पहले स्टेशन पहुँचें।

भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के बीच सुंदर व पवित्र नाता: साध्वी

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, राजाजीनगर के प्रांगण में साध्वी निर्मला के पावन सान्निध्य में आयोजित प्रवचन सभा में रक्षा बंधन के अवसर पर साध्वी नंदिनी ने कहा भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के बीच सुंदर व पवित्र नाता है। रक्षाबंधन केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक उत्सव है। रक्षा सूत्र स्नेह व कर्तव्य का सूत्र है जिसके माध्यम से भाई अपनी बहन के प्रति रक्षा के कर्तव्य का संकल्प लेता है। धर्म ही आत्मा का सच्चा रक्षक है। हर जीव सुरक्षित रहना चाहता है, तो उसके लिए दूसरों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने बताया कि जब भी रक्षा का प्रश्न उठता है

तो भाई-बहन के बीच सुंदर रक्षाबंधन संकेत है। दोनों सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करते है। भाई वचन देता है रक्षा का और बहन प्रार्थना करती है भाई की सुरक्षा की। हमारी हर परिस्थिति में रक्षा करता है जैसे श्री कृष्ण ने बहन द्रौपदी की रक्षा की थी। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में रक्षाबंधन का त्योहार मात्र एक औपचारिकता बनकर ही रह गया है। आज भाइयों की कलाई पर सूत के धागे तो दिखाई देते है परन्तु इन धागों के पीछे छिपा प्यार, सम्मान, मर मिटने की भावना कही लुप्त सी हो गई है। हम भी राखी के महान पर्व से परिचित हों तभी राखी का त्योहार सही अर्थों में हम मना पाएंगे और तभी भाईयों की कलाई पर बंधे सूत के धागे त्याग, स्नेह, प्रेम और बलिदान के साक्षी बन पाएंगें। यदि हम इस पर्व के सच्चे अर्थ को समझें और आत्मसात करें, तभी राखी के धागे प्रेम, सम्मान और रक्षा-भाव के वास्तविक प्रतीक बन पाएंगे।

सहमंत्री राकेश दलाल ने आभार व्यक्त किया और संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ विजयनगर में चावत परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। परिवार के सभी सदस्य राखी के गीत गाए और एक दूजे के प्रति विश्वास व सम्मान जताया। मिठाई और तिलक करते हुए मंत्रों का उच्चारण कर सभी को आशीर्वाद दिया।

अभिनेत्री राम्या द्वारा दर्ज कराए गए उत्पीड़न मामले में पांचवां संदिग्ध गिरफ्तार

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने शुक्रवार को अभिनेत्री-निर्माता और मांड्या की पूर्व सांसद दिव्या स्पंदना, जिन्हें राम्या के नाम से भी जाना जाता है, को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। संदिग्ध की पहचान पूर्वी बेंगलूरु के के.आर. पुरम में रहने वाले एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड प्रमोद गौड़ा के रूप में हुई है। राम्या द्वारा बेंगलूरु पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह के समक्ष शिकायत दर्ज कराने के बाद सीसीबी द्वारा यह पाँचवीं गिरफ्तारी है। राम्या ने 43 सोशल मीडिया हैंडल पर अभद्र टिप्पणियाँ पोस्ट करने और उन्हें अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगाया था। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब अभिनेत्री ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के बारे में पोस्ट किया, जिसमें राम्या के सह-कलाकार दर्शन भी आरोपी हैं। पुलिस ने पहले भुवन, राजेश, ओबन्ना और गंगाधर नाम के चार लोगों को गिरफ्तार किया था। राम्या ने अपनी शिकायत में जिन 43 सोशल मीडिया हैंडल का जिक्र किया था, उनमें गौड़ा का नाम सबसे पहले था। सीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गौड़ा ने अन्य संदेशों के अलावा बेहद अश्लील संदेश भी भेजे हैं। अधिकारी ने कहा संदेशों की स्पेलिंग भी नहीं की जा सकती, इतनी गंदी है।

पूर्व महाप्रबंधक ने सिद्धारुढ मठ में किए दर्शन वंदन

हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो। दक्षिण पश्चिम रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक एके सिंह ने अपने हुब्बल्ली प्रवास के दौरान दक्षिण की काशी के नाम से प्रसिद्ध श्री सिद्धारुढ मठ में सपत्नीक पहुंचकर स्वामीजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने देश में उत्तम वर्षा, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। मठ समिति के चेयरमैन चनवीर मुंगरवाड़ी ने सिंह दंपत्ति का स्वागत करते हुए मठ की गतिविधियों, स्वामीजी की प्रेरणादायक जीवनी और प्रतिदिन चलने वाली दासोह सेवा की जानकारी साझा की।

मठ समिति के पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंघी ने बताया कि हुब्बल्ली रेलवे स्टेशन पर श्री सिद्धारुढ स्वामीजी की प्रतिमा की स्थापना में पूर्व महाप्रबंधक ए.के. सिंह का विशेष और सराहनीय योगदान रहा है। यह निर्णय उनके कार्यकाल में ही लिया गया था, और स्वामीजी

के प्रति श्रद्धा भाव से उन्होंने स्वयं अपने हाथों से प्रतिमा की स्थापना करवाई। उन्होंने यह भी कहा कि किसी रेलवे स्टेशन पर इस प्रकार की प्रतिमा की स्थापना एक अत्यंत दुर्लभ और प्रेरणादायक उदाहरण है, जो न केवल स्वामी जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना, बल्कि रेलवे प्रशासन की सामाजिक और सांस्कृतिक सहभागिता को भी दर्शाता है। इस अवसर पर रेलवे महिला ऑर्गनाइजेशन की पूर्व अध्यक्ष सुजाता एके सिंह, दक्षिण पश्चिम रेलवे के चीफ मैकेनिकल इंजीनियर राजेश तिवारी की धर्मपत्नी एवं महिला ऑर्गनाइजेशन की अधिकारी अर्चना राजेश तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रवासी ट्रैवेलर्स एसोसिएशन के राज्य सचिव सुभाष चंद्रा डंक सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

योगिराज विजय शांतिसूरि गुरु भगवंत मंदिर के प्रतिष्ठा संबंधी चढ़ावे आज

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। विश्व विख्यात दक्षिण नाकोड़ा तीर्थ के पूर्ण सहयोग से निर्माणाधीन दक्षिण शांतिसूरि धाम तीर्थ अरसीकेरे में नवनिर्मित योगिराज श्री शांतिसूरि गुरु भगवंत मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव 19 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026 तक मनाया जायेगा, जिसके निमित्त प्रतिष्ठा संबंधी प्रथम जाजम के चढ़ावे बोले जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन आज वी वी पुरम स्थित श्री संभवनाथ जैन भवन में प्रातः 7:15 बजे से किया जाएगा। चेयरमैन ताराचंद राठौड़, अध्यक्ष सुरेशकुमार वेद मुथा ने बताया कि इस कार्यक्रम में आचार्य देवेंद्रसा-गरसूरीश्वर की निश्रा एवं प्रेरक सिरोही निवासी मनोज कुमार बाबुमल हरण के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में जाजम संबंधी चढ़ावे, योगिराज शांतिगुरुदेव प्रतिमा, सरस्वतीदेवी प्रतिमा, पद्मवतीदेवी प्रतिमा एवं गुरुदेव की मंगल मूर्ति प्रतिमा भराना के चढ़ावे एवं प्रतिष्ठा संबंधी चढ़ावे बोले जाएंगे। महासचिव डॉ. विजयकुमार सुराना ने बताया कि रविवार को प्रातः 7:15 बजे श्री सीमंधर शांतिसूरि जैन मंदिर वी वी पुरम में श्री संघ का आगमन होगा एवं 7:45 बजे गाजते बाजते राठौड़ परिवार संग श्री संभवनाथ जैन भवन हेतु प्रस्थान होगा। तत्पश्चात वहां शुभ वेला में जाजम का विधि विधान प्रारम्भ होगा।

दो साल पुराने मामले में पॉक्सो अपराधी गिरफ्तार

बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो। बेलगावी पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से जुड़े दो साल पुराने बलात्कार के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कर्नाटक के बागलकोट जिले के महालिंगपुर निवासी 22 वर्षीय तुफेल अहमद दादापीर को पुलिस अधिकारियों की एक टीम द्वारा की गई जाँच के बाद गिरफ्तार किया गया। जिला सोशल मीडिया निगरानी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने इस मुद्दे को तब उठाया जब हिंदुत्व कार्यकर्ता पुनीत केरेहल्ली ने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2023 में एक मस्जिद में पाँच साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि पुलिस इस मामले में चुप रही और अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया। जांचकर्ताओं ने पाया कि लड़की के माता-पिता ने परिवार की बदनामी और लड़की के भविष्य को लेकर आशंका के कारण पुलिस में शिकायत नहीं की थी। पुलिस ने स्थानीय बाल विकास एवं संरक्षण अधिकारी की शिकायत के आधार पर जाँच शुरू की। पुलिस अधीक्षक भीमाशंकर एस. गुलेड़ ने कहा कि आरोपी पर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी आज राज्य पहुंचेंगे, येलो मेट्रो और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी बेंगलूरु पहुँचेंगे और बेंगलूरु-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और नामा मेट्रो येलो रूट को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। मोदी जिन मुख्य मार्गों पर पहुँचेंगे, उनके स्वागत के लिए बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए हैं। हर जगह भाजपा के झंडे लहरा रहे हैं और बेंगलूरु भगवा रंग में रंगा हुआ है। वह सुबह 7.50 बजे विमान से दिल्ली से रवाना होंगे और सुबह 10.30 बजे बेंगलूरु के एचएएल हवाई अड्डे पर पहुँचेंगे। वह सुबह 10.35 बजे एचएएल स्टेशन से हेलीकॉप्टर द्वारा वायु सेना कमांडो प्रशिक्षण केंद्र पहुँचेंगे। वह सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से प्रशिक्षण केंद्र से रवाना होंगे और सुबह 11.10 बजे केआरएस-2 रायन्ना स्टेशन पहुँचेंगे। वहाँ, वह सुबह 11.15 बजे बेंगलूरु-बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ अमृतसर-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा और नागपुर-पुणे (वर्चुअल) ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद वे सुबह 11.30 बजे से 11.40 बजे तक सड़क मार्ग से आरवी रोड (रागीगुड्डा) मेट्रो स्टेशन पहुँचेंगे। सुबह 11.45 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक प्रधानमंत्री आरवी रोड से इलेक्ट्रॉनिक सिटी रूट 1 और 2 पर यात्रा करेंगे। वहाँ से, वे इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्थित आईआईआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में बेंगलूरु मेट्रो फेज-3 की आधारशिला रखेंगे और आरवी रोड से बोमसंद्रा तक येलो लाइन को हरी झंडी दिखाएंगे। नम्मा मेट्रो येलो लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू होने से लगभग 8 लाख यात्रियों को लाभ होगा। इससे सिल्क बोर्ड की यातायात भीड़भाड़ की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा। यातायात भीड़भाड़ को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग ही एकमात्र अच्छा उपाय है। शुरुआत में, लोको पायलट ट्रेनों को चलाएँगे। रेलवे के मेट्रो रेल सुरक्षा आयोग (सीएमआरएस) ने आरवी रोड को बोमसंद्रा से जोड़ने वाले इस मार्ग पर यातायात शुरू करने की अनुमति दे दी है। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त दक्षिण मंडल अनंत मधुकर चौधरी के नेतृत्व में एक टीम ने 22 से 25 जुलाई तक विभिन्न परीक्षण किए। 19.15 किलोमीटर लंबी येलो लाइन पर तीन ट्रेनें पहले ही आ चुकी हैं। 2014 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट का काम 2021 तक पूरा होकर लोगों के लिए उपलब्ध होना था, लेकिन उद्घाटन का मौका नहीं मिला। चीन स्थित सीआरआरसी और टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड, जिसकी कोलकाता के पास एक विनिर्माण इकाई है, ने बीएमआरसीएल को 216 कोच (36 ट्रेन सेट) की आपूर्ति के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। 2019 में, सीआरआर-सी ने 1,578 करोड़ रुपये में 216 कोचों के लिए बोली लगाई थी। भारत में विनिर्माण इकाई स्थापित करने में विफल रहने के बाद कंपनी ने ट्रेन के डिब्बों की आपूर्ति रोक दी। बाद में, कंपनी ने कोचों के निर्माण के लिए कोलकाता के टीटागढ़ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

वर्तमान में, नम्मा मेट्रो 77 किलोमीटर तक चल रही है, जिसमें येलो लाइन का 19.15 किलोमीटर जोड़ा जाएगा। इससे मेट्रो नेटवर्क का विस्तार कुल 96 किलोमीटर तक हो जाएगा। बेंगलूरु देश का दूसरा सबसे लंबा मेट्रो नेटवर्क वाला शहर है। दिल्ली मेट्रो (395 किलोमीटर) पहले स्थान पर है। इस रूट पर चालक रहित ट्रेन चलेगी। बीएमआर-सीएल ने अप्रैल 2024 में चालक रहित इंजन के साथ पहला प्रोटोटाइप (मूल मॉडल) परीक्षण भी किया था। इस दौरान, चालक रहित इंजन वाले कोच को चलाकर ट्रैक्शन और ब्रेकिंग परीक्षण किए गए थे। उसी वर्ष सितंबर में, अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएस-ओ) ने प्रायोगिक परीक्षण के माध्यम से परीक्षण किए थे। बेल-गावी और बेंगलूरु के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन का टिकट बेंगलूरु-हुब्बल्ली वंदे भारत ट्रेन की तुलना में थोड़ा कम है। यह बुधवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। यह हर सुबह बेल-गावी से चलती है, दोपहर में बेंगलूरु पहुँचती है और रात में फिर से बेलगावी पहुँचती है। वंदे भारत ट्रेन बेंगलूरु और हुब्बल्ली के बीच पहले से ही चल रही है, और बेलगावी-बेंगलूरु ट्रेन का टिकट उस ट्रेन के टिकट से 200 रुपये सस्ता है।

कल से विधानमंडल सत्र: भगदड़, आंतरिक आरक्षण का मुद्दा सदन में गूंजेगा

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।

आगामी सोमवार से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के मानसून सत्र में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़, अत्यधिक वर्षा, सूखा, बाढ़, उर्वरकों की कमी, आंतरिक आरक्षण और मतदान में धांधली के आरोपों सहित कई मुद्दे गूंजेंगे। इन मुद्दों पर मुख्य रूप से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वाकयुद्ध देखने को मिलेगा। सदन के बाहर इन मुद्दों पर कई आरोप-प्रत्यारोप लगे हैं और ये सदन में भी गूंजेंगे। यह सत्र 11 से 22 अगस्त तक 9 दिनों का होगा।

सोमवार को सदन की बैठक सुबह 11 बजे होगी और हाल ही में दिवंगत हुए गणमान्य व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बजट सत्र के दौरान, भाजपा के 18 विधायकों को सदन से 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। यह प्रस्ताव 25 मई से वापस ले लिया गया था। इस संबंध में स्थिरीकरण प्रस्ताव पहले दिन पेश किया जाएगा और विधानसभा को इसे मंजूरी देनी होगी। अन्यथा, प्रश्नोत्तर नोटिस, पत्रों की प्रस्तुति आदि सहित आधिकारिक सरकारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कर्नाटक सिविल सेवा (सामान्य भर्ती) (संशोधन) नियम विधेयक, 2025, ग्रेटर बेंगलूरु प्रशासन (संशोधन विधेयक), कर्नाटक आवश्यक सेवा प्रबंधन (संशोधन विधेयक) सहित 18 से अधिक महत्वपूर्ण विधेयक दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाएँगे। राज्य में मानसून के मौसम में किसानों के लिए उर्वरक की कमी हो गई है, जिसके कारण राज्य और केंद्र सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। विपक्षी दल भाजपा और जेडीएस पहले ही इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं और इसे सदन में भी प्रमुखता से उठाएँगे। इससे प्रशासन और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में मानसून की बारिश सामान्य से अधिक और भारी रही है। आरोप लगे हैं कि राज्य सरकार ने नदियों में बाढ़ और फसल क्षति के लिए अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया है। कुछ जगहों पर सामान्य से कम बारिश हुई है, जिससे मानसून की बुवाई में देरी हुई है। यह मुद्दा चर्चा का प्रमुख विषय होगा। आईपीएल विजेता आरसीबी के विजय समारोह के दौरान शहर में मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत का मुद्दा दोनों सदनों में गूंज सकता है और इस पर तीखी बहस का मौका मिल सकता है। न्यायमूर्ति नागमोहन दास की अध्यक्षता वाले एकल सदस्यीय आयोग द्वारा सरकार को सौंपी गई आंतरिक आरक्षण पर रिपोर्ट भी चर्चा का विषय होगी। कांग्रेस द्वारा हाल ही में विरोध प्रदर्शनों के दौरान डाले गए वोट इस आरोप पर गंभीर चर्चा का कारण बनेंगे। पिछले दो वर्षों से सरकार राज्य में विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध नहीं करा रही है। विधायकों के निर्वाचन क्षेत्रों को भी धन उपलब्ध नहीं करा रही है। कांग्रेस विधायकों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों के बजाय उनके निर्वाचन क्षेत्रों को धन दिए जाने के भेदभावपूर्ण आरोप भी सदन में उठ सकते हैं। गृहलक्ष्मी सहित गारंटी योजना के लाभार्थियों को समय पर धन जारी न करने का आरोप भी सदन में गूंजेगा। साथ ही, राज्य की जनता के सामने महंगाई सहित कई ज्वलंत मुद्दे भी उठाए जाएँगे, और भाजपा और जेडीएस सरकार को आड़े हाथों लेने के लिए तैयार हैं। इसी तरह, कांग्रेस भी सरकार के प्रशासन का बचाव करने की तैयारी में है।

पीएम ई-ड्राइव योजना की अवधि 2 साल के लिए बढ़ाई गई: कुमारस्वामी

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।

केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम ई-ड्राइव योजना की अवधि दो साल के लिए बढ़ा दी गई है।

उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस योजना को 31 मार्च, 2026 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2028 कर दिया गया है। नवीन वाहनों को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना की अवधि दो साल से बढ़ाकर चार साल कर दी गई है।

इस योजना की अधिसूचना 29 सितंबर, 2024 को 10,900 करोड़ रुपये की लागत से दो साल की अवधि के लिए जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि अब इस योजना को 2028 तक बढ़ा दिया गया है। मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, देश भारत में ई-मोबिलिटी को गति देने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है और कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना अपने चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम के माध्यम से मेक इन इंडिया को सक्षम बनाएगी। इस योजना का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाने और इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए एक मजबूत चार्जिंग बुनियादी ढाँचा स्थापित करना है। मंत्री ने कहा कि ई-ट्रकों, ई-बसों और परीक्षण एजेंसियों के लिए उनकी विशिष्ट चुनौतियों के कारण यह विस्तार आवश्यक है। ई-ट्रकों का बाजार अभी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और इसलिए पूर्ण पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन में कुछ समय लगने की संभावना है। इसी प्रकार, 4,391 करोड़ रुपये के आवंटन से समर्थित ई-बसों के लिए 14,028 इकाइयों को तैनात करने हेतु मार्च 2026 से एक चयन-पश्चात प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, इन क्षेत्रों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए परीक्षण एजेंसी उपकरणों की खरीद हेतु निविदा, मूल्यांकन, खरीद और कमीशनिंग हेतु अधिक समय की आवश्यकता होगी।

लोकसभा चुनाव में आपकी अपनी कांग्रेस सरकार सत्ता में थी

राहुल गांधी किस आधार पर भाजपा, प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं? आर. अशोक

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।

विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर 5 सवाल दागे हैं जिसने आरोप लगाया है कि राजधानी बेंगलूरु मध्य के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान में धांधली हुई है। राहुल गांधी को झूठा और युद्ध अपराधी बताकर फटकार लगाने वाले अशोक ने कहा कि उनके ये 5 सवाल उनके लिए हैं। उन्होंने पूछा जब लोकसभा चुनाव हुए थे, तब राज्य में आपकी अपनी कांग्रेस सरकार सत्ता में थी। यहाँ तक कि चुनाव आयोग ने भी अपना काम करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों को नियुक्त किया था। ऐसे में आप किस आधार पर भाजपा, प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं? सभी दलों की तरह, कांग्रेस पार्टी ने भी राज्य में हुए लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ के लिए बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त किए थे।

इनकी नियुक्ति खुद केपीसीसी अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने की थी। क्या राहुल गांधी को जरा भी अंदाजा नहीं है कि चुनाव से पहले सभी दलों के बीएलए को मतदाता सूची की एक प्रति दी जाती है? कांग्रेस पार्टी के एजेंट क्या कर रहे थे? किसी भी चुनाव से 3-4 महीने पहले संशोधित मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाती है। यह सभी दलों को दी जाती है।

इसके आधार पर, राजनीतिक दलों के बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को मतपत्र भी देते हैं। अगर ऐसा है, तो चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने क्या किया? चुनाव परिणाम आने के बाद, अदालत में आपत्ति दर्ज कराने के लिए 45 दिनों का समय होता है। लेकिन जिन कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को संदेह है, उन्होंने चुनाव के एक साल बाद तक क्या किया? क्या वे बिहार चुनाव में हार के लिए अग्रिम जमानत पाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे थे? उनकी अपनी राज्य कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल ने आंतरिक आरक्षण और पिछड़े वर्गों से संबंधित सर्वेक्षण के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मतदाता सूची का उपयोग करके सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और उनके मंत्रिमंडल को मतदाता सूची पर भरोसा है। लेकिन अकेले राहुल गांधी को नहीं, है ना? जब वो 135 सीटें जीतते हैं, तो जश्न मनाते हैं। जब हारते हैं और पराजित होते हैं, तो निराशा में चुनाव आयोग और विपक्षी दलों की आलोचना करते हैं, चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताते हैं और गलत सूचना फैलाते हैं। कन्नड़ लोग इतने मूर्ख नहीं हैं कि इस नाटक पर विश्वास कर लें। अशोक ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि उन्हें कम से कम जनादेश स्वीकार करना चाहिए और एक जिम्मेदार विपक्षी नेता के रूप में काम करना चाहिए।

कर्नाटक एसईपी पैनल ने द्वि-भाषा नीति, कन्नड़ मातृभाषा को शिक्षण माध्यम बनाने की सिफारिश की

बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।

शिक्षाविद् प्रो. सुखदेव थोरात की अध्यक्षता वाले राज्य शिक्षा नीति आयोग (एसईपी) ने प्राथमिक शिक्षा में कन्नड़/मातृभाषा को शिक्षण माध्यम बनाने और कर्नाटक में वर्तमान त्रिभाषा नीति के स्थान पर द्विभाषा नीति लागू करने की सिफारिश की है, जो इसकी प्रमुख सिफारिशों में शामिल हैं। एक साल से ज्यादा की देरी के बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को सौंपी गई एसईपी में कम से कम कक्षा 5 तक, और बेहतर होगा कि कक्षा 12 (द्वितीय पीयूसी) तक, कन्नड़/मातृभाषा को शिक्षण माध्यम के रूप में अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके साथ ही, कन्नड़ या मातृभाषा और अंग्रेजी को मिलाकर एक द्विभाषा नीति लागू की जानी चाहिए। आयोग ने सिफारिश की, इस नीति का समर्थन करने के लिए, शिक्षकों को द्विभाषी शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए और एक समर्पित भाषा शिक्षण केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। स्कूली शिक्षा में कुछ संरचनात्मक परिवर्तनों का सुझाव देते हुए, एसईपी ने 2 प्लस 8 प्लस 4 मॉडल के अनुसार स्कूली शिक्षा की सिफारिश की है, जिसमें 2 वर्ष की पूर्व-प्राथमिक, 8 वर्ष की प्रारंभिक और 4 वर्ष की माध्यमिक शिक्षा शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुसार, स्कूली शिक्षा मॉडल की संरचना 5 प्लस 3 प्लस 3 प्लस 4 थी। इसमें कहा गया है पुनर्गठन के अलावा, शिक्षा में पहुँच और समानता सुनिश्चित करने और मनमाने ढंग से बंद होने से बचने के लिए छोटे स्कूलों को बनाए रखना महत्व-पूर्ण है।

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करने के लिए, मौजूदा प्राथमिक विद्यालयों में दो वर्षीय पूर्व-प्राथमिक कार्यक्रम जोड़ने की सिफारिश की गई है। इसमें कहा गया है, विभागों में एकीकृत शासन और समन्वय को सक्षम करने के लिए एक ईसीसीई परिषद का गठन किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, निजी पूर्व-विद्यालयों को एक समर्पित नियामक ढाँचे के अंतर्गत लाया जाना चाहिए।

राज्य में भारी बारिश जारी, कई जिलों में तबाही

कोलार/शुभ लाभ ब्यूरो।

राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है। दक्षिण कन्नड़, उडुपी, उत्तर कन्नड़, शिवमोग्गा, हासन, बागलकोट, कोप्पल, गदग आदि जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई है, जिससे कई जगहों पर अफरा-तफरी मच गई है।

एच.डी. कोटा तालुका की सड़कें बारिश के कारण कीचड़ से भर गई हैं। तालुका सेंटर हा-उसिंग बोर्ड, केम्पलम लेआउट, रंगैया अयंगर लेआउट, बेल-गानहल्ली रोड, स्टेडियम लेआउट, हनुमंतनगर रोड पर पानी जमा हो गया है, जिससे परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि छात्रों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सड़कों पर चलने में मुश्किल हो रही है। जनता ने इस बात पर रोष व्यक्त किया है कि तालुका प्रशासन बोर्ड ने समस्या के समाधान के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

कोलार जिले में रात भर हुई भारी बारिश के कारण कई व्यवधान उत्पन्न हुए हैं और निचले इलाकों में पानी भर गया है। कई जगहों पर सड़कों पर पानी भर गया है, जिससे परिवहन संपर्क टूट गया है। गंगामना पाल्या में कई घरों में पानी घुस गया है। अंतरगंगे दरगाह के पास एक विशाल पेड़ गिर गया है। बेल-गावी जिले के सवादत्ती में भारी बारिश के कारण पहाड़ी की चोटी से भारी मात्रा में पानी बह रहा है और पहाड़ी के बाहरी इलाकों की सड़कें पानी से भर गई हैं। नाले उफान पर हैं।

येल्लमगुड्डा को जोड़ने वाली सड़क जलमग्न हो गई है और यातायात ठप हो गया है। उगुरागोला से येल्लमगुड्डा जाने वाला संपर्क मार्ग कट गया है। वैकल्पिक रूप से, सवादत्ती शहर से पहाड़ी पर जाया जा सकता है। आज से नूलहुन्निमा मेला शुरू हो रहा है और महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक समेत कई राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु येल्लमना पहाड़ी पर पहुँच रहे हैं। सड़क यातायात बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुँचने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

पूरे देश में बड़े उत्साह से मनाया गया रक्षा बंधन

पीएम मोदी ने ब्रह्मकुमारी दीदी और छोटी-छोटी बहनों से बंधवाई राखी

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

देशभर में राखी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और बंधन का प्रतीक है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। बदले में भाई अपनी बहनों के प्रति प्रेम और देखभाल के प्रतीक के रूप में उपहार देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया। स्कूली बच्चों और आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारी की सदस्यों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी। यह त्यौहार भाई-बहन के पारंपरिक बंधन का उत्सव है। इससे पहले पीएम मोदी ने इस पावन अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश भी पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर रक्षाबंधन मनाया। इस दौरान पीएम मोदी को ब्रह्माकुमारी दीदी ने राखी बांधी।

इसके अलावा छोटी-छोटी बच्चियों ने भी पीएम मोदी को राखी बांधी। स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूली छात्राओं के साथ पीएम मोदी ने दिल छू लेने वाली तस्वीरें खिंचवाईं।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने भाई-बहन के बीच के बंधन को मजबूत करने में इस त्योहार के महत्व पर जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, रक्षा बंधन के विशेष अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रधानमंत्री मोदी को बच्चियों के साथ हंसी ठिठोली करते देखा गया। वे उनके साथ बात करते, उन्हें दुलार करते नजर आए। पीएम मोदी ने उनके साथ दिल छू लेने वाली तस्वीरें खिंचवाईं। मासूम बच्चियों में पीएम मोदी को राखी बांधने की होड़ दिखाई दी। पीएम मोदी ने भी किसी को निराश नहीं किया और सभी से बहुत ही प्यार से राखी बंधवाई।

आज के दिन देशभर में राखी का त्यौहार मनाया गया। रक्षाबंधन पर नई दिल्ली में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने छात्राओं से राखी बंधवाई। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार के बाद मारी गई प्रशिक्षु डॉक्टर की पहली बरसी पर हुए रात्रि जागरण के दौरान डॉक्टरों को छात्राओं ने राखी बांधी।

खटीमा में महिलाओं ने उत्त-राखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके आवास पर राखी बांधी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सांखली में अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया। रक्षा बंधन के अवसर पर गांधीनगर के राजभवन में महिलाओं ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को राखी बांधी। मउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी बच्चियों ने राखी बांधा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में स्कूली छात्रों के साथ रक्षाबंधन मनाया।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में पेड़ों को राखी बांधी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक पौधा भी लगाया।

दशक की सबसे लंबी मुठभेड़

तीन आतंकी मारे गए, दो जवान शहीद

जम्मू, 09 अगस्त (ब्यूरो)।

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल इलाके में पिछले 9 दिनों से करीब 20 हजार जवान और दर्जनों लड़ाकू हेलिकाप्टर उन आतंकियों से जूझ रहे हैं जिनकी संख्या के बारे में अभी तक ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। दशक की सबसे लंबी चलने वाली इस मुठभेड़ में सेना के दो जवान शहीद हो चुके हैं और दो गंभीर रूप से जख्मी हैं। सेना का दावा है कि तीन आतंकी मारे जा चुके हैं और बाकी को जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा।

आतंकवादियों के साथ जारी मुठभेड़ में रात भर हुई गोलीबारी में सेना के दो जवान शहीद हो गए। यह भीषण मुठभेड़ शनिवार को 9वें दिन में प्रवेश कर गई। इससे यह कश्मीर में हाल के इतिहास में सबसे लंबे आतंकवाद विरोधी अभियानों में से एक बन गया है। अधिकारियों के अनुसार एक अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में अब तक कम से कम नौ सुरक्षाकर्मी घायल हो चुके हैं। इसमें पहले दो दिनों में 3 आतंकवादी मारे गए थे। वहीं दो जवान भी शहीद हुए जिनकी पहचान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के रूप में हुई है। भारतीय सेना ने पुष्टि की है कि मुठभेड़ अभी भी जारी है।

आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले के अखल के जंगलों में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच आरंभिक गोलीबारी के बाद रात के लिए अभियान रोक दिया गया था, लेकिन घेराबंदी को मजबूत कर दिया गया तथा क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया। अगले दिन जब गोलीबारी फिर से शुरू हुई तो दो आतंकवादी मारे गए। ढेर किए गए आतंकियों की पहचान नहीं हो पायी है। सुरक्षा बलों ने इलाके की कड़ी घेराबंदी कर रखी है और घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों से मुठभेड़ जारी है।

अधिकारियों के अनुसार जम्मू कश्मीर पुलिस प्रमुख नलिन प्रभात और सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस और सेना के अधिकारी चौबीसों घंटे अभियान पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

सुरक्षा बलों ने जंगल क्षेत्र में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टरों की मदद ली है। पैरा कमांडो भी छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों की मदद कर रहे हैं। भारतीय सेना की चिनार कोर ने शहीद हुए जवानों के सम्मान में कहा कि राष्ट्र के लिए कर्तव्य निभाते हुए बहादुर लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करता है। भारतीय सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्ति करती है उनके साथ एकजुटता से खड़ी है।

आरजी कर अस्पताल कांड की बरसी

प्रदर्शनकारियों पर फिर पुलिस ने चलाई लाठियां

कोलकाता, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

आरजी कर अस्पताल कांड की बरसी पर नबन्ना चलो अभियान के तहत प्रदर्शनकारियों ने आरजी कार पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए और पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स की परवाह किए बिना राज्य सचिवालय तक पहुंचने का संकल्प जताया। आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ हुए क्रूर दुष्कर्म और हत्या के एक साल पूरे होने के मौके पर पश्चिम बंगाल सचिवालय नबन्ना तक मार्च में हिस्सा ले रहे प्रदर्शनकारियों का एक समूह शनिवार को हावड़ा जिले के संतरागाछी पहुंचा। उन्होंने वहां नगर पुलिस की ओर से लगाए गए लोहे की दीवार वाले बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसाईं।

एक प्रदर्शनकारी को यह कहते सुना गया, पुलिस हम पर गोली चला सकती है, लेकिन हम नबान्न पहुंचने के लिए दृढ़ हैं, जहां राज्य सरकार को जवाब देना होगा कि एक साल बाद भी अभया (आरजी कर पीड़िता) को न्याय क्यों नहीं मिला है। पुलिस की ओर से लाउडस्पीकरों पर लगातार अलर्ट जारी कर प्रदर्शनकारियों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने का आग्रह किया जा रहा था, लेकिन प्रदर्शनकारियों को 10 फुट ऊंचे बैरिकेडों को लांघने की कोशिश करते देखा गया।

वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरजी कार घटना के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना तक शांतिपूर्ण मार्च निकालने का संकल्प लिया था और ममता बनर्जी सरकार पर धमकाने और अत्यधिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया था। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को गंतव्य तक पहुंचने से रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए थे।

अमरनाथ गुफा में छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ

अमरनाथ यात्रा सम्पन्न, चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

जम्मू, 09 अगस्त (ब्यूरो)।

14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में अमरनाथ यात्रा की प्रतीक छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ ही इस साल की अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। वैसे पिछले कई दिन पहले ही सैद्धांतिक तौर पर इसका समापन हो चुका था क्योंकि श्रद्धालुओं की संख्या घट जाने के बाद आतंकी खतरे और मौसम की दुहाई देकर श्रद्धालुओं की शिरकत पर कथित तौर पर पाबंदी लगाई जा चुकी थी।

अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची। सुबह सूर्य उदय के साथ श्रावण पूर्णिमा के मुहूर्त में पवित्र गुफा में दर्शन किए गए। इसके बाद पूजा अर्चना की गई।

वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज श्रावण पूर्णिमा के दिन 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के मुख्य दर्शनों के साथ ही सम्पन्न हो गई। आज करीब डेढ़ सौ श्रद्धालुओं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी ही थे, ने गुफा के दर्शन किए जबकि 3 जुलाई को आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के 38 दिनों के भीतर 4.20 लाख श्रद्धालुओं ने हिमलिंग के दर्शन किए हैं।

इस यात्रा की प्रतीक पावन पवित्र 'छड़ी मुबारक' को आज पवित्र गुफा में भी स्थापित किया गया जिसे लेकर साधुओं का एक दल श्रीनगर के दशनामी अखाड़े से चला था और इस दल का नेतृत्व दशनामी अखाड़े के महंत दीपेंद्र गिरि ने किया था। पूजा प्रतिष्ठा के बाद इस छड़ी मुबार' को पुनः उसी अखाड़े में स्थापित कर दिया जाएगा। ज्यादातर तीर्थयात्रियों ने 45 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग के बजाय 16 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा की। अब कल रात तक छडी मुबारक पहलगाम पहुंचेगी। पहलगाम के ही लिद्दर नदी पर पूजा और विसर्जन के बाद साधु-संतों के लिए पारंपरिक कढ़ी-पकौड़ा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अधिकारियों ने यात्रा को नियंत्रित रखने में पूरी सावधानी बरती। इस यात्रा में किसी गैरपंजीकृत यात्री को शामिल होने नहीं दिया गया। पंजीकृत यात्रियों को सिर्फ उनके तय अवधि के दिन यात्रा करने की इजाजत दी गई।

बालटाल व नुनवान आधार शिविर से गुफा की तरफ जाने वाले यात्रियों को भी नियंत्रित किया गया। अब जबकि यात्रा सम्पन्न हो गई है तो सरकार ने राहत की सांस ली है। सुरक्षाबलों ने अपनी मेहनत, सतर्कता और चौकसी के कारण उन सभी कोशिशों को नाकाम बना दिया जो यात्रा के लिए घातक साबित हो सकती थीं। पिछले कुछ वर्षों से यह देखने को मिल रहा था कि आतंकी हमले अमरनाथ श्रद्धालुओं में नए उत्साह का संचार करते रहे और प्रत्येक आतंकी घटना के उपरांत यात्रा में शामिल होने वालों की संख्या और बढ़ जाती थी जिस कारण प्रशासन के लिए परेशानियां पैदा होती थीं।

जैतपुर में दीवार गिरने से सात लोगों की मौत

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के जैतपुर में दीवार गिरने से मलबे में दबकर सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दक्षिण पूर्वी जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। पुलिस और राहत बचाव दल ने मलबे से आठ लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया । इनमें सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों में मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चियां शामिल हैं जबकि 27 वर्षीय हसीबुल का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया।

नवाचार कहीं से भी शुरू हो सकता है: श्रीधर बाबू

अगस्त फेस्ट 2025 के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री, हैदराबादी स्टार्टअप्स की सराहना की

हैदराबाद, 09 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।

तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने शनिवार शाम हिटेक्स में द अगस्त फेस्ट 2025 के समापन समारोह में कहा, नवाचार कहीं से भी शुरू हो सकता है, इसके लिए सिलिकॉन वैली की ज़रूरत नहीं है। यह हैदराबाद से या तेलंगाना के किसी दूरदराज के गाँव से भी आ सकता है।

एशिया के सबसे बड़े स्टार्टअप फेस्टिवल, द अगस्त फेस्ट, ने सात साल बाद शानदार वापसी की। इस उत्सव में 7,600 से अधिक इनोवेटर्स, उद्यमी, कलाकार और निवेशक शामिल हुए, जिन्होंने विचारों, महत्वाकांक्षाओं और रचनात्मकता का जश्न मनाया। इस अवसर पर वयोवृद्ध आईटी नेता जे.ए. चौधरी और अगस्त फेस्ट के संस्थापक किरण भी उपस्थित थे।

मंत्री ने अपनी बात में एक प्रस्ताव का जिक्र किया जिसमें मैत्रीवनम को एक हेरिटेज बिल्डिंग घोषित करने की बात कही गई, क्योंकि हैदराबाद में आईटी की शुरुआत वहीं से हुई थी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

श्रीधर बाबू ने अपने संबोधन में हैदराबाद के स्टार्टअप्स की शानदार सफलता के आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि 2024 में, हैदराबाद के स्टार्टअप्स ने 81 फंडिंग राउंड्स में 571 मिलियन डॉलर जुटाए, जो 2023 की तुलना में 160% की वृद्धि है। हेल्थटेक में 2,139% की बढ़ोतरी हुई, जिससे 300 मिलियन डॉलर का निवेश आया, जबकि फिनटेक लगभग दोगुना होकर 105 मिलियन डॉलर तक पहुँच गया।

जनवरी 2020 से मई 2025 के बीच, हैदराबाद में 2,500 से अधिक स्टार्टअप्स शुरू हुए, जिन्होंने 2.1 बिलियन डॉलर का फंड जुटाया, जो तेलंगाना की कुल स्टार्टअप पूंजी का 99.7% है।

जून 2025 तक, तेलंगाना में 1,404 डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स हैं।

महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम भी फल-फूल रहे हैं। ऐसे 531 स्टार्टअप्स ने 417 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है, जिससे हैदराबाद भारत में छठे स्थान पर है।

एसटीपीआई हैदराबाद के माध्यम से, 1,400 से अधिक स्टार्टअप्स को 574 करोड़ का समर्थन मिला है, जिनमें से 44% महिला-नेतृत्व वाले हैं।

श्रीधर बाबू ने अगस्त फेस्ट के संस्थापक किरण को शहर के स्टार्टअप इकोसिस्टम में उनके योगदान के लिए बधाई दी और उन कुछ व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जिन्होंने चुपचाप आईटी उद्योग के विकास में मदद की।

आज से दौड़ेगी भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन

नागपुर, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

महाराष्ट्र को भारत की सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है, जो नागपुर के अजनी और पुणे के बीच चलेगी। इसके अलावा, यह राज्य की 12वीं वंदे भारत ट्रेन होगी।

इस नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को करेंगे। इस ट्रेन का संचालन और रखरखाव मध्य रेलवे (सीआर) ज़ोन द्वारा किया जाएगा। यह वंदे भारत ट्रेन 881 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे यह भारत में सबसे लंबे समय तक चलने वाली ट्रेन बन जाएगी। इसके

10 स्टॉपेज होंगे और इसकी औसत गति 73 किमी प्रति घंटा होगी, जिससे यह नागपुर और पुणे के बीच सबसे तेज़ ट्रेन भी बन जाएगी। पुणे-अजनी-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन संख्या 26101/26102 नाम दिया गया है, 11 अगस्त से पुणे स्टेशन से और 12 अगस्त से अजनी स्टेशन से अपनी नियमित सेवा शुरू करेगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह ट्रेन एक बड़ा बदलाव साबित होगी क्योंकि यात्री राज्य के एक कोने से दूसरे कोने तक आसानी से यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा, यह उन व्यापारियों, छात्रों और कर्मचारियों के लिए भी फायदेमंद होगी जो नौकरी की मांग के कारण नियमित यात्रा पर जाते हैं। यह ट्रेन वर्धा, बडनेरा, अकोला, शेगांव, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर और दौंड कॉर्ड लाइन सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। यह कुल आठ डिब्बों के साथ चलेगी जिसमें एक एग्जीक्यूटिव चेयर कार (ईसी) और सात स्टैंडर्ड चेयर कार (सीसी) शामिल हैं - जिसमें 590 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी।

योगी सरकार के प्रयास से धार्मिक धरोहरों का लौट रहा वैभव

श्रावस्ती के प्राचीन मुंडा शिवाला का होने जा रहा जीर्णोद्धार

225 साल पुराना है श्रावस्ती के मुंडा शिवाला का इतिहास







लखनऊ, 09 अगस्त (ब्यूरो)। योगी सरकार प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और पुनरोद्धार के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ जिसे छोटी काशी के नाम से भी जाना जाता है, नैमिषारण्य जैसे सैकड़ों महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के बाद अब श्रावस्ती के ऐतिहासिक मुंडा शिवाला को नया जीवन देने की तैयारी है। इस प्राचीन शिवाला का 225 वर्षों का इतिहास है और यहां नेपाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप धार्मिक धरोहर के संरक्षण और जीर्णोद्धार पर लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत अयोध्या, वार–णसी, मथुरा, नैमिषारण्य और छोटी काशी में हो रहे कार्यों की तर्ज पर मुंडा शिवाला को भी पुनर्जीवित करने की पहल की गयी है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती के फखरपुर क्षेत्र के मोहल्ला बंजड़हा में स्थित मुंडा शिवाला का इतिहास करीब 225 वर्ष पुराना है। इसका निर्माण लगभग 1800 से 1820 के बीच स्थानीय ठाकुर परिवार द्वारा किया गया था। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है, बल्कि स्थानीय सामाजिक जीवन और सांस्कृतिक परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा रहा है। वर्षों से उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण मंदिर परिसर की स्थिति जर्जर हो गई थी। ऐसे में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से मुंडा शिवाला का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने की योजना बनाई गई है।

इसके साथ ही मंदिर के बेहतर प्रबंधन, नियमित पूजा–पाठ और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए एक ट्रस्ट का गठन भी किया जाएगा। यह ट्रस्ट मंदिर के रखरखाव, धार्मिक आयोजनों और सुरक्षा व्यवस्था का संचालन करेगा।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह, प्रांगण और चारों ओर की दीवारों की मरम्मत, रंग–रोगन, फर्श और टाइल्स का निर्माण किया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए सीसी रोड और संपर्क मार्ग बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, बैठने की जगह, प्रकाश और सुरक्षा उपकरण लगाए जाएंगे। परिसर में पौधरोपण, वर्षा जल संचयन, डिजिटल सूचना बोर्ड और सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जाएंगे। वहीं ट्रस्ट का गठन किया जाएगा। इससे पुजारी की नियुक्ति, नियमित पूजा–अर्चना, प्रमुख त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की योजना और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह ट्रस्ट स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मंदिर परिसर के संरक्षण और विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि मुंडा शिवाला के जीर्णोद्धार से श्रावस्ती में धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। यह क्षेत्र पहले से ही बुद्धकालीन धरोहरों के लिए प्रसिद्ध है और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक नया आकर्षण केंद्र बनेगा। नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी इससे बढ़ने की संभावना है।

ट्रंप का 50 प्रतिशत टैरिफ बम

कारोबारियों को 1200 करोड़ का झटका

आगरा, 09 अगस्त (ब्यूरो)। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ से आगरा के कारोबारियों को 1200 करोड़ का बड़ा झटका लगा है। आगरा से जूता और मार्बल के ऑर्डर रुक गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से आगरा के जूता और मार्बल उद्योग पर सीधा असर पड़ा है। इससे उद्यमियों ने 1200 करोड़ रुपये के जूता–मार्बल के ऑर्डर की आपूर्ति रोक दी है। नए ऑर्डर भी नहीं ले रहे हैं। उद्यमियों को भारी नुकसान की आशंका है।

फुटवियर एवं चर्म उद्योग विकास परिषद, भारत सरकार के चेयरमैन पूरन डावर का कहना है कि आगरा से अमेरिका में जूता कारोबार बीते दो–तीन साल से ही शुरू हुआ है। यहां से चमड़ा, सिंथेटिक जूता का करीब 300 करोड़ का व्यापार होता है। 50 फीसदी टैरिफ से जूता डेढ़ गुना महंगा हो जाएगा। ऐसे में अधिकांश निर्यातकों ने जूता के ऑर्डर रोक दिए हैं, नए ऑर्डर लेने से भी बच रहे हैं। उन्होंने बताया कि फैक्टरियों में कितना जूता बन गया है, कितना अधूरा है, इसकी भी रिपोर्ट जुटा रहे हैं। अमेरिका की इस मनमानी से जूता कारोबार को नुकसान जरूर हो रहा है, लेकिन सरकार बेहद सक्रिय है। उम्मीद है कि जल्द टैरिफ पर कोई निर्णय हो और वह 15 फीसदी तक सिमट सकता है।

हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अस्थाना ने बताया कि हैंडीक्राफ्ट का 80 फीसदी व्यापार अमेरिका से होता है। 900 करोड़ रुपये का अमेरिका से सीधा व्यापार है। टैरिफ के चलते हैंडीक्राफ्ट के ऑर्डरों को फिलहाल रोक दिया है। निर्माण प्रक्रिया भी बेहद धीमी कर दी है। अगर जल्द इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ तो कारोबार को बेहद झटका लगेगा। आगरा शू फैक्टर्स फेडरेशन के संरक्षक दिलीप खूबचंदानी ने बताया कि बढ़े हुए टैरिफ के चलते जूता निर्माण प्रक्रिया बेहद कम कर दी है। पुराने ऑर्डर की आपूर्ति भी नहीं कर रहे हैं, इनको अभी रोक लिया है। जल्द ही नए देशों से व्यापार और टैरिफ संकट खत्म नहीं हुआ तो जूता कारोबार को तगड़ा नुकसान होगा। नेशनल चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति मनमानी कर 50 फीसदी टैरिफ किया है। इससे अमेरिका भी प्रभावित होगा और वहां भी इसका विरोध हो रहा है। भारत सरकार से अपील है कि नए देशों से व्यापारिक संबंध बढ़ाए और व्यापारियों को जीएसटी में छूट देकर राहत दे।

जब नागराज ने खुद आकर सुलझाया विवाद!

नीलकंठ महादेव मंदिर की जमीन पर मिला कब्जा



गोरखपुर, 09 अगस्त (ब्यूरो)। खजनी क्षेत्र के सरया तिवारी में प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर के जमीन को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। गोरखपुर से 21 किलोमीटर दूरी पर खजनी तहसील के ग्राम सभा सरया तिवारी में स्थिति नीलकंठ महादेव का प्राचीन शिवमंदिर है। नीलकंठ महादेव शिवलिंग के बारे में यह मान्यता है कि यह शिवलिंग कई सौ साल पुराना है।

खजनी क्षेत्र के सरया तिवारी में प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर के जमीन को गांव के कुछ लोग कब्जा नहीं दे रहे थे। जिसका एरिया लगभग 90 डिसमिल है। इतना पुराना प्राचीन मंदिर अब तक देवभूमि के नाम अंकित नहीं है। जिसको लेकर कुछ लोग विवाद कर रहे थे। उनके द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस पर लिखित रूप से शिकायत की गई कि हमारी जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। जिसकी निस्तारण के लिए राजस्व टीम कांगो देवनारायण मिश्रा लेखपाल राजू रंजन शर्मा पैमाइश किया गया। इसमें कुछ लोगों ने विरोध किया। जिस पर बहुत पुराना नागराज प्रकट हुए और सभी को दर्शन दिए।

मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धरणीधर राम त्रिपाठी, बृजेश त्रिपाठी, गजेंद्र त्रिपाठी, शिवाकांत त्रिपाठी, लालमोहन गौड़, संतोष शर्मा, विजय यादव,सुदामा यादव, अमरेश राम त्रिपाठी इत्यादि लोगों ने बताया मौके का पैमाइश करके राजस्व टीम द्वारा चुना गिरा कर निशानदेही किया गया था, जैसे जेसीबी मशीन लगी वैसे ही कुछ लोगों ने निर्माण का विरोध किया।

उसके बाद बहुत पुराने नाग देवता प्रकट हुए। राजस्व टीम के द्वारा चूना गिराकर जिस जगह निशानदेही की गई थी, उतने ही दूर नाग देवता चलते गए और वापस आकर कही अदृश्य हो गए। इसको देख सारे विरोधियों का विरोध समाप्त हो गया और सारे लोग निर्माण पर सहमत हो गए और इस पर निर्माण के लिए खुदाई की गई जोकी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

गोरखपुर से 21 किलोमीटर दूरी पर खजनी तहसील के ग्राम सभा सरया तिवारी में स्थिति नीलकंठ महादेव का प्राचीन शिवमंदिर है। नीलकंठ महादेव शिवलिंग के बारे में यह मान्यता है कि यह शिवलिंग कई सौ साल पुराना है और यहां पर इनका स्वयं प्रादुर्भाव हुआ है। इसी लिए यहाँ मन्दिर में छत का निर्माण नहीं हुआ है क्योंकि यह झारखंडी शिव है।

नीलकंठ महादेव शिवलिंग के बारे में यहां के लोगों का कहना है कि यहा मुगलों के कार्यकाल में मुगल शासक मोहम्मद गजनवी ने दो बार शिवलिंग को कीमती पत्थर समझ आक्रमण किया। जब वो ले जाने में सफल नहीं हुआ तब शिवलिंग पर उर्दू में कुछ लिखवा दिया। बाद में मौलवी को दिखा कर पूछा गया तो बताया कि इस्लाम का एक पवित्र वाक्य है जोकि अल्लाह का दर्जा देने की बात कही गई है।

यहां के लोग यह भी बताते हैं कि सन 1957 में मंदिर के बाउंड्री वाल के लिए खुदाई कराई गई। उस खुदाई में मानव कंकाल मिले थे। उसके बाद तत्काल खुदाई बंद करा दिया गया।

आनंद तिवारी (सेवक) ने बताया यह यह मंदिर मुगलों के कार्यकाल का है और भक्तों के आस्था का केंद्र है। पंडित कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह महादेव शिवलिंग को ले जाने के लिए महमूद गजनवी ने दो बार आक्रमण किया। जहां पर काफी लड़ाई हुई। जिसके अवशेष यहां मिलते हैं। महादेव झारखंडी शिवलिंग का बड़ा महत्व है। इनके उपर छत का निर्माण नहीं हो सकता है।

समाजवादी पार्टी के बयान पर राजभर ने कही बड़ी बात

सपा ने पाले पिल्ली–पिल्ला, जो भौंकते फिरते हैं

बलिया, 09 अगस्त (ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओपी राजभर ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से लेकर राहुल गांधी और बिहार चुनाव को लेकर कई बातें कहीं। राजभर एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में आ गए हैं। बलिया में रसड़ा स्थित कार्यालय पर राजभर ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसा और कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग पिल्ली–पिल्ला पाल लिए हैं। ये देसी कुत्तों की तरह भौंक रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर से जब सवाल पूछा गया कि अखिलेश यादव ने ओमप्रकाश राजभर के मुकाबले सपा सांसद रमाशंकर राजभर को आगे किया है, तो ओपी राजभर ने सपा पर हमला करना शुरू कर दिया। कहा कि एक लोडर होता है जो अपने मालिक की मर्जी से काम करता है, एक लीडर होता है जो अपनी मर्जी से काम करता है। हमारी पार्टी में हर जाति–धर्म के लोग हैं, बोलने के लिए हर कोई आजाद है।

सपा में अगर कोई मर्द है तो कह दे कि 27 में मुसलमान को मुख्यमंत्री बनाएंगे। संसद चल रही है। 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सामाजिक न्याय समिति या फिर रोहिणी आयोग समिति की रिपोर्ट तैयार है। अगर किसी की जुबान खुलेगी तो अखिलेश जुबान काट लेंगे। समाजवादी पार्टी के लोग कुछ पिल्ली–पिल्ला पाल लिए हैं। ये भौंक रहे हैं। प्रदेश में बढ़ते अपराध पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश में अपराध को कम करने के लिए ही यूपी सरकार पौधार–ोपण कर रही है। क्योंकि वातावरण दूषित हो गया है। जब करोड़ों की संख्या में यूपी में पेड़ लग जाएंगे तो अपराध में कमी आएगी। वातावरण का दोष है, खानपान का दोष है। रासायनिक खाद का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है। वायुमंडल दूषित है। इसी को रोकने के लिए मेरे विभाग ने एक करोड़ 28 लाख पेड़ लगाए हैं। सरकार ने एक अरब पेड़ लगाए हैं। पेड़ लग जाएंगे तो यूपी में अपराध कम हो जाएगा।

राहुल गांधी की ओर से वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर दिए गए बयान पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि राहुल गांधी के बयान मजाक बनकर रह गए हैं। राहुल गांधी जहां से चुनाव जीते हैं क्या इलेक्शन कमीशन ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करके चुनाव जिताया? डिनर पार्टी में अखि–लेश यादव के जाने पर कहा कि अखिलेश यादव मध्य प्रदेश और उत्तराखंड चुनाव में भी गए थे और वहां कांग्रेस को हरा दिया। यूपी में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। कांग्रेस सिर्फ सपा के जरिए यूपी में जिंदा रहना चाहती है। अखिलेश यादव पर तंज कसते कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव रात के अंधेरे में मोदी और योगी को गुलदस्ता देते हैं और कहते हैं कि जान बची रहे। दिन में बीजेपी के खिलाफ बोलते हैं।

बिहार चुनाव को लेकर कहा कि अमित शाह सहित बड़े नेत–ाओं से 70 प्रतिशत तक बात हो चुकी है। 30 प्रतिशत बची है। जल्द ही बिहार चुनाव में हम एनडीए के साथ चुनाव लड़ेंगे। लालू कहते थे कि सड़क बनाना जरूरी नहीं है, क्योंकि पुलिस जल्दी आ जाएगी।

ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पहले हम पीडीए को परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी बताते थे। अब पीडीए की पाठशाला चलकर सपा के लोग खुद बता रहे हैं कि अ से अखिलेश, ड डिम्पल और प से परिवार। बलिया में एनएचआई की ओर से बनाए गए पुल को पीडब्ल्यूडी की ओर से शुरू करने पर दयाशंकर सिंह की नाराजगी पर कहा कि अधिकारियों को चाहिए कि वह क्षेत्रीय विधायक और मंत्री को इसकी सूचना दें।

आईटीआई में चौथे चरण में प्रवेश के लिए 11 से हो सकेंगे नए आवेदन

15 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

लखनऊ, 09 अगस्त (ब्यूरो)। आईटीआई में चौथे चरण में प्रवेश के लिए 11 अगस्त से नए आवेदन हो सकेंगे। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अगस्त तक होंगे। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद ने सत्र 2025–26 के लिए राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में चौथे चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। तीसरे चरण की चयन सूची के आधार पर 07 अगस्त तक प्रवेश की कार्रवाई पूरी हो गई है।

इसके बाद बची हुए सीटों पर यह प्रक्रिया की जाएगी। व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों का तीन चरण में चयन नहीं हुआ या चयन के बाद भी प्रवेश नहीं हो पाया, वे 11 से 15 अगस्त रात 12 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आ–वेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले से पंजीकृत अभ्यर्थी नए विकल्प भर सकेंगे, जबकि नए अभ्यर्थियों को पंजीकरण कर आवेदन करना होगा। आवेदन शुल्क सामान्य/पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 250 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 150 रुपए निर्धारित किया गया है।

शुल्क का ऑनलाइन भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग या यूप–ीआई के माध्यम से किया जा सकेगा।

विशेष सचिव ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने संस्थान में व्यवसाय वार खाली सीटों की जानकारी सूचना पट पर प्रदर्शित करें, ताकि अभ्यर्थी अपनी आवश्यकता के अनुसार विकल्प भर सकें।

सारनाथ को यूनेस्को की सूची में शामिल कराने की तैयारी

लखनऊ, 09 अगस्त (ब्यूरो)। वाराणसी स्थित विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल सारनाथ को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल किया जाएगा। पर्यटन विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पर्यटन विभाग ने वाराणसी स्थित विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में पर्यटन निदेशालय में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सितंबर में होने वाली यूनेस्को की बैठक के एजेंडे और प्रस्तावित कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि सारनाथ हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है। इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल कराना पूरे विश्व के लिए देश की विरासत को पास से जानने का अवसर प्रदान करेगा।

युवाओं को देश के इतिहास व गाथा से परिचित करा रही योगी सरकार

14 अगस्त को सभी 75 जिलों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का होगा आयोजन

लखनऊ, 09 अगस्त (ब्यूरो)। योगी सरकार विगत आठ वर्ष से अनेक सांस्कृतिक, साहित्यिक व आध्यात्मिक आयोजनों के जरिए युवाओं को देश के इतिहास व गाथा से परिचित करा रही है। योगी सरकार के निर्देश पर इस वर्ष भी 14 अगस्त को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश के युवा एक तरफ जहां विभाजन की त्रासदी को जानेंगे, वहीं विस्थापित परिवार के लोग भी अपना दर्द बयां करेंगे। इस दौरान अनेक आयोजन भी होंगे। संस्कृति विभाग की देखरेख में होने वाले आयोजनों में अनेक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा।

भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारीजन के प्राण न्यौछावर करने वालों की स्मृति में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय किया गया है। इस वर्ष भी राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में इसका आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में विभाजन विभीषिका के दौरान विस्थापित परिवारों के सदस्यों को आमंत्रित करने के साथ ही त्रासदी के दौरान प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। सरकार ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया है कि इसमें सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश सिंधी सभा, उत्तर प्रदेश सिंधी एकेडमी, सनातनी पंजाबी महासभा समेत अनेक सामाजिक व गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। जनपदों में प्रशासन द्वारा चयनित स्थलों पर विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें तत्कालीन घटना के फोटो, अखबारों की कतरनें, साहित्य, राजकीय अभिलेख, विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवा उस समय की घटनाओं से वाकिफ होंगे।

घरेलु उपचार

नमक-चीनी का साथ, अनिद्रा और सिरदर्द को नहीं आने देगा पास!

सदियों पहले ना तो बड़े-बड़े अस्पताल थे और ना ही आधुनिक चिकित्सा उपकरण। प्रकृति और इससे मिलने वाली चीजों से ही कई बड़े-छोटे रोगों का इलाज कर लिया जाता था। यही कारण है कि आज भी दादी-नानी के घरेलू नुस्खे कारगर साबित होते हैं। आज भी हम ऐसे ही एक नुस्खे के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जिसे विशेषज्ञ भी समर्थन देते हैं।

न्यूट्रिशन एंड मेटाबोलिज्म विषय पर कई किताबें लिख चुके व मशहूर अमरीकी हेल्थ रिसर्चर मैट स्टोन बताते हैं कि सोने के पहले नमक और चीनी का मिश्रण लेने के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। तो चलिए आज नमक और चीनी के मिश्रण के कमाल के फायदों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

नमक-चीनी का मिश्रण

नमक चीनी के मिश्रण के स्वास्थ्य लाभों के बारे में आपने पहले न सुना हो, लेकिन अगर आपको अनिद्रा की समस्या है तो नमक-चीनी का मिश्रण आपके लिए बेहद कारगर साबित हो सकता है। इस बेजोड़ मेल के सेवन से न सिर्फ अनिद्रा ही दूर होती है बल्कि इम्यूनिटी बढ़ती है और सर का दर्द भी दूर होता है। आपको इसे बनाने की विधि व आवश्यक सामग्री के बारे में बताते हैं।

आवश्यक सामग्री व उपयोग

अपरिष्कृत (unrefined) समुद्री नमक - 1 चम्मच
ब्राउन शुगर - 5 चम्मच

उपरोक्त दोनों चीजों को मिक्सर ग्राइंडर में पीस लें और पाउडर बना लें। सोने से पहले इस पाउडर के एक छोटे चम्मच का सेवन करें। इसके सेवन के लिए बस पाउडर को मुंह में डाल लें और खुद ही इसे घुलने दें। इसे आप रोजाना रात को सोने से पहले ले सकते हैं।

नमक और चीनी का घोल

अक्सर पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जिसकी वजह से शरीर में कमजोरी और थकान होने लगती है। इस स्थिति में व्यक्ति को ओरल हाइड्रेशन साल्ट दिया जाता है। यह साल्ट न होने की स्थिति में आप घर पर भी इस घोल को बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको केवल पानी, नमक और चीनी चाहिए। सबसे पहले पानी लें। अब इसमें 5 चम्मच चीनी और आधा चम्मच नमक डालकर मिलाएं और फिर चीनी और नमक को अच्छी तरह से घोल लें। डिहाइड्रेशन होने पर इस घोल का सेवन करें। आप इसे फ्रिज में भी बना कर रख सकते हैं लेकिन एक दिन से ज्यादा इसे न रखें। यह घोल थकान और कमजोरी को दूर करता है और शरीर को तरोताजा बनाता है।

ध्यान रखें

नमक और चीना दोनों का ही पर्याप्त मात्रा से अधिक सेवन सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है, तो इसे सीमित मात्रा में ही लें। साथ ही नमक व चीनी दोनों नैचुरल ही इस्तेमाल करें।

अंडे की जर्दी के फायदे...

अंडे के योक (पीला हिस्सा) में बहुत से गुण होते है जो पुरुषों के लिए काफी मददगार सिद्ध होते है। खास कर जिम जाकर सिक्स पैक एब्स बनाने वाले मर्दों को अंडे के योक का सेवन करना चाहिए क्योंकि इसमें कैल्शियम, प्रोटीन भरपूर मात्रा होते हैं, जो स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचाएं रखते है। अंडे को योक में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स की मात्रा ठीक होती है, जिससे फर्टिलिटी बढ़ती है।

परीक्षा में नंबर कम, इसलिए न पालें गम

हाल ही देश के कई राज्यों में 10वीं और 12वीं के रिजल्ट आने के बाद स्टूडेंट्स की रातों की नींद उड़ी हुई है। कुछ मार्क्स अच्छे न आने के कारण परेशान हैं तो कुछ को टॉप कॉलेज में ऐडमिशन की चिंता सता रही है। ऐसे हालात हर साल बोर्ड रिजल्ट के बाद होते हैं। चिंता की बात तो यह है कि यंगस्टर्स के सूइसाइड करने के मामले में हमारा देश नंबर वन है। वर्ष 2012 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, हमारे देश में 15 से 29 साल के युवा सबसे अधिक सूइसाइड करते हैं। अगर आप या आपके आस-पास कोई इस तरह के स्ट्रेस से गुजर रहा है तो उससे बाहर निकालने का प्रयास करें। हमने तीन एक्सपर्ट्स डॉक्टर ज्योति कपूर मदान, सीनियर कन्सल्टेंट, पारस हॉस्पिटल गुरुग्राम और डॉ. सुनील पवार, मनोरोग चिकित्सक, कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, गाजियाबाद और तीसरे एक्सपर्ट सेंटर ऑफ करियर डिवेलपमेंट के सीनियर करियर काउंसलर, जितिन चावला से बात की। जानिए, एक्सपर्ट्स क्या कहते हैं...

जिंदगी यहीं खत्म नहीं होती

हम जानते हैं कि ऐसा कहना आसान है और करना मुश्किल होता है। आपकी मानसिक दशा हम समझ सकते हैं। लेकिन फिर भी कहेंगे कि इस तनाव से बाहर आने की कोशिश करें। आगे देखें कि आपके पास बेहतर परफॉर्म करने के लिए अभी दो और साल हैं। मेहनत में कहां कमी रह गई है इस बात का पता लगाएं और इन फैक्टर्स को दूर करने का प्रयास करें। अपने दोस्तों, परिवार और पढ़ाई के माहौल या किसी और को ब्लेम न करें। क्योंकि आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे ये सभी बहुत छोटे फैक्टर हैं।

अगर आपका 12वीं का रिजल्ट आया है तो इस स्थिति से आगे की सोचें। जिंदगी यहीं खत्म नहीं होती। पूरी कायनात में कितना कुछ है करने के लिए। फिर एक नंबर डिजिट के लिए खुद को कोसना कितना सही है? आप खुद इस बात को सोचें। जिस फील्ड में भी आप बेहतर हैं या जिस काम को काम करने का मन है, उस दिशा में आगे बढ़ें।

बदलाव के लिए तैयार रहें

डॉक्टर ज्योति और डॉक्टर जितिन दोनों का कहना कि किसी भी स्टूडेंट को एक ही विकल्प पर अटके नहीं रहना चाहिए। डॉक्टर ज्योति के अनुसार जब आप मात्र 15 से 17 साल के होते हैं, तब आपके करियर का निर्णय या तो पैरेंट्स लेते हैं या फिर आपका निर्णय अपने दोस्तों से प्रभावित होता हैं। इसलिए इस बात को समझें कि इन्हें बदला जा सकता है। वहीं डॉक्टर जितिन कहते हैं कि करियर का मतलब केवल दिल्ली या मुंबई ही नहीं हैं। बदलाव के लिए तैयार रहें। जिंदगी ने बहुत कुछ बेहतरीन चीजें आपके लिए संभाल रखी हैं।

खुद को संभलने का पूरा वक्त दें

लाइफ बुरे रिजल्ट पर खत्म नहीं होती है। डॉक्टर सुनील और डॉक्टर ज्योति का कहना है कि आपको अपने प्रति सख्त नहीं होना चाहिए। दवाब और चिंता का यह वक्त जल्दी ही बीत जाएगा। इस बात को समझने की कोशिश करें कि मायूसी से निकलने में हर किसी को वक्त लगता है। जो चीजें आपको परेशान करती हैं उनके बारे में पता लगाएं और उनसे बाहर निकलने की कोशिश करें। अगर इस असफलता की वजह में आप खुद को ही पाते हैं तो अब आगे बढ़ें। खुद को एक और साल दें। क्या आपको नहीं लगता कि 70 साल की जिंदगी में से अपनी गलतियां सुधारने के लिए खुद को एक साल देना कोई बड़ी बात नहीं है?

बुरी भावनाओं को बाहर फेंक दें

डॉक्टर सुनील कहते हैं कि अगर आपको लगता है कि इस खराब परफॉर्मेंस के लिए आप खुद जिम्मेदार हैं तो इस भाव को अंदर ही न रखें। इस घुटन को बाहर निकाल फेंकें। अपने भरोसेमंद व्यक्ति से इस बात को शेयर करें। मन की बात कह देने से आप खुद को हल्का महसूस करेंगे। अगर आपको लगता है कि आप ऐसा कोई नहीं है। तो अपने आस-पास देखें। आपके दोस्त, टीचर, पैरंट्स, भाई-बहन इनमें ऐसा कोई जिस पर आप भरोसा कर सकें। अगर फिर भी लगता है कि आप यह बात किसी से नहीं कह सकते तो हेल्पलाइन नंबर पर जरूर कॉल करें।

पढ़ें और रिसर्च करें

डॉक्टर जतिन कहते हैं कि यहां बहुत-से ऑप्शन हैं। किसी एक को चुनने ने पहले आप सभी के बारे में पता लगाएं। एक बार जानकारी जुटा लेने के बाद ही किसी निर्णय पर पहुंचें। अगर आपको लगता है कि आपके पसंद के कॉलेज का स्ट्रीम को चुनने के लिए ज्यादा नंबरों की जरूरत है तो फिर से सोचें कि आप और क्या कर सकते हैं। इस बारे में करियर काउंसलर की मदद ले सकते हैं।

तुलना करना बंद करें

एक बात जान लें कि हर कोई टॉपर नहीं बन सकता। कई बार योग्यता का अंतर बहुत ही कम होता है। हो सकता है कि पड़ोसी के बच्चे के बहुत अच्छे नंबर आए हों, लेकिन जरूरी नहीं कि वह हर वो काम बेहतर तरीके से कर सकता है, जो आपका बच्चा करता हो। तुलना करना बंद करें और अपने बच्चे की स्किल्स को पहचानें। यह कहना है डॉक्टर ज्योति, जितिन और सुनील का।

जेनरेशन गैप

डॉक्टर ज्योति का कहना है कि आज की जेनरेशन की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। अब हर कोई जिंदगी को पूरी तरह जीना चाहता है। इसके लिए डॉक्टर और इंजिनियर होना जरूरी नहीं है। जबकि पैरंट्स की प्रायॉरिटीज में आज भी गुड करियर और पैसा ही सबकुछ हो सकता है। इस बदलाव को स्वीकारने की जरूरत है।

करियर ऑप्शन्स को समझें

डॉक्टर जितिन कहते हैं कि आज के वक्त में इतने नए करियर ऑप्शन हैं जो पहले कभी नहीं थे। डॉक्टर जितिन खुद स्नरूस ग्रैजुएट और कॉर्पोरेट जॉब छोड़कर करियर काउंसलिंग का अपना बिजनस शुरू किया। जबकि उनके पापा ऐसा नहीं चाहते थे। लेकिन आज जितिन खुश हैं, सफल हैं और पैसा भी कमा रहे हैं। ऐसे ही बहुत से करियर ऑप्शन आज के वक्त में उपलब्ध हैं।

डिप्रेशन के लक्षणों को समझें

डॉक्टर सुनील कहते हैं कि अगर आप सबकुछ कर चुके हैं लेकिन फिर भी लगता है कि आपका बच्चा समाज के साथ जुड़ नहीं पा रहा है, जो चीजें उसे पसंद थी अब नहीं हैं, वह अपने दोस्तों से भी कट रहा/रही है। तो इस बात को गंभीरता से लें। ये डिप्रेशन के लक्षण हो सकते हैं। जल्द मनोचिकित्सक से मिलें।

हेल्थ सीक्रेट

लड़कियों के लिए जरूरी सेफ्टी रूल्स...

मार्डन समय में ज्यादातर लड़कियां अपने घर से दूर किसी शहर में पढ़ाई या जॉब करने के लिए जाती है। कोई पी.जी में या किसी से रूम शेयर करके रहती है।

ऐमें कुछ लड़कियों के मां-बाप को उनकी लगातार चिंता लगी रहती है कि उनकी बेटी पराए शहर में सुरक्षित है भी या नहीं। इसके अलावा अपने घर से दूर अकेले रहने वाली लड़कियों को भी हर समय अपनी सेफ्टी की चिंता लगी रहती है। अगर आप भी अपने परिवार से दूर रह रही है तो ऐसे में आपको सर्तक रहने की जरूरत है। किसी लड़की का अकेले किसी शहर में रहना मुश्किल नहीं है लेकिन उसको कुछ सावधानी बरतने और खतरों से अपने आप को बचाकर रखने की जरूरत है। आज हम आपको कुछ ऐसे सेफ्टी टिप्स बताएंगे जो हर लड़की के लिए सही साबित होंगे।

हैड फोन का यूज

अक्सर देखा जाता है कि लड़कियां सड़क या बस में ट्रैवल करते समय हैड फोन का यूज करती है लेकिन ऐसा बिल्कुल न करें। हैड फोन लगाकर आप अपने आसपास होने वाली एक्टिविटी से अनजान रहेंगे जो काफी रिस्की हो सकता है।

आसपास की जानकारी रखें

अपने घर के आसपास रह रहे लोगों की जानकारी रखें कि कौन कहां रहता है, इस बात की नॉलेज रहें। अगर आपके उनसे रिलेशन अच्छे होंगे तो हो सकता है कोई मदद मिल जाए।

रेंट में रहने वाली महिलाएं

रेंट के मकान में रह रही है तो किसी भी अनजान व्यक्ति के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहिए। फिर चाहे कोई सैल्स मेन ही दवाजे पर क्यों न खड़ा हो।

आने-जाने का टाइम चेंज

ऑफिस से घर आने-जाने का टाइम बदलती रहे, ताकि आसपास रहने वाले लोग आपकी टाइमिंग से अनजान रहे और कोई चाह कर भी आपका पीछा न कर सकें।

मैड रखने से पहले छान-बीन

घर में कोई नौकरानी रखने से पहले, उसका पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें।

फेशियल योग से दूर होंगी झुर्रियां...

दाग-धब्बे किसे पसंद आते हैं और वो भी चेहरे पर अगर आप भी चेहरे पर नजर आने वाली बारीक रेखाओं और झुर्रियों से परेशान हैं तो इसे दूर करने में फेशियल योग आपकी मदद कर सकता है। फेशियल योग न केवल चेहरे पर रौनक लाता है बल्कि इससे तनाव भी दूर होता है। यह तनाव ही है जो चेहरे की रौनक को खत्मकर देता है और इसके कारण उस पर बारीक रेखाएं और झुर्रियां नजर आने लगती हैं।

जरूरी है व्यायाम

योग एक्सपर्ट्स का मानना है कि हमारे चेहरे में करीब 52 मांसपेशियां होती हैं। इन मांसपेशियों का नियमित व्यायाम चेहरे, गर्दन और आंखों के तनाव को कम करता है। जिस तरह नियमित व्यायाम न करने से हमारा शरीर कमजोर और बेडौल हो जाता है उसी तरह चेहरे का व्यायाम न करने से चेहरे पर भी उम्र के साथ बदलाव आ जाता है। चेहरे की मांसपेशियों को आराम देने से महीन रेखाओं और झुर्रियों पर लगाम लगाई जा सकती है। ये नहीं कहा जा सकता कि फेशियल योग से महीन रेखाएं और झुर्रियां गायब हो जाती हैं, पर हां रोकी जरूर जा सकती हैं। एचसीएल हेल्थ केयर की योगाचार्या अर्चना सिंह कहती हैं, 'फेशियल योग किसी भी समय किया जा सकता है। इसे हमेशा शीशे के सामने खड़े होकर ही करें। ऐसा करना आपको थोड़ा अजीब जरूर लग सकता है।

क्यों हैं असरदार

फेशियल एक्सरसाइज या फेशियल योग आपके चेहरे की मांसपेशियों को टोन करता है, जिससे चेहरे पर बढ़ती उम्र की निशानियां नहीं झलकती। चेहरे को हाथों से दबाने भर से ही रक्तसंचार अच्छा हो जाता है जिससे कॉलेजन बनता है और चेहरा साफ, स्वस्थ और चमकदार हो जाता है। फेशियल योगासन से चेहरे की अतिरिक्त चर्बी से भी छुटकारा मिलता है। यही नहीं, योगासन से आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

ये योगासन करेंगे मदद

- अपने गालों को फुलाएं और फिर उस हवा को एक गाल से दूसरे गाल में पांच बार घुमाएं और फिर होंठों को गोल कर या छोटा 'ओ' बनाकर उसे निकाल दें।
- अपनी जीभ को मुंह से जितना ज्यादा बाहर निकाल सकती हैं, निकालकर 60 सेकंड तक इसी मुद्रा में रुकें और वापस सामान्य मुद्रा में आ जाएं।
- अपने दांतों को कसकर बंद करें और जीभ को दांतों के पीछे लगाकर हवा अंदर खींचें और कुछ सेकंड रुकें फिर हवा से बाहर निकाल दें। ऐसा करने से गर्दन की मांसपेशियां ऊपर की ओर खिंचेंगी जिससे आपकी गर्दन और डबल चिन की समस्या दूर होगी।
- डबल चिन को कम करने और गर्दन की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए आप अपने सिर को एक तरफ कंधे तक ले जाएं, थोड़ी देर रुकें और वापस आ जाएं, दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। गर्दन को दोनों दिशाओं में गोल-गोल घुमाएं।
- ऊपर की ओर देखें और मुंह को इस तरह सिकोड़ें मानो किसी को चूमने वाली हों। 5 सेकेंड तक इसी मुद्रा में रहें और फिर वापस सामान्य मुद्रा में आ जाएं। इससे आपकी गर्दन की मांसपेशियां खिंचती हैं और मजबूत हो जाती हैं।
- होठों को गोल करें या उनसे छोटा 'ओ' बनाएं और फिर होठों को फैलाएं और बड़ा 'ओ' बनाएं जैसे कि हंसने वाली हों। ऐसा 10 बार करें।
- अपने होठों को बंद रखते हुए मुस्कुराएं। फिर अपने गालों को अंदर की ओर खींचें और मछली के मुंह के जैसे मुंह बनाएं।
- छत की ओर देखें। किसी एक पॉइंट पर ध्यान केंद्रित करें और आंखों में पानी आने तक या दर्द होने तक वहां देखती रहें। इससे आंखों के चारों ओर ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा जो गड्ढों और काले घेरों को कम करने में मददगार साबित होगा।

तुरंत हिचकी रोकेंगे ये आसान उपाय!

आमतौर पर कई लोगों को हिचकी लग जाती है। कई बार तो इसे रोकने के सारे उपाय भी कोई काम नहीं करते। लेकिन जिस व्यक्ति को हिचकी लगी होती है उसे इससे बहुत ही परेशानी हो रही होती है। डॉक्टर हिचकी के बारे में अलग ही बाते बताते है कि जब छाती और पेट की मांसपेशियां सिकुड़ती है तो हमारे फेफड़े तेजी से हवा खिंचने लगते है और सांस लेने में दिक्कत होने लगती है, जिस कारण हिचकी शुरू हो जाती है। ऐसे में हमें तुरंत ये उपाय करने चाहिए।

1. अगर आपको लगातार हिचकी आ रही है तो अपने मुंह में चीनी डाल लें। ऐसा करने से हिचकी तुरंत बंद हो जाती है।
2. हिचकी आने पर नींबू के साथ एक चम्मच शहद मिलाकर लेने से आराम मिलता है।
3. ध्यान भटकाने से भी हिचकी रूक जाती है इसके लिए आप 100 से 1 तक की उल्टी गिनती गिनना शुरू कर दें।
4. कई बार तेज-तेज खाना खाने से भी हिचकी आने लगती है। खाना धीरे-धीरे चबा-चबा कर खाएं हिचकी आनी बंद हो जाती है।
5.जब भी हिचकी की समस्या से परेशान हो तो तुरंत चॉकलेट पाउडर का एक चम्मच खा लें। इसे खाने से थोड़ी देर में हिचकी ठीक हो जाएगी।
6. थोड़े से नमक को पानी में मिलाकर एक या दो घूंट पीएं। इससे हिचकी की समस्या में तुरंत आराम मिलेगा।

रेसिपी

ब्रैड जैली रोल

सामग्री

1 ब्रैड लोफ
5-6 काजू
4-5 बादाम
1/2 कप स्ट्रॉबेरी जैम
6 किसमिस
छोटा चम्मच चीनी पाऊडर

विधि

सबसे पहले बादाम और काजू को मिक्सी में अच्छे से पीस लें फिर किसमिस को छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। अब ब्रैड लोफ को पतले लंबे स्लाइसेस में काट लें। ब्रैड के चारों साइड्स को काट लें। अब ब्रैड स्लाइसेस को बेलन की मदद से चपाती की तरह बेल लें ताकि ब्रैड स्लाइसेस पतला हो जाए। इसके बाद स्लाइसेस पर जैस को अच्छी तरह लगा लें। उसके बाद काजू, बादाम और किसमिस डालकर ब्रैड को रोल कर लें। अब इस रोल को वैक्स पेपर पर रख के फिर से रोल करें और 30 मिनट के लिए फ्रिज में रखें। अब फ्रिज से रोल निकाल कर वैक्स पेपर को हटा कर रोल को अपनी मनपंसद शेप में काट लें। कटे हुए रोल पर चीनी पाऊडर डालें। आपका ब्रैड जैली रोल तैयार है।

कटहल बर्गर

सामग्री (कटहल की टिक्की के लिए)

50 ग्राम कटहल (उबला हुआ), 1 आलू (उबला हुआ), नमक स्वादनुसार, 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), 1 चम्मच हरा धनिया (बारीक कटी हुई), 1 चम्मच अदरक का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच जीरा पाऊडर, 1 छोटा चम्मच काली मिर्च पाऊडर, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाऊडर, तेल आवश्यकतानुसार (टिक्की सेकने के लिए), **सामग्री (बर्गर के लिए)**, 1 बन, 4 चम्मच टौमेटो सॉस,1 खीरा (गोल कटा हुआ),1 टमाटर (गोल कटा हुआ),1 प्याज (गोल कटा हुआ),2 चम्मच सफेद तिल, 2 चम्मच हरी चटनी,1 चम्मच मक्खन, 2 छोटे चम्मच तिल

विधि

सबसे पहले एक कटोरे में आलू और कटहल डालें (बारीक कटे हुए)। अब इसमें नमक, हरी मिर्च, हरा धनिया, अदरक, काली मिर्च पाऊडर, लाल मिर्च पाऊडर और जीरा पाऊडर डाल कर इसे अच्छे से मिलाकर गोल टिक्की तैयार कर लें। अब नॉन-स्टिक तवे पर तेल गर्म करके टिक्की को दोनों भाग से तलें। इसके बाद बन को बीच में काट लें। बन के अंदर के हिस्सों पर टमेटो सॉस लगाएं। अब खीरा, टमाटर और प्याज का स्लाइस रखें। अब इसपर टिक्की रखें, फिर ऊपर हरी चटनी फिर खीरा, टमाटर और प्याज के स्लाइस रखकर बन को ऊपरी हिस्से से ढक दें। नान स्टिक तवे पर थोडा मक्खन डालकर बर्गर को दोनों तरफ से हल्का सेक लें। ऊपर के हिस्से पर थोडा तिल लगा दें। आपका कटहल बर्गर तैयार है।

क्या आप जानते हो

बहादुर बब्बर शेर

अगर यह प्रश्न पूछा जाए कि जंगल का राजा कौन है, तो शायद ही कोई ऐसा हो, जिसे मालून न हो कि शेर जंगल का राजा है। बहुत पुराने समय से उसे शक्ति और प्रभुत्व का प्रतीक माना जाता है। भारत ने भी उसे अपने राष्ट्रीय चिन्ह में स्थान दिया है। वह पशुओं में सबसे अधिक रोबीला और बहादुर है। बिल्ली जाति का वह एकमात्र पशु है, जिसके नर की गर्दन दर्शनीय अयाल से सुशोभित रहती है। शेर की शारीरिक गठन, बनावट और आदतें घरेलू बिल्ली के समान होती हैं।

एक समय था, जब शेर बब्बर उत्तरी भारत के अधिकांश मैदानी जंगलों में पाया जाता था, किंतु अब उनकी संख्या काफी कम हो गई है। अपनी निर्भीकता के कारण वह सरलता से मारा गया। भारत में उनके संरक्षण के लिए गिरनार में एक संरक्षित वन बनाया है जहां लगभग दो सौ शेर है।

भारतीय शेर की लंबाई 2.5 मीटर से 2.9 मीटर और वजन 200 से 250 किलोग्राम होता है। वह समाज प्रिय पशु है और झुंड बनाकर रहता है। एक झुंड में दो तीन शेर कुछ शेरनियां और बच्चे होते हैं। वे मिलकर शिकार करते हैं, जिसमें प्रमुख भाग शेरनियां लेती हैं। शिकार पर पहला अधिकार शेर का होता है, शेरनियां व बच्चे बाद में खाते हैं। तीन वर्ष से बड़े शेर अपना नया झुंड बनाते हैं। दिन के समय शेर किसी घनी झाड़ी में सोया रहता है, शाम होते ही उसे भोजन प्राप्त करने की चिंता होती है। प्राय: वह जलाशय को जाने वाले मार्ग के किनारे दुबककर बैठ जाता है।

जुगनू कैसे चमकते हैं ?

अंधेरी रातों में जुगनूओं को चमकते हुए तो आप सबने जरूर देखा होगा। यदि अंधेरा हो, तो जुगनू का बारी-बारी से चमकना और बंद होना रोमांचक और आर्कषक दिखता है। जुगनू लगातार नहीं चमकते, बल्कि एक निश्चित अंतराल में ही चमकते और बंद होते हैं। जुगनू के पेट में नीचे की ओर स्किन के ठीक नीचे कुछ हिस्सों में रोशनी पैदा करने वाले अंग होते हैं। इन अंगों में एक रसायन होता है। यह रसायन ऑक्सीजन के संपर्क में आकर रोशनी पैदा करता है। वहां एक और रसायन भी होता है, जो इस रोशनी पैदा करने की क्रिया को उकसाता है, हालांकि यह पदार्थ खुद क्रिया में भाग नहीं लेता है। पुराने जमाने में लोग रोशनी पैदा करने वाले कीटों को पकड़कर अपनी झोंपड़ियों में उजाले के लिए इस्तेमाल करते थे। ये लोग किसी छेद वाले बर्तन में जुगनूओं को पकड़ कर कैद कर लेते थे और रात को इन कीटों की रोशनी में अपना काम करते थे। दूसरे विश्व युद्ध में जापानी फौजी किसी संदेश या नक्शे को पढ़ने के लिए कीटों से निकलने वाली रोशनी की मदद लेते थे। जुगनूओं के अलावा और भी जीव हैं जो रोशनी पैदा करते हैं। कुछ बैक्टीरिया, कुछ मछलियां, कुछ किस्म के शैवाल, घोंघे और केकड़ों में भी रोशनी पैदा करने के गुण होते हैं। कुछ फफूंद भी चमकने की क्षमता रखती हैं और लगातार रोशनी पैदा कर कीटों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। कुकरमुत्ते की एक किस्म भी रात में बड़ी तेजी से चमकती है।

कुदरत का खूबसूरत अजूबा विक्टोरिया जलप्रपात

आकर्षक उद्यानों वाले पठार, ऊंची-ऊंची पर्वत श्रेणियां, रोमांचक वन्य जीवन, समुद्र जैसी विशाल झीलें और मनमोहक जलप्रपात, यह सब कुछ ऐसी विशेषताएं हैं जिनकी वजह से बार-बार अफ्रीका जाने को मन करता है। अफ्रीका की प्राकृतिक खूबसूरती में जो चीज सबसे अधिक हैरान करती है वह है भव्य विक्टोरिया जलप्रपात। इस जलप्रपात को कुदरत का खूबसूरत अजूबा ही कहा जा सकता है।

ऐसा अनुमान है कि प्रति मिनट जैंबेजी नदी का लगभग 55 लाख घन मीटर पानी घाटी में नीचे गिरता रहता है और इस घाटी के सामने के छोर से, जोकि नदी के तट जितना ही ऊंचा है, का आनंद आप ले सकते हैं। इस प्रपात को एक किनारे से दूसरे किनारे तक देखने के लिए आपको कार द्वारा या फिर पैदल पुल पार करके जिम्बाब्वे की सीमा में प्रवेश करना होगा। यह पुल जलप्रपात से 700 मीटर दक्षिण में स्थित है और इस पर खड़े होकर आप इसका पूरा नजारा देख सकते हैं।

विक्टोरिया जलप्रपात के आसपास लोग हजारों साल से रहते आ रहे हैं, लेकिन बाहरी दुनिया को प्रकृति के इस आश्चर्य से परिचित कराने का श्रेय एक स्काटिश मिशनरी डेविड लिविंग्सटन को जाता है। 1855 में एक छोटी सी नाव में बैठ कर वह यहां पहुंचा था। उसी ने उस समय की परंपरा के अनुसार इंग्लैंड की महारानी के नाम पर इसे विक्टोरिया जलप्रपात नाम दिया और उसके नाम पर इस शहर का नाम पड़ा लिविंग्सटन।

इस जलप्रपात का सबसे पुराना नाम शोंगवे था, जो इस क्षेत्र में बसे टोकलेया लोगों ने इसे दिया था। उसके बाद एंडेबेले लोग यहां आकर बसे और उन्होंने इसे बदल कर अमांजा थुंकुआयो कर दिया, जिसका अर्थ हुआ, धुएं में बदलता हुआ पानी। अंत में मकालोलो लोगों ने इसे एक नया नाम दिया मोस औ तुन्या, यानि गरजता हुआ धुआं। स्थानीय लोगों में आज भी यही नाम प्रचलित है। पिछले लगभग साढ़े पांच लाख वर्षों के दौरान यह जलप्रपात अपना स्थान बदलता रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान नदी अब तक सात घाटियां पीछे छोड़ कर अपने वर्तमान स्थान पर पहुंची है। यहां आपको पानी तथा कीचड़ में अपने स्थूल शरीर को छिपाने का प्रयास करते हिप्पो भी देखने को मिल जाएंगे।

आसपास के वनों में आपको एक डाल से दूसरी डाल पर कूदते बंदर भी नजर आएंगे साथ ही अनेक प्रकार के पक्षियों का कलरव भी आपका मन मोह लेगा। यहां का विक्टोरिया राष्ट्रीय उद्यान हाथी, अफ्रीकी भैंस, शेर तथा अन्य वन्य पशुओं से भरा पड़ा है। नदी में बड़े-बड़े खतरनाक मगरमच्छ भी हैं इसलिए इसमें नहाना सुरक्षित नहीं है। यहां सूर्योदय तथा सूर्यास्त देखने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से दिसंबर के बीच ही होता है, उस समय नदी में पानी भी ज्यादा नहीं होता और आकाश भी साफ होता है। आधुनिक पर्यटकों के मनोरंजन के लिए यहां पैराशूटिंग और जैंबेजी पुल से बंजी जंपिंग जैसे रोमांचक खेलों की व्यवस्था है। मछली पकड़ने के शौकीनों के लिए कुछ विशेष नौकाएं भी यहां उपलब्ध हैं जो नदी के अंदर ले जाकर आपके इस शौक को पूरा करती हैं। विक्टोरिया जलप्रपात को देखने के बाद आप यह अवश्य ही महसूस करेंगे कि प्रकृति का इससे अधिक रोमांचक, नाटकीय, भव्य तथा विलक्षण रूप शायद ही कहीं अन्यत्र देखने को मिले।

पृथ्वी जैसा एक ग्रह मौजूद है सौर मंडल में



सौरमंडल में अनेक ग्रह, नक्षत्र उपस्थित हैं, इनके बारे में पता लगाने की लगातार कोशिशें चलती रही हैं। हाल ही में अमेरिका के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के सौरमंडल के बाहर पृथ्वी जैसे ही एक ग्रह की उपस्थिति का पता लगाया है जिसका आकार पृथ्वी जितना ही है। इस ग्रह का द्रव्यमान पृथ्वी के द्रव्यमान का 3 गुना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि चूंकि इस ग्रह की बहुत सी विशेषताएं पृथ्वी से मिलती जुलती हैं; इसलिए इस पर जीवन की सम्भावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

वैज्ञानिकों ने 'गोल्डीलॉक्स जोन' नामक इस नए ग्रह में पानी होने की सम्भावना भी व्यक्त की है, उनका कहना है कि यह ग्रह जिस तारे की कक्षा में है उससे इसकी दूरी न तो बहुत कम ही है न ही बहुत ज्यादा इसलिए इस ग्रह पर पानी के तरल अवस्था में मौजूद होने की पूरी सम्भावना है। खोजे गए इस नए ग्रह की एक और विषेशता है जो हमारी पृथ्वी से मिलती-जुलती है वह ये कि वातावरण और गुरूत्व के लिए भी यह ग्रह न तो बहुत बड़ा है और न ही बहुत छोटा। पृथ्वी से 20 प्रकाशवर्ष दूर स्थित यह ग्रह 'ग्लीज 581' तारे की कक्षा में चक्कर लगा रहा है। सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 37 दिनों का समय लगता है। इस ग्रह के एक भाग में अंधेरा है। इसके 'ग्रे' जोन में जीवन की सम्भावना है। खगोलविद स्टीवन का कहना है कि यदि खोजे गए इस नए ग्रह को अन्य वैज्ञानिकों द्वारा स्वीकृति मिल गई तो यह पृथ्वी से मिलता जुलता पहला ग्रह होगा।

नए ग्रह की यह खोज हवाई स्थित 'डब्ल्यूएम कैक ऑब्जरवेटरी' में किए 11 साल के अध्ययन का परिणाम है। इस नए ग्रह की खोज के साथ ही हमारे सौरमंडल के बाहर खोजे गए ग्रहों की संख्या 400 से भी अधिक हो गई है। गौरतलब है कि हाल ही में खगोलशास्त्रियों ने एक ऐसे आकाशीय पिंड की पहचान की थी जिसका आकार पृथ्वी से दोगुना था, किन्तु इस ग्रह का अपने तारे के बहुत निकट होने के कारण इस पर जीवन की संभावना नहीं की जा सकी। परन्तु अब इस नए ग्रह की खोज ने अवश्य ही हमारे अलग पृथ्वी बसाने की नई उम्मीदें जगा दी हैं।

रंगोली के रंग

रंगोली धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक है। हमारे यहां त्योहार, व्रत, पूजा, उत्सव, विवाह आदि शुभ अवसरों पर रंगोली बनाने की परंपरा है। इनका उद्देश्य सजावट और सुमंगल है। रंगोली को द्वार की देहरी, आंगन के केंद्र या पूजा स्थल पर बनाया जाता है।

ऐसे हुई शुरुआत

प्राचीन काल में लोगों का विश्वास था कि कलात्मक चित्र बनाने से घर में धन-धान्य में वृद्धि होती है। ग्रामीण अंचलों में घर-आंगन बुहारकर लीपने के बाद रंगोली बनाने का रिवाज आज भी प्रचलित है।

रंगोली की आकृतियां

रंगोली को बनाने में नारियल का चूरा, चावल का आटा, सिंदूर, रोली, हल्दी, सूखा आटा और रंगोली के रंगो का प्रयोग किया जाता है। इसमें साधारण ज्यामितिक आकार हो सकते हैं या फिर देवी देवताओं की आकृतियां। विशेष अवसरों पर बनाई जाने वाली रंगोलियों में कुछ विशेष आकृतियां भी जुड़ जाती हैं, जैसे दिवाली की रंगोली में दीप, गणेश या लक्ष्मी।

आप भी बनाएं रंगोली

यदि आपको रंगोली बनाने की प्रैक्टिस नहीं है, तो भी मन खराब करने की जरूरत नहीं है। आप भी रंगोली से अपने घर के आंगन को सजा सकते हैं। रंगोली बनाने के लिए प्लास्टिक के स्टेंसिल्स का प्रयोग भी किया जाता है। 'रेडिमेड रंगोली स्टिकर' भी बाजार में उपलब्ध हैं, उन्हें साफ जमीन पर चिपका कर उस पर रंगोली का डिजाइन बनाया जा सकता है। रंगोली को झाड़ू या पैरों से नहीं हटाया जाता है, बल्कि इसे पानी से साफ किया जाता है। किसी सुंदर से कांच या क्रिस्टल के बर्तन में पानी डालें। इसमें फूलों की पंखुड़ियां सजाएं और फिर रंग-बिरंगी कैंडल्स को पानी पर छोड़ दें। यह खुशबूदार और जगमगाती रंगोली आपके घर आने वाले मेहमानों को यकीनन बहुत पसंद आएगी।

हसो हसाओ

टीचर (जय से)- बड़े होकर तुम क्या करोगे ?
जय- सर, शादी
टीचर- मेरा मतलब है कि क्या बनोगे ?
जय- जी, मैं दूल्हा बनूंगा।
टीचर- मेरा कहना चाह रहा हूं कि तुम क्या हासिल करोगे ?
जय- दुल्हन।

— — — — — — — — — — — —

संता (दुकानदार से)- एक केला कितने का दिया ?

दुकानदार- एक रुपए का एक।

संता- यह तो बहुत महंगा है, तुम मुझे 60 पैसे में दोगे क्या ?

दुकानदार- इतने कम पैसों में तो सिर्फ केले का छिलका ही मिलेगा।

संता- तो ठीक है न, ये लो 40 पैसे और सिर्फ केला दे दो।

सत्यनारायण शर्मा : जवाहरात के पारखी जिनकी विशेषज्ञता की कहानी है निराली

प्रसिद्ध रत्नविज्ञानी सत्यनारायण शर्मा, जिन्हें हम प्यार से मुन्ना भाई भी कहते हैं, का जीवन व्यावसायिक दक्षता और निस्वार्थ सेवा का एक अनूठा संगम है। लेखक भक्त राम, प्रदीप जाजू और डॉ. संदीप साबू के साथ उनकी तिरुपति यात्रा और बातचीत के आधार पर, यह लेख उनकी जीवन यात्रा, उपलब्धियों और विशिष्ट व्यक्तित्व को उजागर करता है।

12 मई 1953 को हैदराबाद के एक प्रतिष्ठित जौहरी परिवार में जन्मे सत्यनारायण शर्मा के खून में ही जवाहरात की परख समाई हुई है। उनके पिता मदनलाल शर्मा, दादा गंगादास शर्मा और नाना ओंकार लाल सभी इसी व्यवसाय से जुड़े थे। उनके परिवार का नाम हैदराबाद में भरोसे और सटीकता के लिए जाना जाता है। वाणिज्य में बी.कॉम. की पढ़ाई अच्छे अंकों से पूरी करने के बाद, उन्होंने कानून की पढ़ाई में एक साल बिताया, लेकिन उनका मन नहीं लगा। अपनी रुचि को पहचानते हुए, उन्होंने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने चेन्नई में 8-10 महीने आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण लिया और फिर मुंबई में 6-8 महीने आभूषणों के मूल्यांकन की बारीकियों को समझने में लगाए।

पिछले 50 वर्षों से अधिक का अनुभव उन्हें इस क्षेत्र का पितामह बना चुका है। उनकी जीवन यात्रा कठिनाइयों और बाधाओं से भरी रही, लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया।

शर्मा जी को उनकी ईमानदारी और सटीकता के लिए जाना जाता है। उन्हें 2006-07 में केंद्रीय वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत आकलनकर्ता के रूप में मान्यता मिली। इसके अलावा, उन्हें तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर की ज्वेलरी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी (जेटीएसी) का सदस्य मनोनीत किया गया।

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पद्मावती अतिथि गृह में सत्यनारायण शर्मा, श्रीमती जमुना देवी शर्मा, प्रदीप जाजू, डॉ. संदीप साबू एवं भक्त राम।

उनका सबसे चर्चित मूल्यांकन तब सामने आया, जब उन्होंने एक बड़े सत्तासीन नेता द्वारा भेंट किए गए मुकुट का आकलन किया। जहाँ अन्य 25 विशेषज्ञों ने इसका मूल्यांकन 25-30 करोड़ रुपए बताया, वहीं शर्मा जी ने इसे केवल 12-15 करोड़ रुपए का बताया। गहन जाँच के बाद, उनकी रिपोर्ट को सही और आधिकारिक रूप से स्वीकार किया गया।

उन्होंने नीरव मोदी की फायर स्टार कंपनी और मेहुल चोकसी की गीतांजलि लिमिटेड जैसे चर्चित मामलों में भी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने निज़ाम ट्रस्ट के अध्यक्ष सदरूद्दीन झवेरी के साथ निज़ाम के बहुमूल्य आभूषणों की भी 50 से अधिक बार सूक्ष्मता से जाँच की। इन्हीं आभूषणों को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार ने 180 करोड़ में खरीदकर विदेश जाने से बचाया था।

शर्मा जी की निःस्वार्थ सेवा का एक और उदाहरण तिरुपति बालाजी मंदिर में भगवान श्रीवारी के आभूषणों का दस्तावेजीकरण है। उन्होंने एक विशेष कमेटी की अध्यक्षता करते हुए 500 पृष्ठों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की, जिसमें हर आभूषण का विवरण था।

इस रिपोर्ट को मंदिर प्रशासन ने आधिकारिक रूप से स्वीकार किया।आज भी वे हनुमान मंदिर-सनत नगर, काली माता मंदिर-मिलिट्री और वैष्णो देवी मंदिर जैसे कई प्रतिष्ठित मंदिरों में अपनी सेवाएँ निःशुल्क दे रहे हैं।

उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण शर्मा को भी 2019-20 में वित्त मंत्रालय द्वारा आकलन सदस्य के रूप में अधिकृत किया गया है, जबकि उनके दूसरे पुत्र गोपाल शर्मा भी उनके कार्यों में पूरी तरह से सहयोग करते हैं।

-भक्त राम, हैदराबाद

समुद्र किनारे लाइब्रेरी

आईकिया कंपनी ने अपनी बीसवीं सालगिरह के उपलक्ष्य में सिडनी बाडी बीच में केवल एक दिन के लिए समुद्र के किनारे एक नायाब लाईब्रेरी पेश की थी। इसमें लाल रंग की 30 बुक शैल्फ रखी गई थीं।



कारों से महंगे ऊंट

आबूधाबी में लगे एक ऊंट महोत्सव में ऊंटों की कीमत मर्सिडीज कारों से भी ज्यादा थी। हाल ही में हुए एक महोत्सव में ऊंट व्यवसायी हमदान बिन गानीम अल फलादी ने 3 ऊंट दो करोड़ चालीस लाख दिहराम (करीब 29 करोड़ रुपए) में खरीदे।



घोंसले वाला मेंढक

कर्नाटक में एक विशेष प्रजाति का मेंढक पाया जाता है, जो पक्षियों की तरह घोंसला बनाकर रहता है। परभक्षियों से आपने अंडों की हिफाजत करने के लिए वह पजे से अपना घोंसला बनाता है।

मुलाकात से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन को दिया झटका, रूस के लिए चुनौती खड़ी करेगा कॉरिडोर

वाशिंगटन,09 अगस्त (एजेंसियां) ।

अमेरिका खुद के फायदे के लिए सामदाम दंडभेद की रणनीति पर चलता है। इसके लिए किसका क्या नुकसान होगा इससे वो वास्ता नहीं रखता। रुस के अमेरिका संबंध तल्ख है। दोनों देशों के राट्रपतियों की मुलाकात होना है। इससे पहले अमेरिका रुस बड़ा झटका दे दिया है। अमेरिका एक कॉरिडोर बनाएगा जो रुस के लिए बड़ी चुनौती होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के नेताओं को एक मंच पर लाकर ऐतिहासिक शांति समझौता करवाया। इस समझौते से 35 साल पुरानी जंग खत्म हो गई है। इस समझौते से दक्षिण कॉकसस में दशकों से चले आ रहे तनाव को कम करने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन इस डील का सबसे चर्चित पहलू यह है कि अमेरिका को आर्मेनिया की जमीन से होकर एक नया ट्रांजिट कॉरिडोर विकसित करने का विशेष और दीर्घकालिक अधिकार मिल गया है। यह कॉरिडोर ट्रंप के नाम पर रखा जाएगा। इसका नाम टीआरआईपीपी ट्रंप रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रोसपेरिटी होगा। यह डील रूस के लिए झटका है, क्योंकि इससे उसका प्रभाव कम होगा। पुतिन और ट्रंप की 15 अगस्त को होने वाली मुलाकात से पहले यह एक बड़े झटके की तरह है।

यह रास्ता आर्मेनिया की जमीन पर बनेगा, लेकिन अमेरिका इसे लीज पर लेकर बनाएगा। ट्रम्प ने मजाक में कहा, 'मैंने इसका नाम अपने लिए नहीं मांगा, ये तो सम्मान है!' ट्रंप ने इसे 'शांति के लिए बड़ी जीत' बताया और दावा किया कि वर्षों से अटके मुद्दे को अब हल कर लिया गया है। यह डील ट्रंप के लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि यह उनके 'ग्लोबल शांतिदूत' की छवि को और चमकाएगी। हाल ही में ट्रंप ने कंबोडिया और थाईलैंड के बीच भी सीजफायर करवाया था। कथित तौर पर उन्होंने धमकी दी थी कि अगर युद्ध नहीं रुका तो वह दोनों देशों से ट्रेड रोक देंगे। रूस को इस समझौते से झटका लगा है। दरअसल दोनों देश सोवियत संघ से अलग हुए थे, इसलिए इनके ऊपर रूस का प्रभाव था। डील के कारण दोनों देशों ने 1992 में बने मिन्स्क ग्रुप को भंग करने की मांग का समर्थन किया, जो रूस, फ्रांस और अमेरिका की अगुवाई में दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करता था। रूस यूक्रेन युद्ध में उलझा है, इसलिए उसका इस इलाके में दबदबा कम हुआ है। ट्रंप ने इसका फायदा उठाया और अमेरिका को इस क्षेत्र में नया लीडर बना दिया। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ मिलकर इस समझौते को अंतिम रूप दिया। 'ट्रम्प रूट' आर्मेनिया के रास्ते अजरबैजान को उसके नखचिवान क्षेत्र से जोड़ेगा। इस 43 किलोमीटर के रास्ते में रेल, तेल-गैस पाइपलाइन और फाइबर ऑप्टिक लाइनें होंगी। अमेरिका को इस रास्ते को बनाने का विशेष अधिकार मिलेगा, और इसे प्राइवेट कंपनियां डेवलप करेंगी। ट्रंप ने गर्व से कहा, 'कई नेताओं ने कोशिश की, मगर शांति सिर्फ हम ला सके।' इस डील के बाद आर्मेनिया और अजरबैजान के नेताओं ने ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग की है।

न्यूज ब्रीफ

संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पर नियंत्रण के इजराइल के फैसले पर चिंता जताई

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे (नियंत्रण) के इजराइल के फैसले पर चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता के बयान के अनुसार, इजराइल के गाजा शहर पर नियंत्रण करने से लाखों फिलिस्तीनियों पर विनाशकारी परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं। साथ ही शेष बंधकों समेत और भी लोगों के जीवन को खतरा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने कहा कि इजराइल का यह फैसला खतरनाक उग्रता का प्रतीक है। महासचिव ने चेतावनी दी है कि इससे जबरिया विस्थापन बढ़ेगा। खूनखराबा और बड़े पैमाने पर विनाश होगा। इसलिए गाजा में फिलिस्तीनी आबादी की अकल्पनीय पीड़ा और बढ़ जाएगी। उन्होंने स्थायी युद्धविराम, गाजा में निर्बाध मानवीय पहुंच और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की अपनी अपील दुहराई। उन्होंने इजराइल से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने याद दिलाया कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 19 जुलाई 2024 को अपनी सलाह में कहा था कि इजराइल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत रोके। साथ ही कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में अपनी अवैध उपस्थिति को यथाशीघ्र समाप्त करे। गुटेरेस ने कहा कि इसके बिना इस संघर्ष का स्थायी समाधान नहीं होगा। गाजा फिलिस्तीनी राज्य का अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए।

गाजा पर कब्जा नहीं, हमास से मुक्ति का लक्ष्य: नेतन्याहू

यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि उनका देश गाज़ा पर पूर्ण कब्ज़ा करने का इरादा नहीं रखता, बल्कि उद्देश्य गाज़ा को हमास से मुक्त कर एक शांतिपूर्ण प्रशासन स्थापित करना है। यह बयान ऐसे समय आया है जब सुरक्षा कैबिनेट ने गाज़ा सिटी पर नियंत्रण के लिए अभियान के बड़े विस्तार को मंजूरी दी है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी संदेश में नेतन्याहू ने कहा, "गाज़ा को निरस्त्र किया जाएगा और वहां एक नागरिक प्रशासन स्थापित होगा, जो न तो फिलीस्तीनी प्राधिकरण होगा, न हमास और न ही कोई अन्य आतंकी संगठन। यह हमारे बंधकों को छुड़ाने और भविष्य में गाज़ा को इज़राइल के लिए खतरा बनने से रोकने में मदद करेगा।" गुरुवार को एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने गाज़ा पर पूर्ण नियंत्रण का संकेत दिया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और सहयोगियों की चिंता के बाद उन्होंने अपनी भाषा नरम की।

आईएसपीआर का दावा-पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो दिन में 47 आतंकवादियों को मार गिराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने दावा किया है कि शनिवार को सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के झोब जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पार घुसपैठ की कोशिश कर रहे 14 और आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले सात और आठ अगस्त की रात सुरक्षा बलों ने 33 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। डान अखबार की खबर के अनुसार, सुरक्षा बलों ने गुजरी रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित सांबाजा के आसपास 14 आतंकवादियों का सफाया कर दिया। इनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किया गया है। आईएसपीआर की विज्ञप्ति के अनुसार दो दिन तक चले घुसपैठ विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 47 हो गई है। मारे गए आतंकवादियों का संबंध प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से है। डान के अनुसार, नवंबर 2022 में टीटीपी के सरकार के साथ युद्धविराम समाप्त करने के बाद से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि आई है। इनसे पार पाना संघीय सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है।

पाक दूरसंचार प्राधिकरण ने बलूचिस्तान में इंटरनेट सेवा निलंबित की

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है। इस वजह से शिक्षा, ऑनलाइन व्यापार और मीडिया रिपोर्टिंग में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। संघीय सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य प्रांत में सक्रिय सशस्त्र समूहों के बीच संचार को रोकना है। द बलूचिस्तान पोस्ट ने अधिकारियों के हवाले से खबर में कहा कि अगस्त में विशेष रूप से पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस समारोह के आसपास बढ़े तनाव के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) की अधिसूचना में पुष्टि की गई है कि 31 अगस्त तक पूरे बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी।

केन्या : किसुमु में कॉप्टिक गोल चक्कर के पास हादसा

बस खाई में गिरी, 10 महिलाओं समेत 26 की दर्दनाक मौत

नैरोबी (केन्या) ,09 अगस्त (एजेंसियां) ।

दक्षिण-पश्चिमी केन्या में अपने परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल शोक संतप्त लोगों को घर ले जा रही एक स्कूल की बस के खाई में गिर जाने से 26 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा 08 अगस्त को किसुमु में कॉप्टिक गोल चक्कर के पास हुआ।

केन्या के अखबार द स्टार के अनुसार, होमा बे की गवर्नर ग्लेडिस वांगा ने किसुमु बस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। एक बयान में वांगा ने कहा कि इस दुर्घटना में 12 पुरुषों, 10 महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

गवर्नर वांगा ने किसुमु के राज्यपाल प्रोफेसर पीटर आन्यांग न्योंगो के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'हालांकि यह त्रासदी होमा बे में नहीं हुई, लेकिन दुख की कोई सीमा नहीं होती। हम सब इस दुख में एक हैं।'

इस बीच राष्ट्रीय सरकार ने दुर्घटना में जीवित बचे 26 लोगों के लिए चिकित्सा देखभाल बढ़ाने का कदम उठाया है। चिकित्सा सेवा विभाग की प्रमुख सचिव ओउमा ओलुगा ने कहा कि किसुमु शहर में अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जरामोगी ओगिंगा ओडिंगा शिक्षण एवं रेफरल अस्पताल के प्रयासों में सहयोग के लिए तैयार किया गया है।

ट्रंप ने पेंटागन को ड्रग कार्टेल के खिलाफ सैन्य बल के इस्तेमाल के विकल्प तैयार करने का निर्देश दिया

वाशिंगटन,09 अगस्त (एजेंसियां) ।



राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने पेंटागन को आतंकवादी संगठन घोषित ड्रग कार्टेल के खिलाफ अमेरिकी सैन्य बल के संभावित इस्तेमाल के विकल्प तैयार करने का निर्देश दिया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को को इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ट्रंप के जनवरी में हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश के बाद फरवरी में ट्रेन डे अरागुआ, सिनालोआ कार्टेल, एमएस-13 और अन्य ड्रग कार्टेल को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था।

एबीसी न्यूज के अनुसार, ट्रंप के निर्देश की पुष्टि करने वाले दो अधिकारियों में से एक ने कहा कि अमेरिकी सैन्य संसाधनों का कोई भी संभावित इस्तेमाल निकट भविष्य में होने की संभावना नहीं है। ऐसे अभियान की वैधता पर सवाल उठना भी निश्चित है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ट्रंप ने पेंटागन को कार्टेल के खिलाफ सैन्य विकल्प तैयार करने का आदेश देने वाले एक निर्देश पर हस्ताक्षर किए हैं।

राष्ट्रपति के निर्देश पर विचार करने के बाद पेंटागन ने अपनी राय व्हाइट हाउस को भेज दी है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया, 'राष्ट्रपति ट्रंप की सर्वोच्च प्राथमिकता मातृभूमि की रक्षा करना है। यही वजह है कि उन्होंने कई कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने का साहसिक कदम उठाया।'

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को कहा, 'अमेरिका सेना के साथ मेक्सिको नहीं आएगा। हम सहयोग और समन्वय जरूर करते हैं, लेकिन आक्रमण नहीं होने देंगे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति का यह कदम प्रशासन को उन कार्टेलों के खिलाफ विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति देता है।

ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के साथ एक अरब डॉलर के समझौते का प्रस्ताव रखा

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने संघीय वित्त पोषण को लेकर चल रही व्यापक लड़ाई के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) के साथ एक अरब डॉलर के समझौते का प्रस्ताव रखा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय स्कूल प्रणाली के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि इतनी बड़ी राशि के भुगतान से विश्वविद्यालय पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय स्कूल प्रणाली के अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा कि न्याय विभाग ने समझौते पर एक दस्तावेज भेजा है। इसकी समीक्षा की जा रही है। समझौते की पेशकश से पहले बुधवार को प्रशासन यूसीएलए के लिए 58.4 करोड़ डॉलर के संघीय अनुदान को रोक चुका है।

पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने से 4 अरब रुपये का घाटा

इस्लामाबाद,08 अगस्त (एजेंसियां) ।

पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) को भारत में पंजीकृत विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद से केवल दो महीने में 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी शुक्रवार को नेशनल असेम्बली को दी। मंत्रालय ने कहा कि यह घाटा 24 अप्रैल से 30 जून के मध्य हुआ।

डान अखबार की खबर के अनुसार, भारत ने 23 अप्रैल को सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। इस पर जवाबी कदम उठाते हुए पाकिस्तान ने 24 अप्रैल से भारत में पंजीकृत विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की थी। संघीय सरकार के इस कदम से प्रतिदिन 100 से 150 भारतीय विमान प्रभावित हुए। इस वजह से पारगमन यातायात में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई। 2019 में इसी तरह के प्रतिबंध लागू करने से अनुमानित 7.6 अरब रुपये के राजस्व की क्षति हुई थी।

रक्षा मंत्रालय ने नेशनल असेम्बली को बताया कि संघीय सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐसे निर्णय, नोटिस टू एयरमैन (नोटम) के माध्यम से जारी किए जाते हैं। ऐसे फैसले नागरिकों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के साथ सैन्य योजना को अनुमति देने के लिए रणनीतिक और कूटनीतिक महत्व रखते हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि मुल्क की संप्रभुता के लिए इस तरह का आर्थिक नुकसान महत्व नहीं रखता।

इसके अलावा, नोटम ए 0510/25 के अनुसार, इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का परिचालन अपरिहार्य कारणों से 14 अगस्त तक प्रतिदिन दो घंटे (सुबह 11 बजे से एक बजे तक) के लिए बंद रहेगा। इससे लाहौर और उत्तरी क्षेत्रों की उड़ानें प्रभावित होंगी। हवाई क्षेत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगा। इसका प्रभाव शनिवार को साफ दिखा। सैकड़ों यात्रियों को अपने कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

पत्रकार के विदाई समारोह के दौरान शोक संतप्त लोग

कीवा यूक्रेन के इंडिपेंडेंस स्क्वायर में यूक्रेन की पत्रकार विक्टोरिया रोशचाइना के विदाई समारोह के दौरान शोक संतप्त लोग, रोशचाइना की यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच रूसी कैद में मृत्यु हो गई थी।

अपोलो 13 मिशन के अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल की जीवन लीला समाप्त

97 वर्ष की आयु में निधन, नासा ने शोक जताया

वाशिंगटन,09 अगस्त (एजेंसियां) ।

पचपन साल पहले 1970 में अपोलो 13 मिशन यान को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने वाले अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल (जेम्स ए. लवेल जूनियर) का निधन हो गया। 97 वर्षीय जिम लवेल ने गुरुवार को लेक फॉरेस्ट, इलिनोइस में आखिरी सांस ली। तीन सदस्यीय अपोलो 13 अंतरिक्ष यान के कमांडर जिम लवेल अप्रैल 1970 में चंद्रमा के निकट पहुंचते समय हुए एक भयावह विस्फोट से बच गए थे।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उनके परिवार ने जिम लवेल के निधन की सूचना सबसे पहले नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) को दी। नासा के कार्यवाहक प्रमुख सीन डफी ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। लवेल अपोलो 8 मिशन का भी हिस्सा रहे हैं। वह चंद्रमा पर दो बार जाने वाले पहले व्यक्ति जरूर हैं, लेकिन वास्तव में वहां वह कभी नहीं उतरे।

साल 1995 की फिल्म 'अपोलो 13' में लवेल की भूमिका निभाने वाले अभिनेता टॉम हैंक्स ने उनकी गिनती ऐसे लोगों से की 'जो हिम्मत करते हैं, सपने देखते हैं और दूसरों को उन जगहों पर ले जाते हैं जहां हम अकेले नहीं जा सकते।' कैप्टन लवेल नौसेना के पूर्व पायलट हैं। उन्होंने अंतरिक्ष में लगभग 715 घंटे उड़ान भरी। यह अवधि संयुक्त राज्य अमेरिका के मर्करी, जेमिनी और अपोलो मिशन में किसी भी अंतरिक्ष यात्री की उड़ान से कहीं अधिक है। मगर कैप्टन लवेल का चांद की सतह पर पहुंचने का सपना कभी पूरा नहीं हुआ।

जिम का जन्म 25 मार्च, 1928 को क्लीवलैंड में हुआ था। वे आर्थर और ब्लैंच (मासेक) लवेल की इकलौती संतान थे। बचपन में ही उनके पिता की कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद वे और उनकी मां मिल्वौकी में बस गए। यहीं उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने दो साल तक विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में अध्ययन किया। फिर नौसेना अकादमी में प्रवेश लिया और 1952 में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। नौसेना के परीक्षण पायलट के रूप में सेवा देने के बाद उन्हें सितंबर 1962 में नासा के अंतरिक्ष यात्री के रूप में एक ऐसे समूह में चुना गया, जिसे जेमिनी और अपोलो उड़ानों के लिए प्रशिक्षित किया जाना था।

कैप्टन लवेल का पहला अंतरिक्ष मिशन दिसंबर 1965 में शुरू हुआ। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल फ्रैंक बोरमैन के साथ पहली बार जेमिनी 7 में पृथ्वी की परिक्रमा की। यह 330 घंटे से अधिक की उड़ान थी। इस मिशन में दो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का पहला मिलन भी शामिल था। यह चंद्रमा पर उतरने के लिए आवश्यक अभ्यास का प्रकार था। नवंबर 1966 में कैप्टन लवेल ने जेमिनी 12 की कमान संभाली और वायुसेना के मेजर बज एल्ड्रिन के साथ उड़ान भरी। जुलाई 1969 में अपोलो 11 की उड़ान में नील आर्मस्ट्रांग के बाद एल्ड्रिन चंद्रमा पर कदम रखने वाले दूसरे व्यक्ति बने।

जेमिनी 12 ने चार दिन में पृथ्वी की 59 बार परिक्रमा पूरी की।

कैप्टन लवेल क्रिसमस 1968 में अपोलो 8 की छह दिवसीय यात्रा में कमांड मॉड्यूल पायलट रहे। वे कर्नल बोरमैन और मेजर विलियम ए. एंडर्स के साथ चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले पहले व्यक्ति बने। उन्होंने 10 बार चंद्रमा की परिक्रमा की। वह मार्च 1973 में नासा और नौसेना से सेवानिवृत्त हुए। 1975 में उन्हें बे-ह्यूस्टन टोइंग कंपनी का अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया गया। बाद में वे दूरसंचार कंपनियों में वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी रहे। उन्होंने शिकागो में परामर्श फर्म लवेल कम्युनिकेशंस की स्थापना की। उनके परिवार ने लेक फॉरेस्ट, इलिनोइस में एक रेस्टोरेंट का संचालन किया। इस रेस्टोरेंट में उनके अंतरिक्ष करियर की यादगार चीजें रखी गई थीं। यह रेस्टोरेंट 2015 में बंद हो गया। तत्कालीन राष्ट्रपति निक्सन ने 1970 में कैप्टन लवेल को अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से अलंकृत किया। वर्ष 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने उन्हें कांग्रेसनल स्पेस मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। कैप्टन लवेल के परिवार में उनके बेटे जेम्स तृतीय (जिन्हें जेके नाम से जाना जाता है) और जेफरी, उनकी बेटियां बारबरा लवेल हैरिसन और सुसान लवेल के अलावा 11 पोते-पोतियां और नौ परपोते-परपोतियां हैं। उनकी पत्नी मैरिलिन (गेरलाच) लवेल का 2023 में निधन हो चुका है।

जिम्बाब्वे के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड, टेस्ट इतिहास में झेली सबसे बड़ी हार

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को बुलावायो में खेले गए दूसरे टेस्ट में पारी और 359 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। यह न्यूजीलैंड के टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत रही।

एक ओर न्यूजीलैंड ने अपने टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ी जीत हासिल की, तो दूसरी तरफ जिम्बाब्वे को अपने टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी शिकस्त झेलनी पड़ी है।

वैश्विक स्तर पर देखा जाए, तो यह टेस्ट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी हार है। टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम है, जिसने साल 1938 में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 579 रन से शिकस्त दी थी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने साल 2002 में पारी और 360 रन से जीत दर्ज की थी। यह टेस्ट इतिहास की दूसरी सबसे विशाल जीत है। इस लिस्ट में चौथे पायदान पर वेस्टइंडीज की टीम है, जिसने 1958/59 में भारत को पारी और 336 रन से हराया था।

बुलावायो में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में महज 125 रन ही बना सकी। ब्रेंडन टेलर ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि मैट हैनरी ने पांच और जकारी फौल्केस ने चार विकेट अपने नाम किए।

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी 601/3 के स्कोर पर घोषित की। मेहमान टीम के लिए डेवोन कॉनवे ने 153 रन बनाए। इनके अलावा हेनरी निकोल्स ने नाबाद 150, जबकि रचिन रविंद्र ने नाबाद 165 रन की पारी खेली।

मेजबान टीम दूसरी पारी में सिर्फ 28.1 ओवरों का सामना कर सकी।

टीम 117 रन पर ढेर हो गई। निक वेल्च तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे।

वह 47 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में जकारी फौल्केस ने सर्वाधिक पांच शिकार किए।

न्यूजीलैंड ने सीरीज का पहला मैच नौ विकेट से जीता, जिसके बाद जिम्बाब्वे के लिए सीरीज का अंतिम मुकाबला 'करो या मरो' का था।

न्यूज ब्रीफ

कार्टल, वीनस विलियम्स सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में हारे

ओहायो (अमेरिका), 09 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की सोनाए कार्टल और अमेरिका की वीनस विलियम्स को सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है।शुक्रवार को खेले गये मुकबले में ब्रिटेन की सोनाए कार्टल को सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में उनकी फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन गार्सिया ने 7-5, 4-6, 3-6 से हराया।

हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तर प्रदेश जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

काकीनाडा, 09 अगस्त (एजेंसियां)। 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में डिवीजन 'ए' के क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में हरियाणा, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तर प्रदेश ने शनिवार को जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली।

आज यहां दिन के पहले क्वार्टर-फाइनल में, हरियाणा ने ओडिशा पर 4-1 से आसान जीत हासिल की। विजेता टीम की ओर काजल ने (दूसरे) मिनट में शुरुआती गोल किया और दूसरे क्वार्टर में सुप्रिया ने (27वें) मिनट में एक और गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया । कप्तान शशि खासा ने (36वें) मिनट में तीसरे क्वार्टर में एक गोल करके स्कोरशीट में जगह बनाई। अंतिम क्वार्टर में अमीषा एक्का ने (47वें) मिनट में ओडिशा के लिए एक सांत्वना गोल किया, लेकिन सावी ने (60वें) मिनट में हरियाणा के लिए फिर से गोल करके अपनी टीम को बड़ी बढ़त के साथ जीत दिला दी।

रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास, एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

चेन्नई, 09 अगस्त (एजेंसियां)। शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

ऋषभ यादव ने कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक

चेंगदू (चीन), 09 अगस्त (एजेंसियां)। ऋषभ यादव ने वर्ल्ड गेम्स 2025 में शनिवार को पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य जीतकर भारत के लिए दूसरा पदक जीता।आज खेले गये कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ यादव ने हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराकर पोडियम स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रेलिया-ए ने इंडिया-ए को 114 रनों से हराया

मकाय, 09 अगस्त (एजेंसियां)। एलिसा हीली (73), तालिया विल्सन (43) की शानदार बल्लेबाजी के बाद किम गार्थ (चार विकेट), एमी एडगर और टेस फ्लिंटॉफ (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर आज ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 114 रनों से हरा दिया।188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए टीम की शुरुआत खराब रही और उसने महज तीन रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। उमा छेत्री (शून्य) और शेफाली वर्मा (तीन) पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आक्रमण के आगे इंडिया ए की बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकीं और पूरी टीम 15.1 ओवर में 73 के स्कोर पर सिमट गई। इंडिया ए की ओर से दिनेश वृंदा ने 21 और मिन्नू मनी 20 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से किम गार्थ ने तीन ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिये।

बोडोलैंड एफसी ने पंजाब एफसी को हराकर ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया

कोकराझार, 09 अगस्त (एजेंसियां)। स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले रन मशीन विराट कोहली ने लंदन में शुरू की ट्रेनिंग

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया के रन मशीन के नाम से मशहूर विराट कोहली पिच पर लौट आए हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन की मौजूदगी में अभ्यास किया।

कोहली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, हिट में मदद के लिए शुक्रिया, भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है।उन्होंने सेशन के दौरान अमीन के साथ अपनी एक तस्वीर भी शेयर की।अमीन ने अपने अकाउंट पर स्टोरी दोबारा शेयर करते हुए कहा, भाई, आपको देखकर अच्छा लगा! जल्द ही मिलते हैं।

अमीन बर्कशायर, बकिंघमशायर और लंदन में माइटी विलो अकादमी चलाते हैं और इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के कोचिंग स्टाफ में थे।

इससे पहले, भारत के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी अच्छे अभ्यास सत्रों के लिए अमीन की अकादमी में आ चुके हैं।विराट कोहली टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

कोहली का ध्यान अब पूरी तरह से भारत के लिए वनडे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की प्रतिबद्धताओं पर है।

कोहली ने 302 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 14,181 रन बनाए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 के फाइनल में शानदार पारी खेली थी।विराट कोहली ने 43 रनों की पारी खेली थी, जिससे आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर आखिरकार अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी।कोहली को फिर से मैदान पर देखने के लिए प्रशंसक बेताब हैं। हालांकि, फैंस को अभी अक्टूबर माह तक इंतजार करना होगा।

भारत को यूं तो अगस्त में बांग्लादेश में तीन एकदिवसीय मैच खेलने थे, लेकिन बीसीसीआई और बीसीबी के बीच आपसी सहमति से यह श्रृंखला सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित कर दी गई है।कोहली और रोहित शर्मा, जो टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से भी दूर हैं, दोनों के भारत के ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे के एकदिवसीय चरण के लिए वापसी करने की उम्मीद है।19 अक्टूबर से पर्थ स्टेडियम में यह टूर्नामेंट शुरू होगा। इसके बाद 23 और 25 अक्टूबर टूर्नामेंट के अन्य मैच खेले जाएंगे।

क्रिकेटर यश दयाल पर लगा बैन, अब इस बड़ी टी20 लीग में नहीं खेल पाएंगे

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज यश दयाल की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, रेप केस में फंसे यश दयाल पर अब बैन लग गया है। आईपीएल में आरसीबी के लिए खेलने वाले लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज यश दयाल इस साल यूपीटी20 लीग में खेलने नहीं दिखेंगे। णझउ- ने यश दयाल पर बैन लगा दिया है।

यूपी क्रिकेट एसोसिएशन ने ये फैसला जयपुर के सांगानेर सदर पुलिस स्टेशन में यश दयाल के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज होने के बाद लिया है, जिसमें उनपर पर 17 साल की नाबालिग के साथ बलात्कार का आरोप लगाया गया था। यश दयाल को आखिरी बार मई की शुरुआत में आईपीएल 2025 ट्रॉफी जीतने वाली आरसीबी टीम का हिस्सा रहते हुए देखा गया था। इसके बाद से वह क्रिकेट के मैदान से दूर हैं।

दैनिक जागरण की रिपोर्ट के अनुसार, गोरखपुर लायंस द्वारा 7 लाख रुपये में खरीदे गए यश दयाल को यूपीसीए ने यूपीटी20 2025 में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। रिपोर्ट में यूपीसीए सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यश दयाल पर दर्ज मामलों के कारण उन्हें लीग से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

बता दें कि, पहले यश दयाल पर एक महिला ने गाजियाबाद में एफआईआर दर्ज कराई। इसमें कहा गया था कि यश दयाल ने महिला को शादी का झांसा देकर उनका यौन शोषण किया। ये शिकायत 21 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर दर्ज की गई थी, जिसके बाद औपचारिक एफआईआर दर्ज की गई थी। हालांकि, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। फिर जुलाई की शुरुआत में यश दयाल पर जयपुर में एफआईआर दर्ज हुई। इस बार राजस्थान हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।

ओहित शर्मा 2027 वनडे वर्ल्ड कप में करेंगे भारत की कप्तानी, आईसीसी ने दिया बड़ा हिंट

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। रोहित शर्मा ने टी20 और टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। जिसके बाद अब वह सिर्फ वनडे क्रिकेट में भारत के लिए खेलते हुए दिखेंगे। इतना ही नहीं रोहित अभी वर्ल्ड कप के कप्तान भी हैं। फैंस को उम्मीद है कि रोहित वनडे वर्ल्ड कप 2027 तक कप्तानी कर सकते हैं। वहीं अब फैंस को उम्मीदों को बल आईसीसी के एक पोस्टर ने भी दे दिया है। दरअसल, 2026 में भारतीय टीम लिमिटेड ओवर की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज को लेकर आईसीसी ने एक पोस्टर जारी किया है। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक और भारत के मौजूदा वनडे कप्तान रोहित शर्मा नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर ने फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अगर रोहित 2026 में टीम की कप्तानी करेंगे तो क्या वह 2027 वर्ल्ड कप तक वनडे कप्तान बने रह सकते हैं?टी20 वर्ल्ड कप 2024 में जीत के बाद रोहित ने इस फॉर्मेट को टाटा कर दिया था। अब उनका पूरा फोकस वनडे पर है। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने हाल ही में जोर देकर कहा था कि 2027 के लिए योजना बनाना अभी जल्दबाजी होगी। इंग्लैंड सीरीज से पहले गंभीर ने कहा कि, उससे पहले अभी टी20 वर्ल्ड कप बाकी है। वह भी एक टूर्नामेंट है, जो फरवरी-मार्च में भारत में होने वाला है। इसलिए इस समय पूरा फोकस है। इंग्लैंड सीरीज के बाद टी20 वर्ल्ड कप पर फोकस रहेगा। नवंबर-दिसंबर 2027 में होने वाले वर्ल्ड कप में अभी भी ढाई साल का समय है। गंभीर ने आगे कहा कि, अगर आप अच्छा प्रदर्शन करते रहें, तो उम्र बस एक नंबर है। भारत के पास अभी 3 फॉर्मेट में 3 कप्तान हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 इंटरनेशनल की कमान संभाल रहे हैं। वहीं रोहित के संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की नई ओपनिंग जोड़ी

मार्श का जोड़ीदार होगा यह विस्फोटक बल्लेबाज

डार्विन (ऑस्ट्रेलिया), 09 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने पुष्टि की है कि वह निकट भविष्य में ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले सही प्लेइंग-11 तैयार करना चाहती है। मार्श का 2021 में टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर उतरना निर्णायक साबित हुआ था। उन्होंने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को अपना पहला खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हालांकि, टी20 में यह ऑस्ट्रेलिया की नई ओपनिंग जोड़ी होगी। हालफिलहाल में टीम ने इस प्रारूप में ओपनिंग में कई प्रयोग किए, लेकिन कुछ कामयाब नहीं हो पाया।

अब टी20 टीम की कमान संभाल रहे इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सभी पांच मैचों में पारी का आगाज करने के बाद शीर्ष क्रम में बने रहेंगे। कैरेबियाई दौरे से पहले उन्होंने ऐसा सिर्फ एक बार किया था। मार्श ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज से पहले शुक्रवार को मीडिया से कहा, 'निकट भविष्य में मैं और हेडी पारी की शुरुआत करेंगे। हम दोनों ने एक दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेली है और हमारे बीच बहुत अच्छा तालमेल है। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।' मार्श और हेड ने अभी तक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक साथ पारी की शुरुआत नहीं की है, लेकिन वनडे जोड़ी के रूप में उनका रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने पांच पारियों में 70.50 की शानदार औसत से 282 रन बनाए हैं। पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद से ऑस्ट्रेलिया ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कई सलामी बल्लेबाजों को आजमाया है।

इनमें मैथ्यू शॉर्ट, ग्लेन मैक्सवेल, जेक फ्रेजर-मैकगर्क शामिल हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया सीरीज में मैक्सवेल ने मार्श के साथ पारी की शुरुआत की थी। मैक्सवेल कुछ खास नहीं रहे थे। वहीं, फ्रेजर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद कुछ खास नहीं कर पाए हैं। भारत और श्रीलंका अगले वर्ष फरवरी में टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

एशिया कप 2025 : टीम इंडिया में किसे मिलेगा विकेटकीपिंग का जिम्मा ?

संजू सैमसन को नहीं कर सकते नजरअंदाज

नई दिल्ली, 09 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 की शुरुआत में अब केवल 33 दिन शेष हैं और बीसीसीआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती 15 सदस्यीय टीम का चयन करना है। इस टूर्नामेंट को लेकर क्रिकेट फैंस में जकर उत्साह है और ऐसे में वे स्क्वॉड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सिलेक्टर्स के सामने विशेष रूप से विकेटकीपर बल्लेबाज के चयन को लेकर असमंजस की स्थितित बनी हुई है। हालांकि, इसमें एक खिलाड़ी का नाम सबसे ऊपर आता नजर आ रहा है।

भारत के पास इस समय विकेटकीपर बल्लेबाजों की कोई कमी नहीं है। केएल राहुल, ऋषभ पंत और संजू सैमसन ये तीनों खिलाड़ी ही इस स्थान के दावेदार हैं। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया किसे प्राथमिकता देती है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्र्स की मानें तो हेड कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद संजू सैमसन माने जा रहे हैं। संजू की खासियत है कि वह न केवल विकेटकीपिंग कर सकेत हैं बल्कि टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं।वहीं केएल राहुल ने आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए एक बार फिर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी पेश की है। वहीं ऋषभ पंत ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में टेस्ट मैचों में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। लेकिन पंत फिलहाल चोटिल हैं और वो कब तक फिट हो पाएंगे इसको लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन सूत्रों की माने तो गंभीर संजू सैमसन में खास रुचि दिखा रहे हैं, जो उन्हें एशिया कप की टीम में जगह दिला सकती है।

फिलहाल, संजू सैमसन ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेला था। उस पांच मैचों की सीरीज में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने पांच मैचों में केवल 51 रन बनाए, औसत रहा 10.20 और स्ट्राइक रेट 118.60। वहीं बीसीसीआई की चयन समिति अगले कुछ दिनों में एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर सकती है। इस टूर्नामेंट में न केवल भारत को खिताब जीतने की कोशिश करनी है बल्कि ये वर्ल्ड कप 2026 के लिए एक मजबूत नींव रखने का भी मौका है। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाजी की भूमिका बेहद अहम होने वाली है।

वैश्विक व्यापार में मामूली सुधार भारत के लिए उम्मीद की किरण

डब्ल्यूटीओ के अनुसार, वर्ष 2026 में व्यापार वृद्धि की रफ्तार घटकर 1.8 प्रतिशत रह सकती है

नई दिल्ली,09 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने अनुमान जताया है कि वर्ष 2025 में वैश्विक वस्तु व्यापार में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह अप्रैल में जताए गए 0.2 प्रतिशत की गिरावट के अनुमान से बेहतर है, लेकिन शुल्क वृद्धि से पहले अनुमानित 2.7 प्रतिशत वृद्धि से काफी कम है। संगठन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्कों के कारण अमेरिका में माल का त्वरित आयात हुआ, जिससे व्यापार में अस्थायी तेजी आई। हालांकि डब्ल्यूटीओ ने चेताया है कि ये शुल्क व्यापार पर दीर्घकालिक रूप से प्रतिकूल असर डालेंगे। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, वर्ष 2026 में व्यापार वृद्धि की रफ्तार घटकर 1.8 प्रतिशत रह सकती है, जबकि पहले यह 2.5 प्रतिशत अनुमानित थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिकी नीतियों के कारण वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता बढ़ी है, जिससे निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। भारत के संदर्भ में यह स्थिति थोड़ी सकारात्मक नजर आ रही है। जून 2025 में भारत का निर्यात 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा, जबकि व्यापार घाटा घटकर 18.78 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले चार महीनों में सबसे कम है। विशेषज्ञों के अनुसार यह भारत के लिए शुभ संकेत है, विशेषकर तब जब एशियाई अर्थव्यवस्थाएं 2025 में व्यापार वृद्धि में अहम भूमिका निभाएंगी। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने चेतावनी दी है कि 2026 में एशिया का योगदान घट सकता है और उत्तरी अमेरिका का प्रभाव नकारात्मक रहेगा। ऐसे में भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सतर्क रहते हुए अपने निर्यात और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना होगा।

न्यूज ब्रीफ

जेम बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सरकारी ई-बाजार मंच

नई दिल्ली। भारत सरकार के डिजिटल मार्केटप्लेस गवर्नमेंट ई मार्केट (जेम) ने अपनी 9वीं वर्षगांठ पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से जुलाई के बीच जेम पर 1.41 लाख करोड़ मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद-फरोख्त हुई। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में जेम सकल व्यापार मूल्य बढ़कर 5.4 लाख करोड़ तक पहुंच गया। इस प्रदर्शन के साथ जेम अब दक्षिण कोरिया के कोनेप्स (100 अरब डॉलर) और अमेरिका के जीएसए (87.5 अरब डॉलर) के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सरकारी ई-बाजार मंच बन गया है। जेम ने सरकारी खरीद को अधिक पारदर्शी, सुलभ और कुशल बनाया है, जिससे छोटे विक्रेताओं और स्टार्टअप्स को भी सरकारी आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने का अवसर मिला है।

बीएसएनएल को नया लक्ष्य: सेवा सुधारें, कारोबार बढ़ाएं

नई दिल्ली। दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बीएसएनएल की सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने सर्किल अधिकारियों को सेवा की गुणवत्ता बेहतर करने, टावरों की बिजली समस्याएं हल करने और फाइबर कट जैसी तकनीकी बाधाओं को समय पर ठीक करने के निर्देश दिए। मंत्री ने स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई विपणन रणनीतियां अपनाने पर भी जोर दिया। इससे पहले, केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल से अगले वर्ष तक अपने मोबाइल सेवाओं में 50 फीसदी तक वृद्धि करने और ज्यादा ग्राहकों को जोड़ने को कहा था। समीक्षा बैठक में सभी व्यावसायिक इकाइयों को उद्यम व्यवसाय में 25-30 फीसदी और फिक्स्ड लाइन सेवाओं में 15-20 फीसदी तक वृद्धि का लक्ष्य दिया गया।

भारती एयरटेल में प्रवर्तक आईसीआईएल ने बेची 0.98 फीसदी हिस्सेदारी 11,227 करोड़ में किया सौदा

मुंबई। सुनील भारती मित्तल द्वारा प्रवर्तित इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (आईसीआईएल)ने खुले बाजार में भारती एयरटेल के छह करोड़ शेयर बेचे। यह सौदा दो किस्तों में किया गया, जिससे कंपनी ने कुल 11,227.05 करोड़ रुपए जुटाए। शेयरों की बिक्री 1,870.40 से 1,871.95 प्रति शेयर की कीमत पर हुई। इस लेनदेन के बाद आईसीआईएल की भारती एयरटेल में हिस्सेदारी 2.47 फीसदी से घटकर 1.49 फीसदी रह गई है। वहीं कुल प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 51.25 फीसदी से घटकर 50.27 फीसदी हो गई है, जो कि नियंत्रण के लिहाज से एक महत्वपूर्ण स्तर माना जाता है। हालांकि, इस डील के खरीदारों का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस बीच एयरटेल ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए मजबूत नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 43 फीसदी बढ़कर 5,947.9 करोड़ पहुंच गया, जो पिछले साल 4,160 करोड़ था। इसी अवधि में कंपनी की एकीकृत आय 28.4 फीसदी बढ़कर 49,463 करोड़ और भारत से राजस्व 29 फीसदी बढ़कर 37,585 करोड़ रहा।

एसबीआई का मुनाफा बढ़कर 19,160 करोड़ हुआ, ट्रेजरी लाभ और विदेशी मुद्रा से मजबूत हुई कमाई

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार प्रदर्शन किया है। बैंक का शुद्ध मुनाफा 12.5 फीसदी बढ़कर 19,160 करोड़ पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 17,012 करोड़ था। यह मुनाफा पिछली तिमाही के 18,643 करोड़ से 2.78 फीसदी अधिक रहा। इस बढ़त में ट्रेजरी लाभ और विदेशी मुद्रा लेनदेन की अहम भूमिका रही। गैर-ब्याज आय 55.4 फीसदी की वृद्धि के साथ 17,346 करोड़ रही। इसमें से 6,326 करोड़ का लाभ निवेश पोर्टफोलियो से और 1,632 करोड़ का लाभ विदेशी मुद्रा कारोबार से हुआ, जो पिछले वर्ष मात्र 361 करोड़ था। हालांकि, बैंक की शुद्ध ब्याज आय मामूली 0.13 फीसदी घटकर 41,072 करोड़ रह गई। साथ ही घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन भी घटकर 3.02 फीसदी पर आ गया, जबकि यह एक साल पहले 3.35 फीसदी और पिछली तिमाही में 3.15 फीसदी था।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

रक्षा उत्पादन में...

उन्होंने कहा कि रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बढ़ती हुई प्रगति भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है। हाल ही में आई स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भी भारत अब रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही उन्हें निर्यात करने वाला एक उभरता वैश्विक खिलाड़ी बन चुका है। 2014 से 2024 तक भारत के रक्षा आयात में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जबकि रक्षा निर्यात में 700 प्रतिशत से अधिक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत हथियारों के मामले में बहुत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।रक्षा आयात में कमी के बावजूद भारतीय सेना को सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानक पर बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक हथियार और आग्नेयास्त्र बाहर से मंगाए जा रहे हैं। इसका बड़ा हिस्सा रूस से आयात हो रहा है। अमेरिका की टैरिफ-धृष्टता के कारण अमेरिका से रक्षा आयात घटा और रूस से काफी बढ़ गया है। हाल ही रक्षा मंत्रालय ने 67000 करोड़ के विभिन्न रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी, इनमें से अधिकतर आयात रूस से होंगे। भारत सरकार ने जिन सैन्य खरीदों को मंजूरी दी है, उनमें लंबी दूरी तक उड़ान भरने वाले ड्रोन, मिसाइल सिस्टम और निगरानी रडार शामिल हैं। नौसेना, वायुसेना और थलसेना के लिए आधुनिक हथियारों, रडारों और ड्रोन की खरीद को मंजूरी इसमें शामिल है। इस खरीद से तीनों सेनाओं की युद्ध, निगरानी और रक्षा क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए कॉम्पैक्ट ऑटोनोमस सरफेस क्राफ्ट, ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम और लॉन्चर की खरीद और बाराक-1 प्वाइंट डिफेंस मिसाइल सिस्टम के अपग्रेडेशन को मंजूरी दी है। कॉम्पैक्ट ऑटोनोमस सरफेस क्राफ्ट की खरीद से नौसेना को पनडुब्बी रोधी अभियानों में खतरों की पहचान करने, वर्गीकरण करने और उन्हें निष्क्रिय करने की क्षमता मिलेगी। उसी तरह भारतीय वायु सेना के लिए माउंटेन रडार की खरीद और सक्षम/स्पाइडर हथियार प्रणाली के अपग्रेडेशन को भी मंजूरी दी गई है। माउंटेन रडार की तैनाती से पहाड़ी इलाकों में सीमाओं के आसपास हवाई निगरानी की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, सक्षम/स्पाइडर सिस्टम को इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से जोड़ने से वायु रक्षा की क्षमता में और इजाफा होगा।

मंत्रालय ने यह भी बताया कि तीनों सेनाओं (थल, वायु और नौसेना) के लिए मीडियम अल्टिट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (मेल) रीमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट (ड्रोन) की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इन मेल ड्रोनों में कई तरह के हथियार और उपकरण ले जाने की क्षमता होगी और ये लंबे समय तक, लंबी दूरी तक उड़ान भर सकेंगे। इससे सेनाओं की चौबीसों घंटे निगरानी और युद्ध क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा, डीएसी ने सी-17 और सी-130जे विमानों के रखरखाव और एस-400 लॉन्ग रेंज एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए एक व्यापक सालाना रखरखाव अनुबंध को भी शुरुआती मंजूरी दी है। भारतीय सेना के बख्तरबंद वाहनों में इस्तेमाल के लिए ऐसी थर्मल इमेज प्रणाली खरीदी जाएगी जिससे उन्हें रात में चलाना आसान हो जाएगा। यह तकनीक सेना के बख्तरबंद वाहनों को रात में चलाने की क्षमता बढ़ाएगी और मशीनीकृत टुकड़ियों को तेजी से आगे बढ़ने और संचालन में लाभ प्रदान करेगी।

रूस से तेल...

पीएम मोदी के बीच यूक्रेन के ताजा हालात पर बातचीत हुई और रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर गंभीरता जताई गई। दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में हुई प्रगति को लेकर भी बातचीत की और भारत-रूस के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रित किया है।भारत और रूस की बढ़ती नजदीकियों और भारत अपने हितों को किस हद तक आगे रखता है इसका अनुमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूस यात्रा से भी लगा था। ट्रंप की धमकियों के बीच डोभाल ने मास्को जाकर पुतिन से मुलाकात की थी। पुतिन और डोभाल की मुलाकात के दौरान जो गर्मजोशी दिखाई दी उस पर भी दुनिया की नजरें बनी हुई थीं। साथ ही, डोभाल ने अपने रूस के समकक्ष सर्गेई शोइगु से भी मुलाकात की। इस साल के अंत में पुतिन भारत यात्रा पर आने वाले हैं और इसकी जमीन तैयार करने के लिए अजीत डोभाल मास्को पहुंचे थे।

पुतिन से पहले पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा से फोन पर बात की थी। इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने साझेदारी के विकास और निकट संपर्क में रहने पर सहमति जताई थी। ब्राजील भी ट्रंप के टैरिफ की मार से जूझ रहा है और उस पर भी भारत की तरह 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। इससे पहले लुला डा सिल्वा ने स्पष्ट कर दिया था कि वे ट्रंप से टैरिफ के मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था कि ट्रंप किसी तरह के समझौते के लिए तैयार नहीं हैं, बल्कि वो अपमानित कर रहे हैं। पीएम मोदी ने लूला से बातचीत के बाद जो ट्वीट किया था उसमें ग्लोबल साउथ की बात प्रमुखता से की गई थी।रूस के साथ बढ़ती बातचीत के बीच पीएम मोदी इस महीने के अंत में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए चीन का दौरा करेंगे। 31 अगस्त और 1 सितंबर होने वाली उनकी यह यात्रा 2020 की गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। इस सम्मेलन में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, व्यापार और आपसी संबंधों को लेकर चर्चा होगी।

ट्रंप की चेतावनियों के बरक्स दुनिया के दूसरे देश करीब आ रहे हैं। भारत और रूस के बीच रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में संबंधों पर ही अमेरिका को ऐतराज है लेकिन भारत अपने इरादों से साफ कर चुका है कि वह रूस से व्यापार बंद नहीं करेगा। पीएम मोदी की बातचीत और डोभाल का दौरा बताता है कि भारत, अमेरिका के किसी दबाव में आने वाला नहीं है। यानी अगर आने वाले समय में अमेरिका का साथ छोड़ने की ज़रूरत हुई तो भारत उसके लिए भी पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। भारत के अलावा कई अन्य देश भी ट्रंप की इन धमकियों से नाराज हैं और नए विकल्पों की तलाश में है। एकजुट होते देशों को देखकर अमेरिकी विदेश नीति पर ट्रंप का टैरिफ-वार उल्टा पड़ने की संभावनाएं ज्यादा नजर आ रही हैं।

एथेनॉल मिश्रित...

हालांकि ये अभी फाइनल नहीं हुआ है। एआरएआई के ट्रायल के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ये तय करेगा कि 27 फीसदी एथेनॉल मिलाना सही है या नहीं। गडकरी के मुताबिक इंडियन ऑयल के एथेनॉल युक्त पेट्रोल के 350 पेट्रोल पंप चल रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ऑटो सेक्टर में आ रहे बदलाव पर बात करते हुए पेट्रोलियम लॉबी की चर्चा की। उन्होंने कहा कि एथेनॉल युक्त पेट्रोल के इस्तेमाल से गाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ता है। इससे माइलेज कम देने की बातों को गडकरी ने अफवाह बताया और कहा कि पेट्रोलियम लॉबी वाले इसे पॉलिटिकली मैनिपुलेट करने की कोशिश कर रहे हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि एथेनॉल एक ऐसा अल्कोहल है जो गन्ने और मक्के से मिलकर बनाया जाता है। इसे पेट्रोल में फ्यूल की तरह इस्तेमाल किया जाता है। ई-10, ई-20, ई-27 एथेनॉल पेट्रोल के कटेगरी हैं। ई-10 का मतलब है ऐसा पेट्रोल जिसमें 10 फीसदी एथेनॉल है। ई-20 का मतलब है ऐसा पेट्रोल जिसमें 20 फीसदी एथेनॉल है और ई-27 का मतलब है ऐसा पेट्रोल जिसमें 27 फीसदी एथेनॉल है। ई-20 एक बायोफ्यूल है जिससे प्रदूषण कम फैलता है। इसलिए इसका इस्तेमाल ज्यादातर देशों में हो रहा है। भारत में तो अभी पेट्रोल में ही एथेनॉल मिलाया जा रहा है लेकिन कई देशों ने डीजल में भी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू कर दिया है क्योंकि ज्यादातर बड़ी एसयूवी गाड़ियां डीजल से चलती हैं।नितिन गडकरी ने कहा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इस तरह के दावे किए जाते हैं कि ऐसे पेट्रोल के इस्तेमाल से इंजन खराब होते हैं, गाड़ियों में गड़बड़ियां आ जाती है और माइलेज पर असर पड़ता है। इन सब बातों को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, इससे गाड़ियों पर कोई फर्क नहीं पड़ता। पेट्रोल में 20 फीसदी एथेनॉल डालने से किसी भी गाड़ी में कोई दिक्कत नहीं आती है। इस मुद्दे पर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) और सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (एसआईएएम) ने पहले ही साफ कर दिया है। अभी तक एक भी वाहन में इससे दिक्कत नहीं आई है।रूसी तकनीक की सहायता से एथेनॉल को क्षमता बेहतर बनाने की कोशिश सरकार कर रही है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय इसकी टेस्टिंग कर रहा है। इससे पेट्रोल के बराबर एथेनॉल की क्षमता हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने साफ कर दिया कि देशहित सर्वोपरि है। हम किसी भी लॉबी के दबाव में नहीं आएंगे और न राष्ट्र विरोधी ताकतों का षडयंत्र चलने देंगे। किसानों का फायदा, पेट्रोल आयात, लागत और प्रदूषण को ध्यान में रखकर सरकार कदम उठाएगी। एथेनॉल गन्ने और मक्के से बनता है इसलिए गन्ना किसानों और मक्का पैदा करने वाले किसानों को इससे सीधा फायदा हो रहा है। गन्ना के मिल मालिक को भी इससे फायदा हो रहा है साथ ही मक्का उत्पादन करने वाले किसान भी लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही देश को भी इसका फायदा मिल रहा है। भारत सबसे ज्यादा आयात पेट्रोलियम पदार्थों का करता है। एथेनॉल के इस्तेमाल से इसमें कमी आएगी।केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि सरकार ग्राहकों को फ्लेक्स फ्यूल और इलेक्ट्रिक वाहनों को बराबर महत्व देगी। उन्होंने कहा कि अब तक जितने भी नियम बनाए गए हैं वो इलेक्ट्रिक वाहनों को सपोर्ट कर रहे हैं। अप्रैल 2027 से कारपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी 3 (सीएएफई-3)लागू किया जाएगा जिसमें दोनों वाहनों को बराबर वरीयता मिलेगी। सीएएफई-3 ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने के लिए चर्चाओं का दौर जारी है। सड़क परिवहन मंत्रालय, बिजली मंत्रालय और पीएम के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ने 6 अगस्त 2025 को बैठक की है। इसमें चर्चा की गई है कि छोटी और बड़ी कारों के नियम अलग बनाए जाएं या नहीं। सीएएफई नॉर्म्स यानि कारपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी सालभर वाहन निर्माताओं द्वारा बेची गई वाहनों का औसत कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को तय करता है। ये नियम कंपनियों को ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट वाहनों को बनाने के लिए मजबूर करती हैं। फिलहाल सीएएफई 2 नियम लागू है जो 2027 तक मान्य है।

भारत में प्रीमियम पेट्रोल सबसे शुद्ध माना जाता है। इस पेट्रोल में मिलावट नहीं होती। जब इस पेट्रोल में एथेनॉल मिला दिया जाता है तो ये एथेनॉल पेट्रोल कहलाता है। पीएम मोदी ने 2023 में 20 फीसदी एथेनॉल युक्त पेट्रोल को लॉन्च किया था। इसके तहत एक लीटर फ्यूल में 800 मिलीलीटर पेट्रोल और 200 मिलीलीटर एथेनॉल डाला जाता है। अब एथेनॉल युक्त पेट्रोल हर जगह उपलब्ध है।

भारत ने पाकिस्तान ...

यह उनका कार्यालय भवन था, जहां वे बैठक करते थे। ये वायुसेना द्वारा बहावलपुर के जैश मुख्यालय में पहुंचाए गए नुकसान की पहले और बाद की तस्वीरें हैं। यहां लगभग कुछ भी बचा नहीं है। आस-पास की इमारतें पूरी तरह सुरक्षित हैं। हमारे पास न केवल सैटेलाइट इमेज हैं, बल्कि स्थानीय मीडिया से मिली तस्वीरें भी हैं। हम अंदर की तस्वीरें भी प्राप्त कर सके हैं।वायुसेना प्रमुख ने कहा, हमने पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमान मार गिराए। साथ ही एक बड़ा टोही विमान भी मार गिराया। टोही विमान को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया गया। यह वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा सतह से हवा में मार करने वाला हमला था। उन्होंने कहा, इसके अलावा शाहबाज जैकबाबाद हवाई अड्डे पर भी हमला किया गया। यहां एक एफ-16 हैंगर का आधा हिस्सा नष्ट हो गया। मुझे लगता है कि हैंगर के अंदर भी कुछ विमान थे जो क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हमने मुरीदके और चकलाला जैसे कम से कम दो कमांड और कंट्रोल सेंटर पर भी हमला किया। इसमें छह रडार नष्ट कर दिए गए। इसके अलावा हमें अवॉक्स टोही विमानों के हैंगर में कम से कम एक अवॉक्स विमान और कुछ एफ-16 विमानों के होने के संकेत मिले, जिनका वहां रखरखाव चल रहा था। उनको भी नष्ट कर दिया गया।वायुसेना प्रमुख ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति है। हमें बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। हम पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए थे। अगर कोई बाधा थी तो वह स्व-निर्मित थी। हमने तय किया कि कितना आगे बढ़ना है। हमें योजना बनाने और उसे लागू करने की पूरी आजादी थी। हमने सोच-समझकर हमले किए थे क्योंकि हम इसे लेकर आश्वस्त होना चाहते थे। तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन समन्वय था। सीडीएस हमें एक साथ लाने के लिए मौजूद थे। एनएसए ने भी सभी एजेंसियों को एक साथ लाने में बड़ी भूमिका निभाई।वायुसेना प्रमुख ने कहा कि यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था। 80 से 90 घंटों के युद्ध में हमने पाकिस्तान को इतना नुकसान पहुंचाया कि उनको लग गया कि अगर युद्ध जारी रहा तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए पाकिस्तान आगे आया और हमारे डीजीएमओ को संदेश भेजा कि हम बात करना चाहते हैं। हमारी ओर से इसे स्वीकार कर लिया गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हम अपनी वायुसेना में ऐसे ही दिनों के सपने देखते हुए बड़े हुए हैं। किसी दिन हमें वहां जाने का मौका मिले। तो संयोग से मुझे सेवानिवृत्त होने से ठीक पहले यह मौका मिल गया। इसलिए हमने वहां के हवाई क्षेत्र पर अपनी धमक दिखा दी। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि बालाकोट के बारे में कहा गया कि हम कुछ हासिल नहीं कर सके और दुर्भाग्यवश हमें अपने ही लोगों को यह बताना पड़ा कि हमने क्या हासिल किया। यह एक बड़ा मुद्दा बन गया कि हम क्या हासिल कर पाए? वहां क्या हुआ था, हमारे पास इसकी खुफिया जानकारी थी। इससे हमें अंदर की बहुत स्पष्ट तस्वीर मिलती थी कि वहां कितना बड़ा नुकसान हुआ है। बहुत सारे आतंकवादी मारे गए। लेकिन हम अपने ही लोगों को यह विश्वास नहीं दिला पाए कि देखो, हमने क्या हासिल किया है? इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि इस बार हम बालाकोट जैसी स्थिति से निपटने में सफल रहे और हम दुनिया को यह बता पाए कि हमने क्या हासिल किया है।ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के फैसले पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इस संघर्ष में लोग अपने अहंकार पर उतर आए थे। लेकिन हमने एक अच्छा उदाहरण स्थापित किया। हमारा लक्ष्य पूरी तरह से स्पष्ट था। हमारा लक्ष्य आतंकी ठिकानों और आतंकियों को सबक सिखाना था। हमने दो बार उनको सबक सिखाया। हमने पाकिस्तान को बता दिया कि उनको इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। एक बार जब हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया, तो हमें इसे रोकने के सभी अवसर तलाशने चाहिए थे। लेकिन मेरे कुछ करीबी लोगों ने कहा कि और मारना था। लेकिन क्या हम युद्ध जारी रख सकते हैं? मेरे विचार से हमें युद्ध क्यों जारी रखना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित करके देश ने एक अच्छा फैसला लिया।वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने कहा कि पाकिस्तान का कोई भी विमान हमारी आकाश मिसाइल और कम रेंज वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के आसपास भी नहीं आ सका। हमने लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से उनके विमानों को निशाना बनाया। कई बार पाकिस्तान के विमान हमारी सीमा में थे तो यह हमारे लिए अवसर था। जहां तक हमारे हमले का सवाल है। हमारे लिए कोई रोक-टोक नहीं थी। हमने तय किया कि हम पैन फ्रंट पर हमला करेंगे और हम अपने संसाधनों का इस्तेमाल करेंगे। हमारा उद्देश्य किसी एक खास हवाई क्षेत्र पर हमला करके उसे तबाह करना नहीं था। बल्कि पाकिस्तान को यह अहसास दिलाना था कि देखो हम तुम पर जहां चाहें वहां जाकर हमला कर सकते हैं। इसके बाद हमने भोलारी में एक अवॉक्स हैंगर पर हमला किया। इसके बाद हमें स्पष्ट संकेत मिला कि जब हमला हुआ, तो हैंगर में एक विमान मौजूद था।

पटरी पर दौड़ा ...

के बाद भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और सोननगर होते हुए झारखंड के गढ़वा रोड स्टेशन पहुंची। इसके बाद इसे अगले रेल मंडल को हैंडोवर कर दिया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया फोरम पर इस मालगाड़ी का एक वीडियो भी साझा किया है।

रुद्रास्त्र ट्रेन को 6 अलग-अलग रेक को जोड़कर बनाया गया है। अगर ये 6 एक अलग-अलग चलाई जातीं, तो हर एक के लिए अलग क्रू व्यवस्था, शेड्यूलिंग और रूटिंग करनी पड़ती। एक साथ चलाने से रेलवे का समय, स्टाफ और संचालन खर्च बचता है। इससे माल ढुलाई तेज और किफायती हो जाती है, जो भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए बड़ा कदम है। इसे लेकर पूर्व मध्य रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा, रुद्रास्त्र न केवल संसाधनों के बेहतर उपयोग का उदाहरण है, बल्कि यह माल ढुलाई के भविष्य के लिए एक आदर्श मॉडल साबित हो सकती है जो समय, लागत और श्रम की बचत करेगी। 54 वैगन, 7 इंजन और 4.5 किलोमीटर लंबी रुद्रास्त्र मालगाड़ी का सफल संचालन डीडीयू मंडल की नई सोच और नवाचार की शानदार मिसाल है।

रुद्रास्त्र के संचालन के लिए पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवीजन ने विशेष तकनीकी समन्वय और नियंत्रण किया है। यहां मालगाड़ियों के डिब्बों की मरम्मत और तकनीकी जांच कर उन्हें फिर से जोड़ने का कार्य किया जाता है। यह डिवीजन मालगाड़ी डिब्बों की मरम्मत और निरीक्षण में माहिर है। इस उपलब्धि को इनकी दक्षता, नवाचार और टीम वर्क का परिणाम माना जा रहा है। डीडीयू मंडल के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) उदय सिंह मीणा ने कहा, यह एक नया प्रयोग है। इससे माल ढुलाई और लोडिंग तेज होगी। इससे न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी। इससे भारतीय रेलवे को फायदा होगा। रुद्रास्त्र मालगाड़ी रेलवे के रिकॉर्ड के अनुसार एशिया की सबसे लंबी मालगाड़ी है।

रॉबर्ट वाड्रा...

मंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ओपीपीएल को उसी गांव में हाउसिंग लाइसेंस दिला सकें। ईडी ने बताया था कि उन्होंने वाड्रा से जुड़ी 37 करोड़ रुपए की सम्पत्तियां अटैच की थी। इसमें वाड्रा और 10 अन्य लोगों पर 58 करोड़ रुपए की अपराध की कमाई को मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए सफेद करने का आरोप है।इस मामले में वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा तक भी जांच की आंच पहुंच गई है। ईडी की चार्जशीट में फरीदाबाद के अमीपुर गांव में 39.7 एकड़ की 3 हाई-वैल्यू सम्पत्तियों का जिक्र है, जिनकी जानकारी प्रियंका ने चुनावी हलफनामे में नहीं दी है। यह मामला केरल हाईकोर्ट में है और अदालत ने नोटिस भी जारी किया है। गौरतलब है कि चुनावी हलफनामे में झूठी या अधूरी जानकारी देने को भ्रष्ट आचरण के तौर पर देखा जाता है और इसमें अयोग्यता और जेल की सजा हो सकती है।ईडी की जांच के दौरान हरियाणा सरकार के अधिकारियों और ओपीपीएल के प्रमोटरों सहित कम से कम 20 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। इन लोगों ने शुरू में दावा किया था कि वाड्रा ने जमीन के लिए 7.5 करोड़ रुपए का भुगतान किया था, लेकिन ईडी ने इस बयान को झूठा बताया है। ईडी ने गुरुग्राम पुलिस से वाड्रा के इस कथित भुगतान की जांच करने को कहा। जांच में पुलिस उपायुक्त ने पाया कि एसएलएचपीएल ने ओपीपीएल से 3.53 एकड़ जमीन 12 फरवरी 2008 को सेल डीड नंबर 4928 के जरिए खरीदी थी। कागजों में दिखाया गया कि भुगतान चेक नंबर 607251 से किया गया है, लेकिन यह चेक कभी क्लियर ही नहीं हुआ। इसके 6 महीने बाद एक और चेक से रकम दी गई।

यह चेक स्काईलाइट रियलटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलआरपीएल) का था, न कि खरीददार कंपनी एसएलएचपीएल का। एसएलएचपीएल की पूंजी केवल एक लाख थी और एसएलआरपीएल के खाते में भी 7.5 करोड़ रुपए नहीं थे। 45 लाख का स्टांप ड्यूटी भी बेचने वाले ने दी थी, न कि वाड्रा की कंपनी ने। ईडी के अनुसार, रजिस्ट्री में झूठा भुगतान दिखाकर सौदा बेनामी तरीके से किया गया।

इस षडयंत्र का....

इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी।

हिंदू आतंकवाद का कुचक्र रचने वाली कांग्रेस पार्टी के बुजुर्ग राजकुमार राहुल गांधी ने आरएसएस और सावरकर को लेकर भी बेतुके बयान दिए। राहुल गांधी ने आरएसएस की तुलना आतंकी संगठन मुस्लिम ब्रदरहुड से की, आरएसएस को कौरव बताया है और तमाम तरह के फर्जी आरोप लगाए। स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का अपमान करने में राहुल गांधी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। साफ है कि राहुल गांधी को सावरकर के हिंदुत्व से घृणा की हद तक चिढ़ है। सावरकर के खिलाफ बयान देने को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट राहुल गांधी को फटकार लगा चुका है। आरएसएस को गांधी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने को लेकर भी राहुल गांधी को कोर्ट से फटकार पड़ चुकी है।राहुल गांधी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि सभी चोरों का उपनाम (सरनेम) मोदी क्यों है? राहुल के इस बयान के बाद स्थानीय अदालत ने उन्हें 2 वर्षों की सजा दी और उनकी इसे लेकर सांसदी तक चली गई थी। इन संस्थाओं के अलावा राहुल गांधी सेना पर भी अनर्गल टिप्पणियां करने से नहीं चूके। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी पर सेना का अपमान करने को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर राहुल गांधी सच्चे भारतीय होते तो इस तरह की टिप्पणी नहीं करते। इसके बावजूद राहुल गांधी सुधरने का नाम नहीं ले रहे।देश में लंबे समय तक केंद्र और राज्य में कांग्रेस की सत्ता रही है। उसके बाद किसी भी दल ने चुनाव आयोग पर कभी आरोप नहीं लगाए। जबकि कई ऐसे चुनाव आयुक्त हुए जिनके गांधी परिवार से सीधे संबंध रहे हैं। टीएन शेषन को कई चुनाव सुधारों का श्रेय दिया जाता है। चुनाव आयुक्त बनने से पहले शेषन राजीव गांधी की सरकार में पहले उनके करीबी सुरक्षा सचिव और बाद में कैबिनेट सचिव भी बनाए गए। जब वे रिटायर हो गए तो कांग्रेस ने उन्हें भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी के खिलाफ गुजरात की गांधीनगर सीट से 1999 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। शेषन ऐसे इकलौते नहीं हैं, एमएस गिल का नाम भी गौर करने लायक है। गिल भी मुख्य चुनाव आयुक्त रहे और इस पद रिटायर होने के बाद कांग्रेस ने गिल को राज्यसभा में भेजा और बाद में केंद्रीय मंत्री बनाया। गिल का यह राजनीतिक सफर कांग्रेस की कृपा से ही संभव हुआ लेकिन तब भी तब के विपक्ष ने कभी आरोप नहीं लगाए कि गिल ने चुनाव आयोग में रहते हुए कांग्रेस के लिए काम किया था।नवीन चावला की नियुक्ति भी विवादों से घिरी रही। 1975-77 के आपातकाल के दौरान नवीन चावला दिल्ली के उपराज्यपाल किशन चंद के सचिव थे। जस्टिस शाह कमीशन ने उनके विषय में कहा था कि चावला ने आपातकाल के दौरान अपार शक्तियों का प्रयोग किया क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री आवास तक उनकी आसान पहुंच थी। शाह कमीशन ने यहां तक कहा कि उन्हें कोई पद न दिए जाए लेकिन इसके बावजूद वे कांग्रेस के राज में मुख्य चुनाव आयुक्त तक बने।नरेंद्र मोदी से पहले भी कई लोग देश के प्रधानमंत्री बने हैं। मोदी के बाद भी देश कई प्रधानमंत्री देखेगा। देश ने विपक्ष के भी कई नेता देखे हैं और भविष्य में भी देखेगा। पर मोदी घृणा में राहुल गांधी जिस तरह भारत-घृणा से भर रहे हैं और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को निशाना बना रहे हैं वैसा कोई भीषण षडयंत्रकारी व्यक्ति या भीषण मनोविकार से ग्रस्त व्यक्ति ही कर सकता है। इस षडयंत्र या मनोविकार का उपचार क्या है? सत्ताधारी दल होने के कारण यह केवल भाजपा की जिम्मेदारी नहीं है कि वह ऐसे हर हमलों को जवाब दे। यह उन संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है जिनसे लोकतंत्र मजबूत होता है। यह हर एक उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है जिसकी सहभागिता से लोकतंत्र का निर्माण होता है और जिसके लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था कार्य करती है।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट को चाहिए कि वह राहुल गांधी के ऐसे बेतुके दिखने वाले सुनियोजित हमलों पर स्वत: संज्ञान ले। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह कांग्रेस नेता को अदालत में घसीटे। केवल सोशल मीडिया या पत्रों के जरिए उनसे सबूत मांगने की औपचारिकता तक ही चुनाव आयोग को सीमित नहीं रहना चाहिए। ऐसा हर उस संस्था को करना चाहिए जिस पर बेबुनियाद आरोप लगाकर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं। अराजकता पैदा करना चाहते हैं। उनके लिए दंड का ऐसा विधान सुनिश्चित करना चाहिए जिससे कल को कोई फिर हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास न कर सके। या फिर इन्हें बताना चाहिए कि वे द्वापर के श्रीकृष्ण की तरह राजनीति के इस शिशुपाल के 100 अपराध पूर्ण होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। साथ ही, यह बताना चाहिए कि इस शिशुपाल के अपराधों की गिनती कहां तक पहुंची है। इससे आम जनता को यह जानने में सहूलियत रहेगी कि राजनीति के इस शिशुपाल को दंड देने का समय कब आएगा। वह इस बात की निगरानी करेगी कि गिनती पूरी होने के बाद यह शिशुपाल दंड के विधान से बच न सके।राहुल गांधी जब चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं तो उन्हें यह याद नहीं आता कि कभी केरल में फेक वोटर कार्ड के साथ पकड़े गए थे यूथ कांग्रेस के नेता। विडंबना यह है कि 2023 में केरल में यूथ कांग्रेस के नेता विक्रम, फैनी और बिनिल बीनू फर्जी वोटर आईडी मामले में गिरफ्तार हुए थे। इनके पास से तमिल ऐक्टर अजित का फेक आईडी सहित 24 जाली कार्ड बरामद हुए थे। इन तीनों ने यूथ कांग्रेस के संगठन के चुनावों में मोबाइल ऐप की मदद से फर्जी वोटर आईडी कार्ड बनाए थे। यह ऐप यूथ कांग्रेस के नेता जैसन द्वारा बनाई गई थी और उसने भी पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने तब 24 फर्जी आईडी कार्ड बरामद किए थे जिनमें तमिल ऐक्टर अजित का फर्जी वोटर आईडी कार्ड भी शामिल थी। इस मामले की जानकारी केसी वेणुगोपाल जैसे बड़े कांग्रेस नेताओं को भी थी।

रविवार को वाशी योग में वृषभ, सिंह, वृश्चिक और धनु सहित अन्य राशियों पर सूर्यदेव की रहेंगी कृपा

आज 10 अगस्त, रविवार के दिन शुक्र और गुरु से सूर्य दूसरे भाव में होकर वाशी योग बना रहे हैं। ऐसे में सूर्यदेव की कृपा से वृषभ, सिंह, वृश्चिक और धनु राशि का पूरा दिन उत्तम रहने वाला है। कारोबार से जुड़ी कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है जिससे लाभ भी प्राप्त होगा और निवेशों से मुनाफा होने की संभावना भी बनी हुई है। सोच-समझकर निर्णय लेने से हर काम आसान होंगे और आर्थिक मामलों में लाभ कमाने के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में रुके हुए सारे कार्य पूरे होंगे और नौकरी करने वालों को टीमवर्क करने से लाभ मिलेगा। कारोबार में नई योजना या प्रोजेक्ट लाभ दिलाएंगे और परिवार के सदस्यों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत होगा।

मेष : कामकाज पर देना होगा विशेष ध्यान

आपको कार्यक्षेत्र में अपने कामकाज पर विशेष ध्यान देना होगा। लापरवाही या जल्दबाजी ने बनते हुए काम भी बिगड़ सकते हैं। विपरीत स्थिति उत्पन्न होने पर भी आपको अपने गुस्से को नियंत्रित करना होगा। आपको सुस्ती छोड़कर अपना जरूरी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। किसी बात के लेकर मन परेशान रह सकता है, लेकिन परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

वृषभ : कारोबार में मिलेगी कोई अच्छी खबर

आप दिनभर कामकाज में बहुत ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं और शाम के समय कुछ शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकते हैं। ये कारोबार में लाभ दिलाने वाले हो सकते हैं। व्यापार के मामले में सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा नुकसान हो सकता है। निवेश के मामले में भी सोच-समझकर फैसले लें, अन्यथा कोई आपका लाभ उठा सकता है।

मिथुन : निवेशों से भरा रहेगा दिन

कार्यक्षेत्र में आपको फोन या मैसेज के जरिए कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है, जो काम को आगे बढ़ाएगी। व्यापार के मामले में आपका दिन निवेशों से भरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नई तकनीक प्रयोग में ला सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना होगा, तभी लाभ मिलेगा। परिवार का साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

कर्क : किसी प्रोजेक्ट के जरिए मिलेगा लाभ

आपके लिए कारोबार के मामले में दिन बेहद अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी एक प्रोजेक्ट या योजना पर काम करना आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। लेकिन आपको इस समय कोई भी जोखिम भरा फैसला लेने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान हो सकता है। नौकरी करने वालों का दिन सामान्य रहेगा और परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

सिंह : व्यापार में नए प्लान से होगा लाभ

कार्यक्षेत्र में आपका दिन भाग्यशाली रहने वाला है। अगर आपके मन में लंबे समय से व्यापार को लेकर कोई नया आइडिया या प्लान आ रहा है, तो उसे आगे बढ़ा सकते हैं। इससे लाभ मिलने की संभावना बनी हुई है। परिवार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा और समस्याएं दूर होंगी। लेकिन अपनी वाणी पर संयम रखना जरूरी होगा, अन्यथा किसी से बहस हो सकती है।

कन्या : सारी समस्याएं होंगी दूर

आप कामकाज में ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं और भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में समझदारी और बुद्धिमानी से किए गए कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। ऐसे में आप प्रसन्न रहेंगे और तनाव भी कम होगा। अगर लंबे समय से कोई टेंशन चल रही थी तो अब वह भी दूर हो जाएगी। दूसरों की मदद करने से वे भी आपकी मदद के लिए आगे आएंगे।

तुला : मिलेगा कोई शुभ समाचार

दिन की शुरुआत में व्यापार से जुड़ी को अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। यह समाचार आपको फोन के जरिए प्राप्त हो सकता है। ऑफिस में टीमवर्क से लाभ होगा और प्रसन्नता बनी रहेगा। लेकिन बिजनेस करने वालों को लेन-देन में सावधान रहना होगा, अन्यथा नुकसान हो सकता है। लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा और कुछ खर्च भी बढ़ सकता है। सेहत पर भी खास ध्यान देने की जरूरत है।

वृश्चिक : लाभ कमाने के मिलेंगे कई अवसर

कार्यक्षेत्र में दिन की शुरुआत में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। लेकिन धीरे-धीरे लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होते जाएंगे। साथ ही, आपको शाम के समय कहीं घूमने जाने का मौका भी मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात भी हो सकती है, जिससे जरूरी कार्यों की चिंता दूर होगी।

धनु : व्यापार में किसी योजना से होगा लाभ

आपके लिए समय अनुकूल चल रहा है। ऐसे में कारोबार में समय का सही लाभ उठाने से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लेकिन नौकरी करने वालों को ऑफिस में किसी सहकर्मी से बहस करने से बचना होगा। आपकी कई इच्छाएं अब पूरी भी हो सकती हैं और किसी यात्रा पर जाने से जरूरी काम बन सकता है। साथ ही, व्यापार में किसी योजना से लाभ मिलने की संभावना है। फाइनेंस के कामों में अनुभवी लोगों की सलाह लेना लाभदायक रहेगा।

मकर : सावधानी से करें हर काम

कार्यक्षेत्र में आपको सावधान रहने की जरूरत रहेगा। किसी सहकर्मी से आपकी अनबन या बहस हो सकती है। कामकाज के मामले में स्थिति पहले से बेहतर होती जाएगी। बिजनेस करने वालों को मुनाफा मिलने की संभावना है और शादीशुदा जिंदगी में खुशहाली आएगी। आपके सामने कई काम एक साथ आ सकते हैं। लेकिन आपको इन्हें एक-एक करके पूरा करना होगा।

कुंभ : टीमवर्क से होगा लाभ

कार्यस्थल पर आपको टीमवर्क करना होगा, तभी लाभ प्राप्त होगा। साथियों के साथ मिलकर अपने जरूरी कार्यों को पूरा करने से आपको अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार में बातचीत या मीटिंग के दौरान कोई नया आइडिया सामने आ सकता है, जिससे लाभ मिलने की संभावना है। दोस्त के लिए आप बजट में कोई तोहफा ले सकते हैं।

मीन : धीरे-धीरे काम होंगे आसान

दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। लेकिन धीरे-धीरे आगे बढ़ने से आपको लाभ भी प्राप्त हो सकता है। अगर आपके जरूरी काम बीच में अटके हुए हैं तो प्रयास करने से वे काम भी बनने शुरू हो सकते हैं। सतर्कता के साथ हर काम करने से आपके संघर्ष खत्म हो सकते हैं। खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती और परिवार के साथ समय बिताना बेहतर रहेगा।

जब मन की सीमाएं टूटती हैं, तब असाधारण कार्य भी सम्भव हो जाते हैं, जानें कैसे

हमारा मस्तिष्क जिसे स्वीकार करता है वह निश्चित रूप से घटित होता है, इस लिए हम ठीक वैसा ही परिणाम प्राप्त करते हैं जैसा कि हम चाहते हैं, यदि आप विश्वास करते हैं कि आप सफल होगें, तो अवश्य सफल होंगे। यदि आप यह भी मान रहे होते हैं कि आप सफल नहीं होंगे तो सच मानिए कि असफलता ही आपके हाथ लगेगी। यदि हमारा मस्तिष्क अविश्वास करता है, तो वह वैसे ही कारणों को आकर्षित करता है और आप निश्चित रूप से असफल हो जाते हैं। इसलिए सफल व्यक्तियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पड़ती है।

प्रेरणा वह अदृश्य ऊर्जा क्षेत्र है, जहां से सभी चीजें प्रस्फुटित होती है। जब हम प्रेरित होते हैं, तो प्रच्छन्न शक्तियां, क्षमताएं एवं प्रतिभाएं जाग्रत हो जाती हैं और फिर हम अपने आप को एक महान व्यक्ति के रूप में पाते हैं, जैसा कि हमने अपने में भी स्वयं को नहीं देखा होगा। वास्तव में, जब हम किसी कार्य को करने के लिए प्रेरित होते हैं, तब उस कार्य को पूरा करने के लिए स्वयं ही किसी असीम ऊर्जा स्त्रोत से जुड़ जाते हैं। हमारा विश्वास और आत्मविश्वास, हमारी प्रत्येक गतिविधि को हमारे लक्ष्य की ओर उन्मुख कर देते हैं। दूसरी ओर, यदि हम अपने कार्य के प्रति प्रेरित नहीं है, तो वह हमारे लिए उबाऊ और बोझिल हो जाता है।

अविश्वास एक नकारात्मक शक्ति - प्रेरणा का महत्व उस समय भी होता है जब हम अपने लक्ष्य को लेकर भ्रमित या अनिश्चित होते हैं। ज्योतिष शास्त्र इसी भ्रम या अनिश्चितता को दूरकर सफलता का मार्ग दिखाता है। ईश्वरीय अथवा गुरु की प्रेरणा हमें अज्ञात रास्तों पर आगे बढ़ने का साहस देती है और सफलता की ओर प्रेरित करती है। अतः यदि हमें सफल होना है तो अपने मस्तिष्क में सकारात्मक अभिलाषा बनाए रखना तथा स्वयं की क्षमताओं पर विश्वास करना आवश्यक है। अविश्वास एक नकारात्मक शक्ति है, यदि हमारा मस्तिष्क अविश्वास करता है तो वह वैसे कारणों को आकर्षित करेगा और आप निश्चित रूप से असफल होंगे।

आज से लगेगा रोग पंचक, अगले पांच दिनों तक इन कामों से बनाएं दूरी!

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पंचक एक अशुभ समय है जो पांच नक्षत्रों (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद, और रेवती) के संयोजन से बनता है। 5 दिनों तक रहने वाले पंचक में कुछ विशेष कार्य वर्जित होते हैं। अलग-अलग वार से शुरू होने वाले पंचक को अलग-अलग नाम दिया गया है। रविवार के दिन से शुरू होने वाले पंचक को रोग पंचक कहते हैं। हर महीने पंचक पांच दिनों के लिए लगता है और इस दौरान विशेष सावधानियां बरती जाती हैं।

रोग पंचक क्या है?

ज्योतिष में रोग पंचक एक विशिष्ट प्रकार का पंचक है, जो रविवार के दिन से शुरू होता है। इस दौरान व्यक्ति को पांच दिनों तक शारीरिक और मानसिक तनाव का अनुभव हो सकता है। ऐसे में रोग पंचक को इस समय को शुभ कार्यों के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। साथ ही, इसे अशुभ पंचक भी कहा जाता है।

14 अगस्त तक चलेगा रोग पंचक

पंचांग के मुताबिक, 10 अगस्त, रविवार को तड़के रात 2:12 मिनट से पंचक की शुरुआत होगी। वहीं, इन पंचक का समापन 14 अगस्त, गुरुवार को रात 9:06 मिनट पर होगा। रोग पंचक होने की वजह से इस दौरान आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए।

पंचक के दौरान कौन से काम नहीं करने चाहिए?

पंचक काल में कुछ विशेष कार्य करना अशुभ माना गया है। इन कार्यों में, घर का निर्माण, दक्षिण दिशा में यात्रा, शव का दाह संस्कार और लकड़ी को इकट्ठा करना या इस्तेमाल करना शामिल हैं। इसके अलावा, रोग पंचक में विवाह, सगाई, नामकरण, गृह प्रवेश या कोई नया व्यवसाय शुरू करना आदि शुभ और मांगलिक कार्य भी नहीं करने चाहिए।

पंचक में गृह प्रवेश करना चाहिए या नहीं?

पंचक के दौरान गृह प्रवेश करना वर्जित माना जाता है। हालांकि, कुछ ज्योतिषियों के अनुसार, विशेष परिस्थितियों में और कुछ विशेष नक्षत्रों में गृह प्रवेश किया जा सकता है।

पंचक में शुभ कार्य करना चाहिए या नहीं?

पंचक काल में शुभ कार्य करना वर्जित होता है। लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में कुछ कार्य किए जा सकते हैं जैसे कि रेवती नक्षत्र में विवाह और गृह प्रवेश।

पंचक में भूमि पूजन करना चाहिए या नहीं?

पंचक के दौरान भूमि पूजन करना शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्रों में पंचक को शुभ-अशुभ कार्यों से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन भूमि पूजन जैसे कार्य पंचक में भी किए जा सकते हैं।

पंचक में सोना खरीदना चाहिए या नहीं?

पंचक काल में सोना खरीदना शुभ नहीं माना जाता है। पंचक को ज्योतिष में अशुभ अवधि माना जाता है और इस दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करने से बचना चाहिए, जिसमें सोना खरीदना भी शामिल है।

पंचक में वाहन खरीदना चाहिए या नहीं?

पंचक काल में वाहन खरीदना शुभ नहीं माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पंचक के दौरान कोई भी नया काम, खासकर वाहन खरीदना शुभ नहीं होता है। साथ ही, इससे अशुभ फल मिल सकते हैं।

पंचक में यात्रा करना चाहिए या नहीं?

पंचक काल में यात्रा करना आमतौर पर शुभ नहीं माना जाता है, खासकर दक्षिण दिशा में। पंचक के पांच दिनों के दौरान यात्रा करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

पंचक में क्या नहीं खरीदना चाहिए?

पंचक के दौरान कुछ विशेष चीजें खरीदना अशुभ माना जाता है। लकड़ी, घास-फूस और लोहे से बनी चीजें पंचक में नहीं खरीदनी चाहिए।

क्या पंचक में जमीन खरीद सकते हैं?

पंचक काल में जमीन खरीदना आमतौर पर शुभ नहीं माना जाता है, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में इसे शुभ माना जा सकता है। अगर आप पंचक काल में जमीन खरीदना चाहते हैं, तो किसी योग्य ज्योतिषी से सलाह जरूर लें।

पंचक में कपड़े खरीद सकते हैं क्या?

पंचक काल में कपड़े खरीदे जा सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पंचक काल में कपड़े खरीदना, आभूषण खरीदना या मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में शामिल होना, ये सभी कार्य पंचक में किए जा सकते हैं।

क्या पंचक में बाल कटवाना चाहिए?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पंचक में बाल नहीं कटवाने चाहिए। इसके अलावा, पंचक के दौरान नाखून काटने और दाढ़ी बनवाने से भी बचना चाहिए।

भगवान नृसिंह ने हिरण्यकश्यपु का वध करने के बाद मचाया ऐसा तांडव, शिवजी को लेना पड़ा अवतार

भगवान विष्णु का नृसिंह या नरसिंह अवतार उसी कड़ी का हिस्सा है कि जब- जब दैत्यों और बुरी शक्तियों ने धरती पर अधर्म, क्रूरता, निर्दयता और अत्याचार को बढ़ावा दिया है। तब भगवान विष्णु ने इनका सर्वनाश करने के लिए कोई न कोई अवतार जरूर लिया है। इस बात का वर्णन शास्त्रों और ग्रंथों में भी देखने को मिलता है। इसी प्रकार विष्णुजी ने हिरण्यकश्यपु नाम के असुर का वध करने के लिए अपना चौथा अवतार नृसिंह के रूप में लिया। उन्होंने यह अवतार अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने के लिए लिया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भगवान नृसिंह के द्वारा हिरण्यकश्यप का वध होने के बाद ऐसा क्या हुआ था जो भगवान शिव को अवतार लेना पड़ा?

अपने परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए विष्णुजी ने लिया चौथा अवतार

भगवान विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह आधे मानव और आधे सिंह के रूप में प्रकट हुए थे। भगवान नृसिंह का मस्तक और धड़ा मानव के समान था, लेकिन उनका मुख और पंजे किसी सिंह की तरह दिखाई पड़ते थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार, बिहार के पूर्णिया जिले के बनमनखी में सिकलीगढ़ में हिरण्यकश्यप बहुत शक्तिशाली असुर राजा था और भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद का पिता था। अपने भक्त की रक्षा करने के लिए ही एक स्तंभ से भगवान नृसिंह प्रकट हुए थे। इस स्तंभ को माणिक्य स्तंभ के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि यह खंभा अभी भी मौजूद है और उसी स्थान पर नृसिंह भगवान ने प्रह्लाद की रक्षा करने के लिए हिरण्यकश्यप को अपने नाखूनों से चीर दिया था। इसे लेकर एक कथा यह भी है कि उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में नृसिंह भगवान प्रकट हुए थे और उस स्थान का नाम पहले हरिद्रोही था।

नृसिंह भगवान का क्रोध शांत करना हो गया था मुश्किल

हिरण्यकश्यप का वध करने के बाद भी भगवान नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हो रहा था। उन्हें शांत करने के लिए प्रह्लाद भी विफल हो गए। तब नृसिंह भगवान को शांत करने के लिए सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंचे। इसके बाद, शिवजी ने नृसिंह भगवान को शांत करने के लिए अपने गण वीरभद्र को भेजा। लेकिन वो भी इसमें विफल हो गए। जब कई प्रयासों के बाद भी भगवान नृसिंह का क्रोध शांत नहीं हुआ, तो ब्रह्माजी के अनुरोध करने के बाद भगवान शिव ने शरभ नामक पक्षी का अवतार लिया। भोलेनाथ का यह अवतार बहुत अनोखा था।

भगवान शिव ने लिया शरभ अवतार

शिवजी के शरभ अवतार का आधा भाग सिंह, आधा मनुष्य और आधा पक्षी का था, जो शेर से भी अधिक बलवान था और उनके आठ पैर थे। इसी शक्तिशाली रूप में भगवान नृसिंह के पास पहुंचे। शिवजी ने भगवान विष्णु के अवतार को अपनी पूंछ में बांधा और उन्हें सीधा पाताल लोक में ले गए। नृसिंह भगवान ने शरभेश्वर की पकड़ से छुटने का बहुत प्रयास किया लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो पाए। वहां शिवजी ने अपने पंजे से नृसिंह अवतार को उठाकर उनकी चोंच पर वार किया है।

भगवान विष्णुजी ने रचाई थी ऐसी लीला

नृसिंह अवतार को आभास हुआ कि उन्होंने जिस लक्ष्य से शिवजी को बुलाया था अब वह पूरा हो चुका है। ऐसे में विष्णुजी के अवतार ने अपने प्राण त्यागने का फैसला लिया। तब भगवान विष्णु ने शिवजी से निवेदन किया की वे नृसिंह अवतार के चर्म को अपने आसन के रूप में स्वीकार कर लें। इसके बाद, विष्णुजी अपने मूल रूप में वापस आ गए और शिवजी ने उनके चर्म को अपना आसन बना लिया। दरअसर विष्णुजी ने हिरण्यकश्यप के वध के बाद जो तांडव मचाया था वह और कुछ नहीं बल्कि उनके खुद के द्वारा रचाई गई एक लीला थी। भगवान विष्णु चाहते थे कि शिवजी भी वहां शामिल हो। विष्णुजी के नृसिंह अवतार की लीला के द्वारा शिव जी को पवित्र आसन मिला।

भाई नहीं, बहन बनकर बनी हैं एक-दूसरे की ढाल, बॉलीवुड की ये जोड़ियां देती हैं असली साथ की मिसाल

रक्षाबंधन को आमतौर पर भाई-बहन के रिश्ते को सेलिब्रेट करना का त्योहार माना जाता है। लेकिन, आजकल के दौर में भाई-बहन के रिश्ते के अलावा बहनों के रिश्तों को भी काफी खास माना जाता है, जो ये त्योहार मनाता है। फिल्मी दुनिया में भी ऐसी कई बहनों के रिश्ते दिखने को मिलता है, जो केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक ही सीमित नहीं है। बल्कि उन बहनों को हम अक्सर ही एक-दूसरे के साथ खड़े भी देखा है। ऐसे में आइए उनके बारे में जानते हैं।

जान्हवी और खुशी कपूर बॉलीवुड को फेवरेट सिबलिंग्स में से एक हैं, दोनों की बॉन्डिंग लोगों को काफी पसंद आती है। दोनों ने ही फिल्मी दुनिया में अपना कदम रख दिया है। दोनों बहनों के साथ ही दोस्त के तौर पर भी दिखती हैं। बहनों की बात की जाए, तो करीना कपूर और करिश्मा का नाम आना लाजमी है। दोनों एक्ट्रेस के तौर पर भी हमेशा एक-दूसरे को सपोर्ट करती नजर आती हैं। दोनों एक साथ कई शो पर भी नजर आ चुकी हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद करते हैं।

दिशा पाटनी जहां फिल्मी दुनिया में अपनी कमाल की पहचान बना चुकी हैं, तो वहीं उनकी बहन खुशबू आर्मी ऑफिसर के तौर पर देश के लिए सेवा दे चुकी हैं। दोनों को हमेशा ही साथ में देखा जाता है। भूमि पेडनेकर और समीक्षा को देखकर लोग अक्सर हैरान हो जाते हैं, क्योंकि दोनों अक्सर साथ ही दिखती हैं और लगभग एक जैसी ही दिखती हैं। समीक्षा को अक्सर ही भूमि के साथ खड़े देखा जाता है। विद्या बालन और प्रिया को भी लोग काफी पसंद करते हैं। हालांकि, विद्या ने फिल्मी दुनिया में अपना करियर बनाया है, तो वहीं प्रिया इस पूरी जर्नी में एक्ट्रेस के साथ हर वक्त खड़े और उन्हें सपोर्ट करते दिखी हैं। काजोल और तनीषा को भी लोगों ने कैमरे पर लड़ते-झगड़ते और प्यार करते देखा है। दोनों बहनों को नोंक-झोक लोगों को काफी पसंद आती हैं। दोनों ही एक दूसरे को काफी सपोर्ट करते दिखती हैं। शिल्पा और शमिता की बॉन्डिंग को भी लोगों ने काफी प्यार दिया है। दोनों एक साथ हर त्योहार पर नजर आती हैं, दोनों का ये रिश्ता काफी खास है। हालांकि, मुश्किल के समय में दोनों एक दूसरे का सहारा भी बनती हैं।

18 की उम्र में सुसाइड करना चाहती थी प्रियंका चोपड़ा, मैनेजर ने किया था दावा!

आज हम आपको जिस एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, उसकी गिनती बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस के रूप में होती है। उसने अपना करियर साउथ फिल्म इंडस्ट्री से शुरू किया था। फिर बॉलीवुड का बड़ा नाम बनी। इसके बाद हॉलीवुड का रुख किया और वहां भी अपने टैलेंट की छाप छोड़ दी। अब तक आप समझ ही गए होंगे कि यहां किस एक्ट्रेस की बात हो रही है। वो एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा हैं, जो आज ग्लोबल स्टार के रूप में जानी जाती हैं।

प्रियंका चोपड़ा आज जिस मुकाम पर हैं, वहां तक पहुंचने का सपना हर एक अदाकारा देखती है। हालांकि प्रियंका के इस सफर में कई मुश्किलें भी आईं। कभी उन्हें सांवले रंग के चलते लोगो से खूब ताने सुनने को मिलते थे। चाहे बॉलीवुड हो या हॉलीवुड उन्हें हर जगह करियर के शुरुआती दौर में नजरअंदाज भी किया गया। वहीं 18 साल की उम्र में तो एक्ट्रेस सुसाइड तक करना चाहती थीं। उन्हें लेकर ये खुलासा उनके एक्स मैनेजर ने किया था। कई साल पहले प्रियंका चोपड़ा के एक्स मैनेजर प्रकाश जाजू ने कुछ ट्वीट करके एक्ट्रेस को लेकर बड़े दावे किए थे। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा था, आज इतनी स्ट्रॉन्ग दिखने वाली प्रियंका ने पहले 2-3 बार सुसाइड करने का प्रयास किया था। मैंने उन्हें जैसे तैसे रोका था। आगे प्रकाश ने दावा किया था कि प्रियंका की उनके एक्स बॉयफ्रेंड असीम मर्चेंट से लड़ाई भी हुई थी। प्रकश ने बताया था, बॉयफ्रेंड से लड़ाई के बाद प्रियंका कई बार रात में परेशान होकर मुझे फोन किया करती थीं।प्रियंका का फिल्मी डेब्यू हुआ तब वो असीम के साथ रिश्ते में थीं। हालांकि, बाद में दोनों अलग हो गए थे। दोनों के बीच अक्सर लड़ाई झगड़े होते रहते थे। प्रकाश के मुताबिक एक बार लड़ाई के बाद एक्ट्रेस ड्राइव करके मुंबई के वसई इलाके में सुसाइड करने चली गई थीं।

प्रकाश के दावों पर प्रियंका ने क्या कहा था?

प्रियंका की प्राइवेसी में दखलंदाजी देने पर प्रियंका के पिता अशोक चोपड़ा ने प्रकाश के खिलाफ केस किया था। इस मामले में उन्हें कई रातें जेल में बितानी पड़ी थी। प्रियंका ने प्रकाश के दावों पर एक इंटरव्यू में कहा था, जिस आदमी को मुझे परेशान करने के कारण जेल हो चुकी हो, उसकी बातों पर कैसे विश्वास किया जाए।

हनी सिंह ने अपनी गुड़िया को दिया ऐसा तोहफा, तस्वीर देख बहन हो गई इमोशनल

आज पूरा देश भाई-बहन के प्यार का त्योहार रक्षा बंधन मना रहा है। इस त्योहार के लिए हर भाई और बहन बेकरार रहते हैं। हर भाई चाहता है कि इस त्योहार पर उसकी बहन उसके साथ हो, और उसकी कलाई सूनी ना रहे, लेकिन आज की बिजी दुनिया हर बार सबको ये मौका नहीं मिला पाता। बॉलीवुड में भी स्टार्स इस त्योहार को बहुत प्यार से मनाते हैं। राखी पर आज बॉलीवुड सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह ने भी अपनी बहन को एक बड़ा तोहफा दिया। हनी अपनी बहन स्नेहा सिंह से काफी करीब हैं। हनी सिंह की बहन, ने 2021 में दिल्ली के बिजनेसमैन निखिल शर्मा से शादी की और मेलबर्न में शिफ्ट हो गईं थीं। दोनों एक खास बॉन्ड शेयर करते हैं। हनी सिंह प्यार से अपनी छोटी बहन को गुड़िया बुलाते हैं। वो उनसे बहुत प्यार करते हैं। आज राखी के त्योहार पर हनी ने बहन के नाम का टैटू बनवाया है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने फैंस के लिए शेयर कीं।

उर्दू में लिखा बहन का नाम

हनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है, जहां उनके हाथ में एक टैटू नजर आ रहा है। इस टैटू में उर्दू भाषा में हनी ने बहन का नाम लिखवाया है। हनी के फैंस को ये टैटू काफी पसंद आ रहा है। सभी फैंस हनी की फोटो पर कमेंट्स कर रहे हैं। हनी ने अपने कई इंटरव्यूज में बहन के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स की अपनी डॉक्यूमेंट्री में भी बताया था कि उनके बुरे वक्त में उनकी बहन ने कभी भी उनका साथ नहीं छोड़ा।

बहन के लिए एक प्यारा सा नोट

इस तस्वीर के साथ हनी ने बहन के लिए एक प्यारा सा नोट भी लिखा है। इस नोट में हनी ने लिखा- सभी बहनों और बेटियों को हैपी रक्षा बंधन। मेरी बहन के स्नेहा के नाम का छठा टैटू। लव यू गुड़िया। हनी के इस पोस्ट पर उनकी बहन ने भी कमेंट किया है। हनी की बहन ने अपने कमेंट में लिखा- भाई आज मेरे पास शब्द नहीं बचे हैं। मेरी बाबाजी से बस एक ही दुआ है कि हर जनम मैं कहीं भी रहूं, मैं आपकी बहन बनूं और आपके जैसा भाई मुझे मिले। हर बहन को आपकी तरह का भाई मिलना चाहिए।

फिल्म प्रेम रतन धन पायो में काम करके छा गई थीं सोनम कपूर

बॉलीवुड में दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने बड़ा और खास नाम कमाया है। फिल्मी दुनिया में काम करते हुए उन्हें करीब 45 साल हो चुके हैं। इन 45 सालों में अभिनेता ने कई शानदार फिल्में दी हैं। उनकी राह पर चलते हुए उनकी बेटी सोनम कपूर ने भी बॉलीवुड की राह चुनी। वो भले ही लंबे समय से फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन अपने करियर के पीक पर वो कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। सोनम कपूर ने अपनी शानदार एक्टिंग से बॉक्स ऑफिस को कई बार गुलजार करने का काम किया है। सोनम की एक फिल्म ने तो बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था। इस पिक्चर ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई थी।

अपने करियर में सोनम कपूर ने सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ भी काम किया है। 59 साल के सलमान और 40 साल की सोनम ने फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो में साथ काम किया था। फिल्म के साथ ही इसके गानों को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ये पिक्चर करीब 10 साल पहले रिलीज हुई थी।

प्रेम रतन धन पायो 12 नवंबर 2015 को सिनेमाघरों में दस्तक रिलीज हुई थी। इसका डायरेक्शन किया था दिग्गज डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने। फिल्म में सलमान और सोनम के साथ अनुपम खेर, नील नितिन मुकेश, स्वरा भास्कर, दीपक डोबरियाल, अरमान कोहली, दीपक जोशी, संजय मिश्रा और समायरा राव जैसे कलाकार भी थे। 180 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने भारत में 210 करोड़ की कमाई की थी। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन 405.85 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था।

सोनम ने साल 2018 में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड आनंद आहूजा से शादी करके घर बसा लिया था। इसके बाद कपल ने साल 2022 में बेटे वायु का वेलकम किया था। सोनम कपूर शादी के बाद से फिल्मी दुनिया से दूर हो गई थीं। हालांकि 2023 में उन्होंने फिल्म 'ब्लाइंड' से वापसी की थी, जो ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

कैसे मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने पारंपरिक साड़ियों को एक स्मार्ट एक्सेसरी से बना दिया मॉडर्न फैशन स्टेटमेंट

मानुषी छिल्लर इन दिनों सिर्फ़ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी अपने स्टाइल से छाई हुई हैं। फिल्म 'मालिक' में 'मालिक की मोहब्बत शालिनी' के रूप में उनकी एक्टिंग जितनी चर्चा में है, उतनी ही चर्चित है उनकी प्रमोशनल स्टाइलिंग।और सच कहें तो अब हमें हैरानी भी नहीं होती - मिस वर्ल्ड मानुषी में वो कमाल की खूबी है, जो किसी भी पारंपरिक पहनावे को अपने सिग्नेचर ट्विस्ट के साथ नया रूप दे देती हैं। लेकिन जिस चीज़ ने हमारा ध्यान सबसे ज़्यादा खींचा, वो थी उन्होंने अपनी खूबसूरत साड़ियों को सनग्लासेस के साथ कैसे पेयर किया। और यकीन मानिए, यह एक ऐसा स्टाइल मूव है जो अप्रत्याशित तो है, लेकिन एकदम जीनियस भी।चलिए देखते हैं वो 6 लुक्स जिनमें मानुषी ने साबित कर दिया कि वो सिर्फ़ आउटफिट्स पहनती नहीं, उन्हें पूरी तरह अपना बना लेती हैं।

आइवरी लेस ड्रीम

इस सफेद लेस साड़ी की महीन कढ़ाई और टैसल डीटेल्स इसे शुद्ध रूप से एलीगेंट बनाती हैं, लेकिन मानुषी यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने इसे ओवरसाइज़्ड गोल्ड टिंटेड सनग्लासेस के साथ पेयर किया, जिसने पूरे लुक को 'वेडिंग गेस्ट' से 'बॉस बेब' में बदल दिया। पन्ना रंग का चोकर रंगों का एक बेहतरीन तड़का लगाता है, लेकिन असली कमाल तो वो सनग्लासेस कर रहे हैं - जो इस लुक को सिर्फ़ सुंदर नहीं, बल्कि आइकॉनिक बना देते हैं। ये है मॉडर्न महारानी का स्टाइल।

गुलाबी रंग में खूबसूरती

कौन कहता है कि आप सॉफ्ट और रोमांटिक लुक के साथ सनग्लासेस नहीं पहन सकते? मानुषी की ब्लश पिंक साड़ी पर हल्की गोल्ड कढ़ाई अपने आप में ही काफी खूबसूरत है, लेकिन उनके स्लीक एविएटर एक अनोखा अंदाज़ जोड़ते हैं जो पूरे लुक में एक शार्प ट्विस्ट लेकर आते हैं। जिस तरह से उन्होंने अपने हेयरस्टाइल और क्लासिक मोतियों की माला इसे फेमिनिन बनाए रखती है, जबकि सनग्लासेस इसमें 'कूल गर्ल' वाला एटीट्यूड जोड़ते हैं। यह 80 के दशक की तरह ही मधुर और उग्र का एकदम सही संतुलन है।

ब्लश ब्यूटी विथ ऐन ऐंज़

पाउडर पिंक साड़ी में बारीक एम्ब्रॉयडरी तो बेहद खूबसूरत है, लेकिन इसे ख़ास बनाने वाला है मानुषी का स्टाइल। नीले रंग के सनग्लासेस यहाँ सारा भार उठा रहे हैं। यह लुक पारंपरिक होने की बजाय फ्यूचरिस्टिक लगने लगता है। साड़ी की स्टाइलिंग और मिनिमल एक्सेसरीज़ इस बात को और पुख़्ता करती हैं कि जब एक बोल्ड स्टाइल चॉइस की जाए, तो वो पूरा लुक बदल सकती है।

फ्लोरल फैंटेसी और अर्बन कूल का मिलन

अब आप मैक्सिमम स्टाइलिंग ऐसे ही कर सकती हैं! नीले रंग के खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट वाली यह सफ़ेद साड़ी पहले से ही एक स्टेटमेंट पीस है, लेकिन मानुषी ने अपने स्टाइलिश ब्राउन सनग्लासेस के साथ इसे और भी बेहतर बना दिया है। रोमांटिक फ्लोरल और स्लीक आईवियर के बीच का कंट्रास्ट एक अद्भुत अर्बन टच देते हैं, जो बस कमाल का है। गार्डन सेटिंग में बैठे हुए भी, वो चश्मे उन्हें एक सिटी-शार्प एटीट्यूड दे रहे हैं।

सेज ग्रीन गॉडेस

यह सेज ग्रीन साड़ी, अपने हल्के शिमर वर्क वाले ब्लाउज़ और बारीक बॉर्डर वर्क के साथ, एलिगेंस अपने चरम पर है, लेकिन जिस चीज़ ने हमारा ध्यान खींचा, वह थे इसके फ्यूचरिस्टिक ब्लू टिंटेड सनग्लासेस। ये एक पारंपरिक लूक में एक अल्ट्रा-मॉडर्न टच जोड़ते हैं। मल्टी-स्ट्रैंड पर्ल चोकर क्लासिक एलिगेंट है, लेकिन ये सनग्लासेस? ये हमें किसी बड़े स्टाइल आइकन जैसा एहसास दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे वह कह रही हो, मैं ट्रेडिशनल हूं, लेकिन अपने तरीके से

विंटेज फ्लोरल फ़ैंटेसी

लुक्स की बात करें तो! 80 के दशक के विंटेज से प्रेरित खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट वाली यह क्रीम साड़ी हमें रेट्रो वाइब्स दे रही है, लेकिन मानुषी की स्टाइलिंग इसे पूरी तरह से कंटेम्पररी बनाए रखती है। गहरे रंग के सनग्लासेस और हरे रंग के चोकर के साथ, ये सॉफ्ट फ्लोरल डिज़ाइन के साथ एक अद्भुत कंट्रास्ट बनाते हैं। वह इन खूबसूरत सफ़ेद सीढ़ियों पर पोज़ दे रही हैं, और पूरा नज़ारा पुराने ज़माने के ग्लैमर का एक आधुनिक रूप सा लगता है। उनका पोज़, फ्लोइंग साड़ी और सनग्लासेस की शार्प कट ओल्ड-वर्ल्ड ग्लैमर का मॉडर्न अवतार बनाता है।

मानुषी छिल्लर ने पारंपरिक पहनावे को कंटेम्पररी लुक देने का हुनर सीख लिया है, और सच कहूँ तो, हम इस पर ध्यान दे रहे हैं। उनका सीक्रेट हथियार? वो परफेक्टली चुने हुए सनग्लासेस जो सबसे क्लासिक साड़ियों में भी तुरंत एक नयापन ला देते हैं। वह साबित कर रही हैं कि मॉडर्न महसूस करने के लिए आपको ट्रेडिशन को छोड़ने की ज़रूरत नहीं है। कभी-कभी किसी लुक को पूरी तरह से अपना बनाने के लिए बस एक अनपेक्षित एक्सेसरी की ज़रूरत होती है।

आज का राशिफल

मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आज समय अनुकूल हैं मजबूती से काम को आगे बढाएं सकारात्मक परिणाम देखकर उत्साह में वृद्धि होगी. काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम भी आएगा. इस समय पूरे दिल से किया हुआ कोई भी कार्य परिणाम अवश्य देगा. शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को या शिक्षार्थियों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है पति पत्नी का आपसी तालमेल गजब का रहेगा बच्चों मे डिसीप्लीन दिखाई देगा । विवाह योग समय अच्छा हैं रिश्ता आगे बढा सकते हैं । शिवमंत्र का जप करें ।

वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आप एक समपन्न व्यक्ति हैं , लोगों की सेवा करना आप धर्म हैं आपके दोस्त आपसे किसी जरूरी काम के लिये मदद मांग सकते हैं. आप भी उनकी पूरी मदद करने की कोशिश करेंगे. पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा. आपका किसी सरकारी काम के लिये चयन हो सकता हैं छात्रों को एक टाइम टेबल के हिसाब से रुपरेखा बनानी चाहिए । आपको सूर्यदेव को लालफूल , लाल चन्दन , चावल से मिश्रित जल चढ़ाना चाहिए . आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आप को प्रत्येक काम बहुत सोच समझकर करने की आवश्यकता हैं जल्दबाजी में कोई काम न करें. पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी. आपका फालतू खर्चा हो सकता है. नौकरी और बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ सकती हैं. पैसों के मामलों में सावधानी रखनी होगी. सेहत को लेकर लापरवाही न करें.आज आप दोस्तों और परिवार की जरूरतों में फंस सकते हैं. आहार का विशेष ध्यान रखें पेट मे जलन , गैस , मरोड़ जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज छात्रों के लिए जबरदस्त उत्साह वाला दिन हैं सफलता मिलना तय हैं पुरस्कृत होंगे दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा, आपको भविष्य के लिए पैसे जमा करने चाहिए, नहीं तो आगे आप मुश्किल में पड़ सकते हैं. आज सामाजिक प्रसंग में समय देना पडेगा आनंद का एहसास होगा धार्मिक यात्रा का भी योग है. आप थोड़े चंचल रहेंगे. माता का सुख मिल सकता है. आज कार्यस्थल पर तनाव हो सकता हैं विवाद से दूरी बनाए रखें

सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

पुरानी बातो को छोडकर आगे मिलने वाली सफलताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए किसी भी पुरानी बात को लेकर सहयोगियों से बहस करना उचित नही हैं अत: सावधानी से काम लेकर विवादों को टालें. निजी जीवन में कुछ परेशानियां रह सकती हैं. बेहतर होगा आप अपने जी–वनसाथी की सोच को समझने का प्रयास करें. खान–पान पर भी संयम रखें. तन–मन दोनो तंदरुस्त रहेंगें। बच्चों की पढाई पर ध्यान देना होगा ।

कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

छात्र अगर कोर्स मे फेरबदल करना चाह रहें तो समय अनुकूल हैं आप निर्णय ले सकते हैं पढ़ाई को पूरा इंज्वॉय करेंगे. कठिन विषयों को दूसरे तरीके से समझने की कोशिश करेंगे. आपकी कोशिशें सफल होंगी. अगर आज कारोबार मे आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है. अगर आप घर के किसी फंक्शन के लिये कपड़े खरीदना चाहते हैं, तो आज खरीद सकते हैं. दिन अच्छा रहेगा. परिवार में सब लोग आपसे खुश रहेंगे. आप बच्चों के किसी कार्य में उनकी मदद कर सकते हैं.पीपल मे जलदूध चढाए दीप प्रज्वलित करें।

तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

नौकरी और बिजनेस में लाभ की संभावना बन रही है. आपके लिए दिन अच्छा रहेगा. विशेष लाभ व उन्नति के लिए आज आपको कुछ ज्यादा ही कोशिशें करनी पड़ सकती है, लेकिन आप सफल भी हो सकते हैं. आपके किए गए काम किस्मत की मदद से पूरे हो सकते हैं. अपनेफायदे की चिंता जरूर करें. दूसरों को नाराज किए बिना चतुराई से काम करें.दाम्पत्य जीवन को सुखी रखने के लिए आज अपना पैसा कही पर इन्वेस्ट करना पड सकता हैं ।

वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज आप के मित्र आप का कोई काम कर सकते हैं आप चिन्ता मुक्त होंगे नयी जिम्मेदारी भी मिल सकती हैं सेहत के लिए आज का दिन सामान्य रह सकता है. गुस्से का उफ़ान रोक पाना बहुत मुश्किल है लेकिन अपनी जुबान पर क़ाबू रखें. आज परिश्रम की अपेक्षा कम फल मिलेगा फिर भी कार्य के प्रति आप की निष्ठा में कमी नहीं आ पाएगी. नयी प्रॉपर्टी खरीदने की सम्भावना है. आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब आप जीवन में संयम रखने की जरूरत हैं ।

धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आज नये कारोबारी रिश्ते बनेंगे साझेदारी का काम भी लाभ देगा निवेश का हिसाब से माहौल अनुकूल हैं पूर्व के चले आ रहे प्रेम सम्बन्ध और परिपक्व हो सकते हैं. कुछ जातकों के जीवन में प्रेम आज दस्तक दे सकता है. किसी बात को लेकर पारिवारिक संबंधों में खटास आ सकती है. बच्चे आप को कोई खुशखबरी दे सकते हैं स्वास्थ्य बढीया रहेगा गरीब असहाय व्यक्ति को अन्नदान करें।

मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

अपनी दिनचर्या मे आप को फेरबदल करने की जरुरत है. आहार बहुत ही सोचसमझकर लेना होगा । आपकी सेहत में कुछ गड़बड़ हो सकती है. बिजनेस में कोई फैसला लेने में आपको परेशानी महसूस हो सकती है. कोई दोस्त आपकी मदद कर सकता है. परिवार में स्थिति ठीक रहेगी. पहले से चल रहा कोई विवाद दूर होगा. शिक्षक आप का पूरा सहयोग करेंगे बस छात्रों को अपने एग्जाम पर ध्यान देने की जरूरत है. कार्तिक स्वामी का मंत्र जप करें परिणाम अच्छे होंगे।

कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आज बेरोजगारी दूर होगी आर्थिक तंगी खत्म होगी. इनकम और खर्चा बराबर रहेगा. कार्यस्थल पर ओवरटाइम करना पड सकता हैं और अधिकारियों से सहयोग भी मिलेगा. कार्यक्षेत्र में आप पूरी ताकत से काम निपटा लेंगे. आर्थिक तंगी खत्म हो सकती है. अचानक धन लाभ हो सकता है. अच्छे लोगों की संगति से फायदा हो सकता है. संतान से कोई अच्छी खबर मिल सकती हैं. कोशिशें चालू रखें समस्याएं खुदबखुद सुलझ जांएगे ।

मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आज अपनी वाणी में संयम रखने की जरूरत हैं किसी को भी अपशब्द बोलने से बचें । पड़ोसी से कुछ वाद–विवाद हो सकते हैं,आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक मजबूत हो रहा है. अपनी कंपनी से सम्बंधित कोई अहम फैसला आप को सोच समझकर लेना चाहिए आज नुकसान की सम्भावनाए हैं करियर कार्यक्षेत्र और बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है. शिव स्तोत्र का स्तवन करें लाभ बनेगा।

आज का पंचांग

दिनांक : 10 अगस्त 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : भाद्रपद,कृष्ण पक्ष
तिथि : प्रतिपदा दोपहर 12:12 तक
नक्षत्र : धनिष्ठा दोपहर 01:53 तक
योग : शोभन रात्रि 12:02 तक
करण : कौलव दोपहर 12:12 तक
चन्द्रराशि : कुंभ
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 06:44 (हैदराबाद)
सूर्योदय : 06:06 , सूर्यास्त 06:43 (बैंगलोर)
सूर्योदय : 05:58 , सूर्यास्त 06:36 (तिरुपति)
सूर्योदय : 05:50 , सूर्यास्त 06:35 (विजयवाडा)

शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चातुर्मास व्रती को भाद्रपद में दही खाना वर्जित है , अशून्य शयन व्रत , पंचक चालू है।

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)

हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं

फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)

9246159232, 9866165126

chidamber011@gmail.com

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी का अवलोकन

जोधपुर, 09 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार सुबह को आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी, लालसागर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह अकादमी पश्चिमी राजस्थान में सैन्य अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने का अभिनव केंद्र बनेगी।

अकादमी को विद्या भारती ने आर.के.दमानी राष्ट्रीय पुनरुत्थान और शिक्षा केंद्र के सहयोग से तैयार कराया है। अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को सैन्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी तैयार करना है। अकादमी का लोकार्पण आगामी 25 अगस्त 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा एवं भामाशाह आर.के. दमानी द्वारा किया जाएगा।

शेखावत ने लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर बैठक की, जिसमें लालसागर परियोजना के सचिव व विद्या भारती प्रबन्ध समिति आदर्श विद्या मंदिर जोधपुर के अध्यक्ष निर्मल गहलोत, जोधपुर के पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष समाजसेवी देवेन्द्र सालेचा, परियोजना सचिव शम्भू सिंह उपस्थित रहे। शेखावत ने अकादमी स्टाफ से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्री ने लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर दिशा–निर्देश दिए। 16 अगस्त को बड़ी बैठककर संपूर्ण व्यवस्थाएं पूरी करने की के लिए कहा। समिति अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा केंद्रीय मंत्री शेखावत के सामने रखी।

परियोजना सचिव शंभू सिंह ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में अद्भुत केंद्र स्थापित किया जा रहा। इसअकादमी के माध्यम से विद्यार्थीयों को सैन्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना है , जिसका लोकार्पण करने के लिए 25 अगस्त को *भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्रीमान राजनाथ सिंह, जोधपुर सांसद केन्द्रीय संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीमान यतीन्द्र शर्मा एवं भामाशाह श्रीमान आर के दमानी जी द्वारा किया जाएगा। इसके मद्देनजर आज केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने भवन का अवलोकन किया है।

राहुल गांधी के आरोपों पर हलफनामा की मांग करना हास्यास्पद : अभिषेक मनु सिंघवी

जोधपुर, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

देश की सियासत में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर उबाल देखने को मिल रहा है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के तमाम नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप के दौर जारी हैं।कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि मैं बिहार एसआईआर मामले में सर्वोच्च न्यायालय में पेश हो रहा हूं। यह मामला मंगलवार को निर्धारित है। लोग इसमें शामिल मुद्दों से पहले से ही अवगत हैं। वहां प्रस्तुत तर्क कानूनी प्रकृति के होंगे और हम जो राजनीतिक अभियान चला रहे हैं, वह एक अलग मामला है। मैं एक महत्वपूर्ण बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि कोई कानून वैध है या अवैध, यह उसकी कानूनी वैधता से तय होता है, न कि इस बात से कि वह उस समय सही, तार्किक या आवश्यक लगता है या नहीं। इसका आकलन पूरी तरह से कानूनी प्रा–वधानों से होता है।लोकसभा में



विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों को लेकर सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी के सवालों पर देश की सबसे बड़ी संस्था चुनाव आयोग हलफनामा पेश करने की बात कर रही है, जो हास्यास्पद नजर आती है। मेरा मानना है कि संसदीय क्षेत्र की एक या दो असेंबली में अगर वोटों की चोरी होती है तो संसदीय सीट का पूरा परिणाम बदल जाता है।उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह एक गंभीर मुद्दा है। इसकी जांच होनी चाहिए। इस मामले में जांच की जगह राहुल गांधी पर हमला करना शुरू कर दिया गया। चुनाव आयोग भारत की संवैधानिक संस्था है और उसे राहुल गांधी की ओर से उठाए गए मुद्दों पर सही से जवाब देना चाहिए।

गहलोत की सुरक्षा में तैनात हैंड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उनका पुत्र गिरफ्तार

जयपुर , 09 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सुरक्षा में तैनात हैंड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उनके पुत्र भरत यादव को गिरफ्तार किया गया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस के विशेष अभियान दल (एसअ–ोजी) ने शुक्रवार देर रात को इन दोनों को जयपुर में इनके घर से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि राजकुमार यादव ने बेटे के लिए उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर खरीदा था। भरत यादव परीक्षा में पास भी हो गया था लेकिन फिजिकल में असफल रहा।

सरकारी अस्पताल में बदमाशों ने किया हमला

झुंझुनू, 09 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में झुंझुनू जिले के खेतड़ी में स्थित सरकारी अस्पताल में घुसकर बदमाशों ने लाठी– डंडों से हमला कर दिया।

अस्पताल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रात करीब 12 बजे सरकारी अस्पताल के वार्ड में लाठी–डंडों से युक्त करीब 20 बदमाशों ने हमला कर दिया। अस्पताल में तोड़फोड़ की गई। इमरजेंसी में इलाज करा रहे युवक पर एक साथ कई बदमाशों ने लाठियों से हमला बोला। इस दौरान अफरा–तफरी मच गयी। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ से भी मारपीट की गयी।

गुरुग्राम में कोरियाई महिला ने मॉल प्रबंधन पर लगाये उत्पीड़न के आरोप

गुरुग्राम, 09 अगस्त (एजेंसियां)।हरियाणा के गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स रोड स्थित ग्लोबल फोयर मॉल के प्रबंधन पर एक दक्षिण कोरियाई महिला ह्यांग ली ने उसके रेस्टोरेंट की बिलजी और पानी की आपूर्ति बाधित करने को लेकर उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है।

ली ने अपने रेस्टोरेंट मिसो के संचालन को लेकर मॉल प्रबंधन पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार देर रात जारी एक वीडियो में ली ने कहा कि किराया और रखरखाव शुल्क का भुगतान करने के बावजूद उनके रेस्टोरेंट की बिजली और पानी की आपूर्ति बार–बार काटी जा रही है।

वात्सल्य पूर्णिमा : धर्म, धर्मात्मा और जिन मंदिरों की रक्षा का संदेश, राखी रक्षा का प्रतीक : आचार्य वर्धमान सागर

टोंक, 09 अगस्त (एजेंसियां)। पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज इन दिनों टोंक में संघ सहित विराजमान हैं। उनके सानिध्य में श्री श्रेयांसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक अवसर पर निर्वाण लड्डू और श्री अकंपनाचार्य, विष्णु मुनिराज सहित 700 मुनिराजों का पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति, पूजा–अर्चना और विधान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।धर्मसभा में आचार्य श्री ने कहा कि हस्तिनापुर में 700 मुनिराजों पर उपसर्ग की कथा भले ही रक्षाबंधन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी न हो, लेकिन आज का दिन बंधन से मुक्ति का प्रतीक है। 11वें तीर्थंकर श्री श्रेयांसनाथ भगवान ने वात्सल्य पूर्णिमा के दिन संयम, पुरुषार्थ और केवलज्ञान के बाद निर्वाण प्राप्त किया।उन्होंने कहा–निर्वाण की प्राप्ति के लिए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र यानी रत्नत्रय मार्ग आवश्यक है। सम्यक दर्शन के आठ गुणों में वात्सल्य गुण सबसे महत्वपूर्ण है, जो प्राणी मात्र के प्रति प्रेम और करुणा का संदेश देता है।

आचार्य श्री ने उज्जैन की कथा सुनाई, जिसमें हस्तिनापुर में राजा बलि ने 700 मुनिराजों पर उपसर्ग किया था। उस समय महामुनि विष्णुकुमार ने अपनी विक्रिया रिद्धि से उपसर्ग दूर किया।

उन्होंने बताया–मुनियों में धर्म, धर्मात्मा और संस्कृति के प्रति गहरा वात्सल्य भाव रहता है। यह उपसर्ग रक्षाबंधन पूर्णिमा के दिन समाप्त हुआ, इसी कारण इसे वात्सल्य पूर्णिमा भी कहते हैं।

आचार्य श्री ने जैन धर्म का एक और प्रसंग साझा किया–प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज ने विजातीय प्रवेश के विरोध में 1105 दिनों तक अन्न–त्याग किया था। कोर्ट के फैसले से जैन समाज के पक्ष में निर्णय आने के बाद उन्होंने रक्षाबंधन पूर्णिमा के दिन ही आहार ग्रहण किया।उन्होंने कहा–राखी केवल भाई–बहन का त्योहार नहीं, बल्कि धर्म, धर्मात्मा, संस्कृति और जिनालय की रक्षा का संकल्प है।मीडिया प्रभारी पवन कंटान और विकास जागीरदार ने बताया कि विधान में पुण्यार्जक परिवारों द्वारा 700–700 नारियल श्रीफल के रूप में चढ़ाए गए।श्री आदिनाथ मंदिर नसिया में श्रेयांसनाथ भगवान का निर्वाण कांड बोलकर निर्वाण मोदक चढ़ाए गए।आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज की प्रथम पिच्छिका पर राखी बांधने का सौभाग्य धर्मचंद–शांतिदेवी अभिषेक कुमार नेहा जैन आड़रा परिवार को मिला। मुनि हितेंद्र सागर जी महाराज ने समाज को यह संकल्प दिलाया कि सभी श्रावक साधु–संतों की सेवा और आहार–विहार में सदैव तत्पर रहें।

आचार्य श्री के आहार–चर्या का सौभाग्य तारा अम्मा को मिला। इस अवसर पर टोंक–सवाई माधोपुर के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने भी आचार्य श्री से मंगल आशीर्वाद लिया। प्रतिदिन राजस्थान के विभिन्न नगरों से भक्त आचार्य श्री के दर्शन हेतु पधार रहे हैं।

भाई की कलाई पर सजा बहन का प्यार, सीएम सैनी ने भी बंधवाई राखी

चंडीगढ़, 09 अगस्त (एजेंसियां)। चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया। सीएम ने स्कूली की छोटी बच्चियों के साथ यह त्योहार मनाया और उनसे राखी बंधवाई। स्कूल की छात्राओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने बेटियों का आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इससे एक दिन पहले हरियाणा राजभवन में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी पहुंचे थे। उनके अलावा पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा महामहिम असीम घोष भी पहुंचे।

इन सभी का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वागत किया। सीएम सैनी के साथ उनकी पत्नी सुमन सैनी भी मौजूद रहीं।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पूर्व राष्ट्रपति, पंजाब और हरियाणा के राज्यपाल और सीएम सैनी ने राखी बंधवाई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पंजाब के गर्वनर गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हरियाणा के राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष ने राखी बांधी। वहीं हरियाणा के राज्यपाल असीम घोष को मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने रक्षा सूत्र बांधा।

जींद में बदमाशों का आतंक: निजी अस्पताल के संचालक से मांगी रंगदारी!

जींद (हरियाणा) , 09 अगस्त (एजेंसियां)।

जींद के एक निजी अस्पताल संचालक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने प्राइवेट अस्पताल के मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुराने बस अड्डे के पास जेडी–7 पर सरस्वती आई केयर के मैनेजर नरेश कुमार ने शहर थाना पुलिस एफआईआर में बताया कि छह अगस्त को वह सुबह 11 बजे के करीब अस्पताल में बैठे थे। उनके पास अनजान नंबर से कॉल आई, लेकिन अनजान नम्बर होने के कारण फोन नहीं उठाया।

इसके बाद व्हाट्सएप पर लगातार कॉल आई लेकिन उन्होंने नहीं उठाई। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर लिखित मैसेज आया, इसमें 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। बदमाश ने कहा था कि रात को आठ बजे से पहले 20 लाख रुपये का इंतजाम कर दे, नहीं तो उसे जान से मार दिया जाएगा। जिस नंबर पर मैसेज भेजा गया, वह अस्पताल का बिजनेस नंबर है और यह नंबर सार्वजनिक है, क्योंकि मरीजों को भी किसी तरह की जानकारी लेनी होती है तो इसी नंबर पर करते हैं। डीएसपी संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने अस्पताल के मैनेजर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सुरजाखेड़ा समेत पांच लोगों पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस

एचएसवीपी घोटाले में ईडी ने दायर की चार्जशीट

चंडीगढ़ , 09 अगस्त (एजेंसियां)।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) घोटाले में पूर्व विधायक राम निवास सुरजाखेड़ा, विभाग के पूर्व अधिकारी सुनील कुमार बंसल समेत पांच के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलेगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सुरजाखेड़ा समेत पांचों आरोपियों के खिलाफ पंचकूला की विशेष अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के तहत चार्जशीट दायर की।ईडी ने चार्जशीट में 225.51 करोड़ की सार्वजनिक धनराशि के गबन का खुलासा किया है। यह मामला एचएसवीपी, जिसे पहले हुडा के नाम से जाना जाता था, के बैंक खातों से सार्वजनिक धन के गबन से जुड़ा है। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक सुनील कुमार बंसल, राम निवास सुरजाखेड़ा दोनों पूर्व एचएसवीपी अधिकारी रहे हैं। सुरजाखेड़ा वर्ष 2019–2024 में हरियाणा के पूर्व विधायक रहे हैं।ईडी की जांच में पता चला कि 2015 से 2019 के बीच एचएसवीपी के चंडीगढ़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक खाते से लगभग 70 करोड़ का लेन–देन कुछ संदिग्ध लोगों के खाते में किया गया। इसका कोई वैध कारण नहीं था। एचएसवीपी की आंतरिक जांच में सामने आया कि यह बैंक खाता उनके कैश ब्रांच या आईटी विंग में दर्ज ही नहीं था।इससे स्पष्ट हो गया था कि यह धोखाधड़ी गुप्त रूप से सुनील कुमार बंसल और राम निवास की ओर से की गई थी। ईडी ने अपनी जांच में एचएसवीपी से जुड़े 10 और बैंक खातों का पता लगाया। इनमें भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई थी। जांच के बाद ईडी ने पाया कि करीब 225.51 करोड़ की राशि गबन की गई है, जिसे अपराध की आय घोषित किया गया है।

सीएम सैनी से मिले पंजाबी कलाकार, प्रदेश में शूटिंग के लिए आमंत्रित किया



चंडीगढ़, 09 अगस्त (एजेंसियां)।

पंजाबी फिल्म कलाकारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंजाबी कलाकारों को हरियाणा में शूटिंग करने के लिए आमंत्रित भी किया। पंजाबी कलाकारों से मुलाकात की तस्वीर और बातचीत का अनुभव मुख्यमंत्री सैनी ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया हैं। मुख्यमंत्री सैनी ने पंजाबी कलाकारों के साथ पंजाब व हरियाणा की संस्कृति और कला पर गहनता से चर्चा की। अपने एक्स हैंडल पर सीएम ने लिखा कि मुख्यमंत्री आवास पर पधारे पंजाबी फिल्म कलाकारों से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर पंजाबी और हरियाणवी संस्कृति की फिल्मों को प्रदेश में और प्रोत्साहन मिले। इसको लेकर उपस्थित कलाकारों से सार्थक संवाद हुआ।सीएम ने आगे लिखा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में पंजाबी और हरियाणवी कलाकारों का आपसी सौहार्द, प्रेम और हमारी स्वर्णिम संस्कृति फिल्म के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी और सामाजिक सद्भाव का संदेश देगी।

बिहार पुलिस में डिजिटल क्रांति
टैब और लैपटॉप से लैस होंगे थाने

पटना (एजेंसियां)। जल्द ही आपको बिहार पुलिस का बदला हुआ रूप दिखाई देगा। पुलिस थानों में न तो आपको फाइल का अंबार नजर नहीं आएगा और न की बही खाता तैयार करते पुलिसकर्मी नजर आएंगे। जी हां, बिहार पुलिस जल्द ही डिजिटल रूप में नजर आने वाली है। जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में बिहार पुलिस का सारा काम मोबाइल, लैपटॉप और ऐप के जरिए होता नजर आने वाला है। एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने बताया कि दुनिया डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रही है। ऐसे में बिहार पुलिस भी खुद को अपग्रेड कर रही है।

सुधांशु कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों पुलिस के रजिस्टर, मैनुअल, फाइलों का आदान-प्रदान कागजी तौर पर नहीं होगा। ये सभी फाइल डिजिलट तैयार की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पुलिस के इस अपग्रेडेशन से केस के दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी सुरक्षित रखना आसान होगा साथ ही डिजिटल साक्ष्य के आधार पर केस का निपटारा भी आसान हो जाएगा। इन डिजिटल साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश खत्म हो जाएगी और कामकाज ज्यादा तेज़ और प्रभावी होगा।

एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि बिहार पुलिस की डिजिटलाइजेशन अपग्रेडेशन का काम शुरू भी हो गया है। जल्द ही अन्य सरकारी विभागों की तर्ज पर पुलिस महकमे का हर काम मोबाइल ऐप के जरिए और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर होगा। इसके लिए ऐप तैयार भी तैयार किए जा रहे हैं। सर्वर की व्यवस्था की जा रही है। एडीजी आधुनिकीकरण ने बताया कि बिहार पुलिस के आधुनिकिकरण और अपग्रेडेशन के लिए आईजी (आधुनिकीकरण) पी. कनन की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी बनाई गई थी। जो हाल ही में तेलंगाना और कर्नाटक के पुलिस सिस्टम का अध्ययन करके लौटी है। अब पुलिस के अपग्रेडेशन का काम तेजी से शुरू हो गया है।

पुलिस विभाग की मानें वो दिन दूर नहीं जब बिहार पुलिस हाथ में लैपटॉप और आईपैड लिए नजर आएगी। डॉक्यूमेंटेशन के लिए सॉफ्ट कॉपी काफी होगी और पुलिस के कंधे पर वायरलेस के साथ कैमरा और वाईफाई से लैस होगी! एफआइआर ऑन लाइन लिखी जाएगी और सत्यापन के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग भी साथ साथ हो रही होगी। ये सब एक सर्वर में सेव हो रहे होंगे। थाने ऑन लाइन होंगे और जहां पुलिस खड़ी होगी वहीं पूरा पुलिस मुख्यालय मौजूद होगा। बताते चलें कि तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में पुलिस का पूरा काम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होता है। उसी मॉडल को बिहार में लागू करने की तैयारी है। महत्पूर्ण बात ये है बिहार इसे अपनी जरूरतों के साथ अपग्रेड भी करेगा।

वो दिन दूर नहीं जब नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस से अकड़ नहीं दिखा पाएंगे। सभी चीज डिजिटल और कैमरे की निगाह में होगा। तो हो जाइए खबरदार! सड़कों पर नियमों और कानूनों का उल्लंघन तो दूर आने वाले दिनों सड़क पर मियम के विरुद्ध लेन क्रॉस करना भी भारी पड़ सकता है।

हत्या के मामले में छह साल बाद आरोपी को उम्रकैद की सजा

मधेपुरा (एजेंसियां)। बिहार के मधेपुरा जिला न्यायालय में छह साल पहले आपसी रंजिश में हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। एडीजे-9 रघुबीर प्रसाद की अदालत ने शंकरपुर थाना क्षेत्र के बथान परसा वार्ड 5 निवासी नथुनी साह को सश्रम आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता जयनारायण पंडित ने बताया कि यह मामला 23 दिसंबर 2019 का है। शंकरपुर थाना क्षेत्र के बथान परसा वार्ड 4 निवासी रंजू देवी ने अपने पुत्र मिथिलेश कुमार की हत्या के आरोप में नथुनी साह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज एफआईआर के अनुसार, घटना वाले दिन शाम करीब सात बजे मिथिलेश ने अपनी मां को बताया कि नथुनी साह ने मोबाइल पर फोन कर बुलाया है। वह अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।

परिजनों ने रात में संपर्क करने की कोशिश की, पर उसका मोबाइल बंद मिला। अगले दिन सुबह 9.30 बजे ग्रामीणों ने सूचना दी कि मिथिलेश की मोटरसाइकिल मल्हनवा सड़क के किनारे खड़ी है, लेकिन वह वहां मौजूद नहीं है। संदेह होने पर परिजन और ग्रामीण तलाश में जुट गए। दोपहर करीब तीन बजे भलुआहा बाजार में अनंत लाल यादव के मकई खेत में उसका शव मिला। सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया था, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर शंकरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। रंजू देवी का आरोप था कि नथुनी साह ने अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके बेटे की हत्या की। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने 8 गवाहों का परीक्षण करवाया। अदालत ने सभी गवाहों के बयान, सबूत और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद नथुनी साह को दोषी करार दिया। फैसले में उन्हें सश्रम आजीवन कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी गई है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि अर्थदंड की राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में दी जाए।

बाहुबली अनंत सिंह पर गोलीबारी करने का आरोपी गिरफ्तार

पटना (एजेंसियां)। बिहार पुलिस को बेगूसराय में एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसटीएफ की टीम ने कई महीनों से फरार बिहार के बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह पर फायरिंग करने के मामले का मुख्य आरोपी मोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई एसटीएफ और पटना पुलिस ने बेगूसराय जिले के बरौनी जंक्शन पर की है।

मोनू सिंह पर जनवरी 2025 में पटना जिले के पचमहला थाना क्षेत्र में फायरिंग करने का आरोप लगा था। इसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ पटना और पटना पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी थी। शुक्रवार की रात पटना पुलिस को और एसटीएफ को सूचना मिली कि कामाख्या बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन से मोनू सिंह बरौनी जंक्शन पर आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ और पटना पुलिस ने बरौनी जंक्शन पर घेराबंदी कर दी। जैसे ही बरौनी कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन बरौनी स्टेशन पहुंची तो मोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। मोनू सिंह पर हत्या रंगदारी के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं।

बाढ़ एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से मोनू सिंह की तलाश की थी और सूचना मिली थी कि वह बरौनी जंक्शन पर बरौनी कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से आ रहा है। इसी सूचना पर उसकी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस द्वारा फिलहाल गिरफ्तार मोनू सिंह से पूछताछ की जा रही है। बताते चलें कि अनंत सिंह भी दो दिन पहले ही इस मामले में पटना बेउर जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। कुख्यात मोनू सिंह का भाई सोनू सिंह भी जमानत पर बाहर आया हुआ है।

सीएम के काफिले ने फर्जी एंटी करप्शन पदाधिकारी को दबोचा

पूछताछ करने पर चौंक गई पुलिस

वैशाली (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले ने एक फर्जी एंटी करप्शन पदाधिकारी को गिरफ्तार किया है। घटना वैशाली जिले के एनएच 22 पर स्थित पटेढ़ा सराय टोल टैक्स के पास की है। इस मामले में कार्यक्रम पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर सिन्हा ने वैशाली जिले के सराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पूछताछ के दौरान जब स्कॉर्पियो सवार से पूछताछ शुरू हुई, तो उसके जवाब को सुनकर पुलिस भी दंग रह गई। फिर जल्द ही सारा मामला सामने आ गया।

सराय थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौरा धाम, सीतामढ़ी से वापस पटना लौट रहे थे। वीवीआईपी ड्यूटी में पटेढ़ा सराय टोल टैक्स पर कार्यक्रम पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर सिन्हा थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो टोल प्लाजा के वीआईपी लेन में टोल टैक्स नहीं देने को लेकर टोल टेक्स कर्मी से बहस कर रहा था। इसी दौरान तब तक सीएम का काफिला पीछे से पहुँच गया। आननफानन में सुरक्षाकर्मियों ने स्कॉर्पियो सवार को पकड़ लिया और उसकी छानबीन की जाने लगी। छानबीन के दौरान उसके सारे कागजात जाली पाए गये, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर सराय थाना भेज दिया गया।

स्कॉर्पियो के शीशे पर पुलिस का लोगो लगा था और 'एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' भी लिखा हुआ था। गाड़ी के आगे 'एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर (पटना) बिहार, अंडर आईटीए एंड नीति आयोग (भारत सरकार)' लिखा हुआ बोर्ड लगा था, और पीछे 'भारत सरकार' लिखा था।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि जब स्कॉर्पियो पर सवार व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने अपना परिचय पटना जिले के खगौल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी खगौल निवासी किशोर प्रसाद के पुत्र दीपक प्रसाद के रूप में अपनी पहचान बताई। उसने यह भी कहा कि वह एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का सदस्य है, लेकिन इसके अलावा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि दीपक प्रसाद द्वारा पुलिस के लोगो का फर्जी तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा था। इसके बाद, दीपक प्रसाद और स्कॉर्पियो को आगे की कार्रवाई के लिए सराय थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष मणिभूषण ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जाँच-पड़ताल की जा रही है।

बिहार चुनाव से पहले एनडीए का सीक्रेट प्लान लीक!

अमित शाह के इशारे को समझ गया तेजस्वी गुट

पटना (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एक तरफ विकास की पटरी पर एनडीए की गाड़ी भले दौड़ाई जा रही हो, लेकिन इस दौड़ में बीजेपी पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर भरोसा कुछ ज्यादा ही करने लगी है। पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भी सीमांचल को लेकर बड़ा बयान देकर खलबली मचा दी है। इस बयान के बाद ये साफ हो गया कि पाकिस्तान और आतंकवाद के मुद्दे पर बीजेपी बिहार फतह की तैयारी पूरी तरह कर ली है।

पुनौरा धाम की सभा को संबोधित करते गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कहा भारत में जन्मा नहीं है, उसको भारत में वोट देने का अधिकार हमारा संविधान नहीं देता है। इसलिए मतदाता सूची से घुसपैठियों को निकाला जा रहा है। लेकिन ये घुसपैठिए ही विपक्ष में वोट बैंक हैं। गृहमंत्री ने आतंकवाद का मुद्दा उठाते कहा कि कांग्रेस के समय देशभर में बम धमाके होते थे और आतंकी पाकिस्तान भाग जाते थे, कोई पूछने वाला नहीं था। उरी में हमला हुआ तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा में हुआ तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।

अमित शाह ने आगे कहा कि लेकिन लालू एंड कंपनी और कांग्रेस पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे थे। मैं मिथिलांचल के लोगों से पूछना चाहता हूं, मोदी जी को आतंकवादियों को जवाब देना चाहिए या नहीं?' उधर, मुजफ्फरपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने संवाददाताओं को संबोधित करते कहा कि निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम स्वागत योग्य है। सीमांचल में जिस तरह से घुसपैठिये मतदाता सूची में शामिल हो गए हैं, उसे सही करना जरूरी है। बिहार को बंगाल नहीं बनने देंगे। बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठिये और रोहिंग्या के कारण स्थिति गंभीर है। सीमांचल में भी यही कोशिश की जा रही है। पर भाजपा बिहार के पूर्णिया, अररिया, किशनगंज और कटिहार) को पाकिस्तान नहीं बनने देगी।

इसके पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को बिहार की कई जनसभाओं में मुद्दा बना कई बिहार की जनमानस को जगाने की कोशिश की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को '100% सफल' सैन्य कार्रवाई के रूप में प्रचारित किया। इसके साथ ही 30 मई, 2025 को बिक्रमगंज की रैली में मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत की बेटियों के सिंदूर की ताकत देखी। उन्होंने बिहार की महिला मतदाताओं को भी राष्ट्रवाद नीति के साथ जोड़ा। यहां तक कि संसद में पीएम मोदी इसे 'राम की नीति' से जोड़कर मतदाताओं के बड़े वर्ग सवर्ण, ओबीसी और ग्रामीण मतदाताओं को भी जोड़ गए। मालेगांव बम विस्फोट के मामले में आया फैसला भी ऑपरेशन सिंदूर के बरक्स खड़ा हो कर एक सपोर्टिंग मुद्दा बन जाएगा। यह मुद्दा विपक्ष पर इसलिए भारी पड़ने वाला है कि मालेगांव बम विस्फोट को विपक्ष ने हिंदू आतंकवाद से जोड़ कर बीजेपी की काफी आलोचना की थी। कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है। सत्ता की लड़ाई में बीजेपी अब बिहार में खुल कर भगवा आतंकवाद शब्द गढ़ने वालों के विरुद्ध शंखनाद कर हिंदू आबादी को अपनी पकड़ में लेने की कोशिश करेगी। जनता के सामने तमाम विपक्ष से हिंदू आतंकवाद का परिभाषा पूछेगी।

धराली त्रासदी में लापता हुए पिता-पुत्रों का पुतला बनाकर अंतिम संस्कार

बेतिया (एजेंसियां)। रक्षाबंधन के दिन जहां सुबह-सुबह घरों में पूजा की थाल सजती है, बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, रसोई से मिठाइयों की खुशबू फैलती है लेकिन इस बार पुरुषोत्तमपुर में न मिठास थी, न हंसी, बस आंसू और सन्नाटे की आवाज।

उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद लापता हुए 55 वर्षीय देवराज शर्मा और उनके बेटे अनिल कुमार (20) व सुशील शर्मा (18) की कोई खबर पांच दिन तक नहीं मिली। इंतजार लंबा होता गया, उम्मीद की डोर पतली पड़ती गई और आखिरकार परिवार ने टूटे दिल से मान लिया कि वे अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। शनिवार को गांव के लोगों ने पुतला बनाकर उनका अंतिम संस्कार किया। देवराज की पत्नी, लक्ष्मीना देवी का दुख शब्दों में बयान करना मुश्किल है। रक्षाबंधन के दिन जब हर बहन अपने भाई को राखी बांध रही थी, लक्ष्मीना देवी अपने पति और बेटों की तस्वीरें सीने से लगाए बार-बार बेहोश हो रही थीं। पास में डॉक्टर इलाज के लिए बैठे थे लेकिन उनकी आंखों का दर्द किसी दवा से कम नहीं हो सकता था। परिवार के सदस्य सुनील शर्मा ने धराली जाकर वहां की स्थिति देखी तो उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने बताया कि हमारे पिता और दोनों भाई उत्तराखंड में 11 लोगों के साथ एक घर में रह रहे थे। उस दिन मेरे मामा श्याम शर्मा और मेरे ममेरा भाई आनंद कुमार बाहर काम से गए थे, बाकी नौ लोग घर के अंदर थे। अचानक पहाड़ से काले बादल उतरे और फिर मूसलधार पानी व मलबा आया, जिसने पूरी बस्ती बहा दी।

चोरी और लूट के पांच आरोपी पुलिस हिरासत में, बड़ी मात्रा में हथियार और गांजा बरामद

सिवान (एजेंसियां)। आंदर थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर लूट और चोरी के मामलों में वांछित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार, मोबाइल, मोटर साइकिल और गांजा बरामद किया। मैरवा एसडीपीओ गौरी कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अब्दुल हमीद डिग्री कॉलेज के पास से इन अपराधियों को पकड़ा गया, जब ये किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में रोहित कुमार साह, अशफाक अली, मोहम्मद

तौकीर, मुकेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह और शाह आलम शामिल हैं। इनके खिलाफ आंदर थाना में कांड संख्या 225/25, दिनांक 26/07/25, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने इनके पास से दो देसी कट्टे, आठ जिंदा कारतूस, तीन चाकू, छह मोबाइल, दो मोटर साइकिल और 996 ग्राम गांजा बरामद किया है।

एसडीपीओ ने बताया कि ये आरोपी लंबे समय से लूट और चोरी की वारदातों में शामिल रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें दबोचा। बरामद लूटी गई मोटर साइकिल और मोबाइल को संबंधित मामलों से जोड़ा गया है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि उनके अन्य आपराधिक नेटवर्क का पता लगाया जा सके। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सफलता की सराहना की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com